सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:07

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 20.0अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,015 |
| निफ्टी | 23,815 |

सोना 1,50,277 चांदी 2,55,300

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 12 मई 2026 | 29 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 133, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ट्रंप कल से चीन दौरे पर, शी जिनपिंग से होगी अहम मुलाकात

**एजेंसी, बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर यह यात्रा होगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को इसकी घोषणा की। करीब नौ वर्षों में किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की यह पहली चीन यात्रा होगी। बता दें कि यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध लंबे समय से जारी है, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी के कारण वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा रहा है और ताइवान सहित कई मुद्दों पर अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस का आरोप सरकार ने राहुल की इंस्टाग्राम रील की ब्लॉक

**नई दिल्ली/चेन्नई।** कांग्रेस ने दावा किया कि इंस्टाग्राम ने राहुल गांधी की उस रील और फोटो पोस्ट को ब्लॉक कर दिया है, जिसमें वे तमिलनाडु के सीएम विजय के साथ नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने इसका कारण इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के नियमों को बताया। हालांकि सरकारी सूत्रों ने इस आरोप से इनकार किया है। सूचना मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह प्लेटफॉर्म के आंतरिक सिस्टम की एक गलती के कारण हुआ, जिसने गलती से इस पोस्ट को ब्लॉक करने के लिए फ्लैग कर दिया था। हालांकि पोस्ट रीस्टोर कर दी गई है। गांधी रविवार को चेन्नई में थे, जहां उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर विजय के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर इस अभिनेता-राजनेता के साथ अपनी कई तस्वीरें भी शेयर की थीं। (अनंत ज्ञान)

### जेल में बंद झारखंड के पूर्व मंत्री को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**रांची।** टेंडर आवंटन के बाद कमीशन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी रहे संजीव लाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत में दोनों की याचिका को स्वीकार करते हुए जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। आलमगीर आलम की ओर से कहा गया कि उनकी उम्र ज्यादा है और लगातार करीब दो साल से वह जेल में ही बंद है। ऐसे में उन्हें जमानत की सुविधा मिलनी चाहिए। ईडी की ओर से कहा गया कि इस मामले में चार गवाहों की गवाही अभी पूरी नहीं हो पाई है, जिसे कोर्ट ने जल्द से जल्द गवाही दर्ज करने का निर्देश दिया था। ऐसे में फिलहाल उन्हें जमानत की सुविधा नहीं प्रदान की जाए, लेकिन अदालत में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और संजीव लाल को जमानत दे दी है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिमला में बनेगा विश्वस्तरीय व्यापारिक केंद्रः सीएम -पेज 2
- बीमा कंपनी उपभोक्ता को करेगी 15,13,800 रुपए का भुगतान -पेज 4
- दोन्धी वार्ड में मतदाता सूची से 370 नाम गायब, लोगों में रोष -पेज 10


# सरकारी नौकरी के लिए चिट्टा टेस्ट जरूरी

## सीएम सुक्खू बोले- प्रोफेशनल कोर्सेज में दाखिला लेने वाले छात्रों का भी हर साल होगा चिट्टा टेस्ट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चिट्टे के नशे के बढ़ते खतरे के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नशे के खिलाफ अब तक का सबसे सख्त और व्यापक अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश के सरकारी शिक्षण संस्थानों में प्रोफेशनल कोर्सेज में दाखिला लेने वाले छात्रों का हर साल चिट्टा टेस्ट किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर और इंजीनियरिंग से जुड़े सरकारी संस्थानों में अगले महीने से यह व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि यदि कोई छात्र चिट्टा टेस्ट में पॉजिटिव पाया जाता है तो उसे कोर्स से बाहर नहीं किया जाएगा, उसका पुनर्वास कराया जाएगा ताकि वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नशे को सिर्फ कानून-व्यवस्था का मामला नहीं, सामाजिक और पीढ़ियों से जुड़ा गंभीर संकट मान रही है। इसी वजह से सरकार ने नशे के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ इलाज और जागरूकता पर भी एक साथ काम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस भर्ती में पहले ही चिट्टा टेस्ट अनिवार्य किया जा चुका है और अब इसे अन्य सरकारी भर्तियों में भी लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि चिट्टे के कारोबार से कमाई गई संपत्तियों को ध्वस्त किया जाएगा और नशे के नेटवर्क से जुड़े लोगों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि नशे से जुड़े 123 सरकारी कर्मचारियों की पहचान की गई थी, जिनमें से 31 को नौकरी से बर्खास्त किया जा चुका है। इनमें 21 पुलिस कर्मचारी भी शामिल हैं। बाकी मामलों में भी कार्रवाई प्रक्रिया जारी है और इन्हें भी बर्खास्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान को और तेज किया गया है। सरकार ने 234 पंचायतों को नशे की स्थिति के आधार पर रेड, येलो और ग्रीन जोन में बांटा है। इन क्षेत्रों पर पुलिस और प्रशासन लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 12 हजार ऐसे लोगों की पहचान की गई है जो किसी न किसी रूप में नशे से जुड़े पाए गए हैं।

मुख्यमंत्री के अनुसार एनडीपीएस एक्ट के तहत अब तक 6811 मामले दर्ज किए गए हैं और 10,357 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 45 किलो हेरोइन बरामद की है, जबकि 174 बड़े चिट्टा तस्करों को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट को भी प्रभावी तरीके से लागू किया है ताकि बड़े तस्करों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।



- नशे में संलिप्त 123 सरकारी कर्मचारी, 31 किए बर्खास्त
- 234 पंचायतें रेड, येलो और ग्रीन जोन में बांटी

### चिट्टा मुक्त अभियान का दूसरा चरण एक जून से

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि एक जून से 20 अगस्त तक 'चिट्टा मुक्त अभियान' का दूसरा चरण चलाया जाएगा। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों में बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलेंगे। सभी जिलों के उपायुक्त 10 शिक्षण संस्थानों और 10 पंचायतों का दौरा करेंगे। इसके अलावा पूरे प्रदेश में वॉकथॉन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मुख्यमंत्री स्वयं भी भाग लेंगे। नशा पीड़ितों के इलाज को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि मशोबरा में लड़कियों के लिए विशेष डी-एडिक्शन सेंटर खोला जाएगा, जबकि दूसरा केंद्र टांडा मेडिकल कॉलेज में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने फार्मा कंपनियों और दवा विक्रेताओं को भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई फार्मा कंपनी या फार्मासिस्ट चिट्टा या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री में शामिल पाया गया तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

### शुभेंदु पीए हत्या के 3 आरोपियों को 13 दिनों की सीआईडी हिरासत

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में पुलिस ने बिहार व यूपी से तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपितों को सोमवार को उत्तर 24 परगना जिला स्थित बारासात एसीजेएम अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने इन्हें 13 दिनों की सीआईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सीआईडी आरोपितों से पूछताछ कर हत्या की साजिश, फंडिंग, हथियार सप्लाई और संभावित मास्टरमाइंड के बारे में जानकारी जुटाएगी। आरोपियों में एक को बिहार के बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पकड़ा गया, जबकि दो को यूपी से गिरफ्तार किया गया। बंगाल, बिहार व यूपी पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुटी हुई हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने टोल प्लाजा पर ऑनलाइन पेमेंट किया था। इसी लेनदेन के आधार पर पुलिस को आरोपितों तक पहुंचने में सफलता मिली।

## हिमाचल में आधी रात को तूफान का तांडव: कुल्लू और हमीरपुर में उड़ीं छतें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में रविवार को आधी रात के बाद कई जिलों में तेज तूफानी हवाओं ने घरों, गोशालाओं और स्कूल भवनों की छतें उखाड़ दीं, जबकि जगह-जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कुल्लू, हमीरपुर, शिमला और मंडी समेत कई जिलों में सड़कें बंद हो गईं और बिजली आपूर्ति घंटों ठप रही।

मौसम विभाग ने अब 12 और 13 मई के लिए चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर समेत कई जिलों में भारी ओलावृष्टि, तेज अंधड़ और बिजली गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिससे बागवानों और किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

सबसे ज्यादा असर कुल्लू और ऊपरी शिमला के बागवानी क्षेत्रों में देखने को मिला। जुब्बल-कोटखाई, चौपाल, रोहड़ू और ठियोग में तेज ओलावृष्टि से सेब के छोटे फल पेड़ों से टूटकर गिर गए, जबकि नई पत्तियों और टहनियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। रघुपुर घाटी में कई स्थानों पर पेड़ गिरने से सेब बगीचों में लगी एंटी हेल नेट फट गईं और दर्जनों पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए। कुल्लू जिले में कई घरों और गोशालाओं की छतें उड़ गईं।

सुल्तानपुर क्षेत्र में पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। जिला प्रशासन नुकसान का आकलन करने में जुट गया है। उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने संबंधित विभागों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हमीरपुर जिले में भी अंधड़ ने भारी कहर बरपाया। नौहली पुल के पास सुजानपुर-हमीरपुर मार्ग पर विशाल पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। भकरेड़ी और बड़सर क्षेत्रों में कई बिजली के खंभे टूट गए, जिससे अनेक गांव अंधेरे में डूब गए। ग्राम पंचायत पलपल में विक्रम सिंह के मकान पर पेड़ गिरने से भवन में दरारें आ गईं। बिजली विभाग की टीमें सोमवार सुबह से ही आपूर्ति बहाल करने में जुटी रहीं। वहीं रामपुर क्षेत्र में टिप्पर पर पेड़ गिरने की घटना भी सामने आई, हालांकि बड़ा हादसा टल गया।

### आसमानी बिजली गिरने से व्यक्ति की मौत

**वहीं,** कुल्लू जिला के नग्गर के समीपवर्ती गांव में रात को भारी आंधी- तूफान के बीच आसमान से बिजली गिरी जिसकी चपेट में तीन लोग आ गए। आसमानी कहर के कारण बालकिशन निवासी नेपाल की मौत हो गई जबकि असत सिंह तथा रवि शाही निवासी नेपाल झुलस कर घायल हो गए हैं। उधर, ग्राम पंचायत शिल्हनाला में बिजली गिरने से 40 पशुओं के चपेट में आने से मौत हो गई है।

## खाई में गिरी इनोवा, गुजरात के पर्यटकों समेत 6 की मौत

### चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर तुनुहट्टी के ककीरा घार के पास पेश आया हादसा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना तुनुहट्टी क्षेत्र के ककीरा घार के पास सोमवार को सुबह तीन बजे हुई, जब धर्मशाला से डलहौजी की ओर जा रही एक टैक्सी इनोवा अनियंत्रित होकर लगभग 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन में कुल दस लोग सवार थे, जिनमें अधिकांश पर्यटक गुजरात के बताए जा रहे हैं। उस समय क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी, जिससे सड़क बेहद फिसलन भरी हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि खराब मौसम और सड़क पर फिसलन इस दर्दनाक हादसे की प्रमुख वजह रहे। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद पुलिस, राहत एवं बचाव दल और स्थानीय प्रशासन की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। अंधेरे और लगातार बारिश के बीच राहत कार्य शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद घायलों और मृतकों को खाई से बाहर निकाला गया।

घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन एचपी01एम-2961 नंबर की टैक्सी इनोवा थी। मृतकों की पहचान ललितभाई पतनानी निवासी गुजरात, ममताबेन ललितभाई, काजल पत्नी प्रियंक कन्हैयालाल भोपानी, दियांश पुत्र प्रियंक कन्हैयालाला भोपानी, प्रियंक कन्हैयालाला भोपानी और जसवंत कुमार गांव कोहरा, डाकघर संथल, तहसील जोगिंद्रनगर, जिला मंडी, हिमाचल के तौर पर हुई है। वहीं घायलों में मयंक ललितभाई पतनानी, फोरमबेन मयंक पतनानी, जियान्श और प्रियांशी भोपानी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच जारी है। प्रशासन ने मृतकों और घायलों के परिजनों को सूचना देना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में मौसम, भारी बारिश और फिसलन को मुख्य कारण माना जा रहा है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। वहीं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल न कहा कि इस दुर्घटना की एसडीएम चुवाड़ी की अगुवाई में मेजेस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं।



अनियंत्रित होकर खाई में गिरा वाहन दुर्घटनाग्रस्त। अनंत ज्ञान

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**राज्यपाल** कविंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री ने लाहड़ू-तुणुहट्टी मार्ग पर ककीरा के पास हुई दुर्घटना में छः लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने और घायलों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

## काठमांडू एयरपोर्ट पर हादसा टला, तुर्की एयरलाइंस विमान के टायर में लगी आग



- फायर टीम ने समय रहते बुझाई आग, 289 यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित

**एजेंसी, काठमांडू**

काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान तुर्की एयरलाइंस के एक विमान के टायर में आग लग गई। पुलिस ने पुष्टि की है कि आग बुझा दी गई है और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

एयरपोर्ट सुरक्षा के एसपी राजकुमार सिलावल ने बताया, 'तुर्की एयरलाइंस की फ्लाइट टीके 726 इस्तांबुल से काठमांडू आ रही थी और लैंडिंग के समय उसके टायर में आग लग गई। फायर इंजन की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, फ्लाइट में कुल 278 यात्री और 11 क्रू सदस्य सवार थे। यात्रियों में संयुक्त राष्ट्र के कुछ अधिकारी भी शामिल थे।

### सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

**सोशल** मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में विमान के दाहिने लैंडिंग गियर में आग लगी हुई दिखाई दे रही है और धुआं निकल रहा है। विमान में सवार यात्रियों को आपातकालीन दरवाजों से बाहर निकाला गया। इस घटना को लेकर हवाई अड्डे या एयरलाइन कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान या घोषणा नहीं की गई है। साथ ही, इस घटना के पीछे की वजह का पता अभी तक नहीं चल पाया है।

## हंता वायरस के संपर्क में आए 17 अमेरिकी यात्रियों को नेब्रास्का मेडिकल सेंटर रखा

एजेंसी, वॉशिंगटन। हंता वायरस के संपर्क में आए 17 अमेरिकी यात्रियों को अमेरिका के नेब्रास्का मेडिकल सेंटर लाया गया है। यहां उन्हें 42 दिनों तक निगरानी और क्वारंटीन में रखा जाएगा। अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इन सभी यात्रियों को अमेरिकी सरकार के स्पेशल विमान से वापस लाया गया। ये सभी यात्री 'एमवी होंडियस' नाम की उस क्रूज शिप से लौटे हैं, जहां वायरस के मामले सामने आए थे। यह जहाज स्पेन के कैनरी आइलैंड्स में रुका था। इसके बाद एक यात्री में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि दूसरे में हल्के लक्षण पाए गए हैं। एहतियात के तौर पर दोनों को स्पेशल सिक्योरिटी सिस्टम में लाया गया। डॉक्टर अब बाकी यात्रियों की जांच करेंगे कि उनमें संक्रमण है या नहीं। अगर कोई बीमार पाया जाता है तो उसका इलाज किया जाएगा। जो लोग स्वस्थ होंगे, उन्हें घर भेजा जा सकता है, लेकिन उनकी निगरानी जारी रहेगी। हंता वायरस से इंसानों की किडनी फेल होने का खतरा होता है। कई मामलों में मरीज को तेज बुखार, शरीर दर्द, सांस लेने में दिक्कत और कमजोरी होने लगती है। (अनंत ज्ञान)

- सभी को 42 दिन क्वारंटीन में भेजा

## ट्रंप ने ईरान का जंग रोकने का प्रस्ताव ठुकराया, बोले-मुझे पसंद नहीं आया

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया सकता।' इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था।



ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी। अमेरिका ने इस हफ्ते ईरान को 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत ईरान को कम से कम 12 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना होगा और अपने पास मौजूद करीब 440 किलो 60% एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका को सौंपना होगा। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंधों में ढील देगा, ईरान की फ्रीज की गईं अरबों डॉलर की संपत्तियां छोड़ेगा, साथ ही ईरानी बंदरगाहों पर लगी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर पूरी तरह समझौता करने को तैयार नहीं है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि उनका जवाब सकारात्मक और व्यावहारिक है और अब फैसला अमेरिका को करना है। दोनों देशों ने 8 अप्रैल से लागू सीजफायर खत्म होने की घोषणा नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

## टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली/कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट में टीएमसी ने दावा किया कि बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर भाजपा और टीएमसी में हार जीत का अंतर एसआईआर में काटे गए वोटों से कम है। सोमवार को टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने यह बात जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच से कही। बेंच बंगाल में एसआईआर प्रैक्टिस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा- पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य नेता बंगाल में हुए स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के खिलाफ नई याचिका दाखिल कर सकते हैं। इससे पहले कल्याण बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि एक मामले में उनके कैंडिडेट की हार 862 वोटों से हुई, जबकि उस सीट पर 5000 से ज्यादा वोटर नाम लिस्ट से हटाए गए थे। टीएमसी और भाजपा के बीच कुल वोटों का अंतर करीब 32 लाख था और वोट डिलीशन के खिलाफ 35 अपीलें अभी भी पेंडिंग हैं। वहीं, चुनाव आयोग ने इन दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सही उपाय ईसी में याचिका दाखिल करना है।आयोग का कहना है कि एसआईआर और उससे जुड़े विवादों में इसी प्रक्रिया के तहत जवाबदेही तय की जा सकती है। टीएमसी की ओर से ही पेश हुईं सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने कोर्ट को बताया कि मौजूदा रफ्तार से अपीलीय ट्रिब्यूनल्स को इन अपीलों को निपटाने में करीब 4 साल लग सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## देश में पेट्रोल-डीजल के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध और एलपीजी की सप्लाई जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घरेलू खाना पकाने की जरूरतों के लिए एलपीजी की सप्लाई की जा रही है। वहीं, पिछले तीन दिनों में ही 1.26 करोड़ बुकिंग के मुकाबले 1.14 करोड़ घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) डिलीवर किए गए हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां अंतर-मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। देश में किसी भी रिटेल आउटलेट पर स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप भी सुचारू रूप से काम कर रही हैं और कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में 17,000 टन से ज्यादा कमर्शियल एलपीजी बेची गई है। 762 टन से ज्यादा ऑटो एलपीजी भी बेची गई है। इसके अलावा इसी दौरान 1,40,000 से ज्यादा 5 किलो के सिलेंडर बेचे गए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा लगभग 93 कैंप लगाए गए, जिनमें 2,100 से ज्यादा सिलेंडर बेचे गए हैं। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर. महाजन ने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर कहा कि विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। हमारे प्रयास इस क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी साझा करने व अपने प्रयासों में तालमेल बिठाने के लिए हम राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ संपर्क में हैं। मंत्रालय में एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो भारतीय नागरिकों व उनके परिवारों के सवालों का जवाब देने के लिए पूरी तरह से काम कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## राइटर मधु किश्वर और सिद्दीकी की याचिका खारिज

**एजेंसी, चंडीगढ़।** राइटर मधु किश्वर की अग्रिम जमानत याचिका चंडीगढ़ कोर्ट ने खारिज कर दी। देश के प्रधानमंत्री से जुड़े कथित फर्जी और भ्रामक वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर शेयर करने के मामले में फेमस राइटर मधु किश्वर को चंडीगढ़ पुलिस इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन करने के लिए दूसरा नोटिस भेज चुकी है, लेकिन वह अब तक पेश नहीं हुई हैं। वहीं, मधु किश्वर पुलिस के सामने पेश होने के बजाय चंडीगढ़ कोर्ट पहुंच गईं। मधु किश्वर ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। इसी मामले में हैदराबाद निवासी 44 वर्षीय हसन मोहिउद्दीन सिद्दीकी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी इस समय जेल में बंद है और उसकी जमानत अर्जी भी अदालत ने खारिज कर दी है। मामले के अनुसार, हसन सिद्दीकी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल वीडियो को री-ट्वीट किया था। पुलिस का कहना है कि इस पोस्ट के जरिए भ्रामक वीडियो को और फैलाया गया। (अनंत ज्ञान)

**धार्मिक समागम** सोमनाथ अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री मोदी ने गिनाई भारत की गौरवगाथा

# भारत को नहीं झुका सकती दुनिया की कोई ताकत

**एजेंसी, गिर सोमनाथ**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही उसे दबाव में ला सकती है। उन्होंने कहा कि 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों ने दुनिया को भारत की अटल राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय कराया था।

गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई 1998 को भारत ने पोखरण में पहले तीन परमाणु परीक्षण किए थे और उसके बाद दुनिया भर की शक्तियों ने भारत पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए थे। उन्होंने कहा, '11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी, लेकिन 13 मई को भारत ने दो और परमाणु परीक्षण किए। इससे दुनिया को पता चला कि भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति कितनी अटल है।'

उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह दिखाया था कि भारत के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। मोदी ने कहा, 'दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षणों को 'ऑपरेशन शक्ति' नाम दिया था, क्योंकि शिव और शक्ति की आराधना भारत की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि यही विचार देश की वैज्ञानिक प्रगति का भी प्रेरणास्त्रोत बना। मोदी ने कहा कि सोमनाथ अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का पर्व है। उन्होंने कहा कि 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद 1951 में सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था।



प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के समय सरदार वल्लभभाई पटेल ने 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत की नींव रखी और सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के जरिए दुनिया को संदेश दिया कि भारत केवल स्वतंत्र ही नहीं हुआ, बल्कि अपनी प्राचीन गौरवशाली विरासत को पुनर्स्थापित करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इतिहास में महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे कई आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन यह मंदिर हर बार फिर खड़ा हो गया। मोदी ने कहा कि आक्रांता भारत की वैचारिक शक्ति को समझ नहीं सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उन्हें मंदिर और क्षेत्र की सेवा का अवसर मिला और अब देशभर के तीर्थ स्थलों के विकास का जो अवसर मिल रहा है, वह भगवान सोमनाथ की कृपा है। उन्होंने लोगों से प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करने वाली जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि तीर्थों और मंदिरों के विकास के साथ उनकी गरिमा बनाए रखना भी आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

# जिला परिषद चुनाव : रोहड़ू में अंतिम दिन 14 प्रत्याशियों ने ठोंकी दावेदारी

## अब कुल 24 उम्मीदवार चुनावी मैदान में, आज होगी नामांकन पत्रों की जांच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू उपमंडल में पंचायती राज संस्थाओं के तहत होने वाले जिला परिषद चुनावों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन विभिन्न वार्डों से 14 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी मुकाबले को और रोचक बना दिया। अंतिम दिन प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की आवाजाही से निर्वाचन कार्यालयों में पूरे दिन चहल-पहल बनी रही।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रोहड़ू धर्मेश रामौत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर 7 खशधार से प्रेम राज, सूरज सिंह और रमेश कुमार ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं, वार्ड नंबर 9 टिक्कर से रमन, अनुपम, ललित कुमार और भरत सिंह कलांटा ने चुनावी मैदान में उतरने के लिए दस्तावेज जमा करवाए।



जिला परिषद चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते हुए प्रत्याशी। अनंत ज्ञान

इसी प्रकार वार्ड नंबर 8 भलून से शकुंतला, मिनता, सुषमा और रीना ने नामांकन दाखिल किए, जबकि वार्ड नंबर 5 सीमा रणटाड़ी से राकेश कुमार, सुरेंद्र रेटका और अमनदीप ने अपनी दावेदारी पेश की। प्रशासन के अनुसार पूरी नामांकन प्रक्रिया के दौरान जिला परिषद चुनावों के लिए कुल 24 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र जमा करवाए हैं। उपमंडलाधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया 12 मई को संपन्न होगी। इसके बाद 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ ही विभिन्न वार्डों में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज होने लगी हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

### रोहड़ू नगर परिषद चुनाव में 22 प्रत्याशी मैदान में

**शिमला।** रोहड़ू नगर परिषद चुनाव में अब चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया, जिसके चलते सभी वार्डों में मुकाबला दिलचस्प बन गया है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार रोहड़ू डीएन शर्मा ने बताया कि नगर परिषद् के नौ वार्डों से कुल 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बने हुए हैं। नगर परिषद रोहड़ू के कई वार्डों में सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा, जबकि कुछ वार्डों में त्रिकोणीय संघर्ष ने चुनाव को और रोमांचक बना दिया है। वार्ड नंबर 1 दशालनी, वार्ड नंबर 8 बावटीनाला तथा वार्ड नंबर 9 शक्तिनगर में तीन से चार प्रत्याशियों के मैदान में होने से राजनीतिक गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। वहीं मुख्य बाजार, अपर बाजार, बस स्टैंड तथा कोर्ट रोड क्षेत्रों में भी प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

# शिमला में बनेगा विश्वस्तरीय व्यापारिक केंद्र : सीएम

## सब्जी मंडी सीबीडी प्रोजेक्ट पर 330 करोड़ खर्च, अगस्त तक पूरी होगी निविदा प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार राजधानी शिमला और हमीरपुर को आधुनिक शहरी विकास की नई पहचान देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को शहरी विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पष्ट किया कि शिमला की सब्जी मंडी केंद्रीय व्यापारिक जिला (सीबीडी) परियोजना और हमीरपुर में प्रस्तावित सिटी सेंटर परियोजना राज्य की आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से न केवल भीड़भाड़ कम होगी, बल्कि आधुनिक व्यापारिक सुविधाएं, स्मार्ट पार्किंग, हरित सार्वजनिक क्षेत्र और मजबूत संस्थागत अधोसंरचना विकसित कर स्थायी राजस्व सृजन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रक्रियाएं तय समय सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने शिमला की महत्वाकांक्षी सब्जी मंडी सीबीडी परियोजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए बताया कि इसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा, जिस पर लगभग 330 करोड़ रुपए व्यय होंगे। पहले चरण के लिए 210 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से 160 करोड़ रुपए नगर निगम शिमला और लोक निर्माण विभाग को जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने नगर निगम को निर्देश दिए कि परियोजना क्षेत्र में स्थित 53 आवास, छह शेड तथा एसजेपीएनएल कार्यालय को 11 मई तक खाली करवाया जाए। इसके अतिरिक्त पार्षद कार्यालय और खाद्य सुरक्षा कार्यालय को 15 मई तक तथा पांच दुकानों को 21 मई तक खाली करवाने के आदेश दिए गए हैं, ताकि लोक निर्माण विभाग 11 जुलाई 2026 तक निर्माण स्थल पूरी तरह तैयार कर सके। उन्होंने अगस्त 2026 तक निविदा प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भी दिए।



सीएम सुक्खू बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

### हमीरपुर सिटी सेंटर के लिए 80 करोड़ रुपए स्वीकृत

**मुख्यमंत्री** ने हमीरपुर में प्रस्तावित 140 करोड़ रुपए की सिटी सेंटर परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नया बस अड्डा लगभग तैयार है और पुराने बस अड्डे को हटाकर वहां आधुनिक सिटी सेंटर विकसित किया जाएगा। परियोजना के लिए 80 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है, जबकि शेष राशि पीपीपी मॉडल के तहत जुटाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और एचआरटीसी द्वारा परिसर खाली करवाने के लिए कब्जाधारकों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

# ओपीएस में कर्मचारियों को 45 % डीए देने पर आक्रोश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना से जुड़े कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते को लेकर अब कर्मचारी संगठनों ने खुलकर मोर्चा संभाल लिया है। राज्य कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजकर पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों को भी नई पेंशन योजना कर्मचारियों के बराबर 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग उठाई है। महासंघ ने इसे केवल आर्थिक मुद्दा नहीं बल्कि कर्मचारियों के सम्मान, समान अधिकार और प्रशासनिक न्याय से जुड़ा बड़ा प्रश्न बताया है। ज्ञापन में कहा गया है कि एक ही कार्यालय में समान कार्य करने वाले कर्मचारियों के साथ अलग-अलग व्यवहार से कर्मचारियों के मनोबल पर गहरा असर पड़ रहा है। महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान व महासचिव हीरा लाल वर्मा द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे रही है, जबकि हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों को अभी केवल 45 प्रतिशत महंगाई भत्ता ही मिल रहा है। दूसरी ओर नई पेंशन योजना कर्मचारियों को केंद्र के अनुरूप 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। ऐसे में पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों की लंबित किश्तें अब बड़ा असंतोष पैदा कर रही हैं। महासंघ ने सरकार से आग्रह किया है कि लंबित किश्तों को शीघ्र जारी कर समानता स्थापित की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि प्रदेश सरकार हमेशा केंद्र सरकार के अनुरूप महंगाई भत्ते की घोषणाएं करती रही है, लेकिन इस बार पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के मामले में देरी से कर्मचारियों के बीच भेदभाव की भावना मजबूत हो रही है। कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट कहा कि जब दोनों वर्गों के कर्मचारी समान दायित्व निभा रहे हैं तो उन्हें अलग-अलग दरों पर महंगाई भत्ता देना न्यायोचित नहीं माना जा सकता। महासंघ ने इसे सेवा लाभों में दोहरे मानदंड की स्थिति बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

# दो मामलों में 69 ग्राम चिट्टे संग चार काबू

## नशा तस्करी के खिलाफ चलाए अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

अनंत ज्ञान

**शिमला।** जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिला शिमला पुलिस ने दो मामलों में कुल 67 ग्राम चिट्टा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पहले मामले में पुलिस की स्पेशल सेल शिमला की टीम रविवार की शाम तारादेवी क्षेत्र में गश्त, यातायात जांच और अपराध रोकथाम ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक कार में दो लोग भारी मात्रा में चिट्टा लेकर शोघी की तरफ से शिमला की ओर आ रहे हैं।



सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तारादेवी-टुटू बाईफरकेशन के पास नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 64 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने वाहन से नकद राशि भी बरामद होने की बात कही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 35 वर्षीय कर्ण निवासी कलस्टन, शिमला और 30 वर्षीय कर्ण वर्मा निवासी ठियोग, जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी इस नशे की खेप को स्थानीय युवाओं तक पहुंचाने की फिराक में थे। पुलिस थाना बालूगंज शिमला में इस मामले को लेकर एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएसपी शिमला गौरव सिंह का कहना है कि मामले की जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह नशे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।

वहीं, दूसरे मामले में शिमला जिले के ठियोग में पुलिस ने एक होटल में छापेमारी कर युवती समेत दो लोगों को चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना ठियोग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ढली क्षेत्र में 7 जून तक चलेगा पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ढली क्षेत्र में नई पानी की पाइपलाइन बिछाने का कार्य आगामी 07 जून, तक जारी रहेगा। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि शिमला जल प्रबंधन को ढली जल उपचार संयंत्र से ढली एम.सी पार्किंग तक पाइपलाइन बिछाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक तथा सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर देर रात तक भी कार्य जारी रखा जा सकेगा। प्रशासन ने संबंधित एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य के दौरान आम लोगों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा स्थानीय निवासियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

# पंचायत समिति चुनाव : अंतिम दिन 30 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू तहसील के अंतर्गत पंचायत समिति वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन विभिन्न वार्डों से कुल 30 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। अंतिम दिन नामांकन केंद्रों पर पूरे दिन राजनीतिक सरगर्मियां बनी रहीं और समर्थकों के साथ पहुंचे प्रत्याशियों ने उत्साह के साथ अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। चुनावी माहौल के बीच कई वार्डों में मुकाबला रोचक होता दिखाई दे रहा है। अब नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पंचायत समिति चुनाव को लेकर क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां और तेज हो गई हैं। प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पूरी सक्रियता के साथ उतर चुक हैं।

### वार्ड वाइज दावेदारी ठोंकने वाले प्रत्याशियों के नाम

**वार्ड** नंबर 9 करासा से देश राज और जोगिंदर, वार्ड नंबर 5 कुई से संदीप कुमार, प्रेम सिंह एवं बलवान सिंह, वार्ड नंबर 4 शील से अनित और सुरेश सिंह, जबकि वार्ड नंबर 13 भलून से मीरा देवी एवं ममता ने नामांकन दाखिल किए। इसी प्रकार वार्ड नंबर 2 पुजारली नंबर 3 से राजेश्वरी, अनीता कुमारी एवं रुचिका, वार्ड नंबर 7 टिक्कर से राजेश कुमार, जयवीर एवं अमन तथा वार्ड नंबर 10 अढाल से रोजिला ने अपनी दावेदारी पेश की। इसके अलावा वार्ड नंबर 6 भलाडा से शरीफ, यशपाल एवं संजीव कुमार, वार्ड नंबर 3 लोअर कोटी से रीमा, सुरेखा, रेखा एवं रीतू कुमारी, वार्ड नंबर 8 सीमा रणटाड़ी से अशोक कुमार एवं दिला राम, वार्ड नंबर 11 ब्रासली से ऊषा देवी, वार्ड नंबर 1 दलगांव से सुरुचि एवं गीता, वार्ड नंबर 12 धराड़ा से राजविंता तथा वार्ड नंबर 15 पुजारली नंबर 4 से सुनील कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

# जुग्गर स्कूल की बेटियों ने किया कमाल

## 10वीं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर बढ़ाया स्कूल का मान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला के कसुम्पटी निर्वाचन क्षेत्र स्थित दूरदराज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुग्गर की छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय की छात्रा स्वाति ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि स्नेहा शर्मा और मंजू ने 95.57 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं श्रेया शर्मा ने 95.42 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा




अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी विद्यालय परिवार को बधाई दी है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा रानी ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा दी थी, जिनमें से 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा, जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए बेहद गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के समर्पित और मेहनती शिक्षकों को देते हुए कहा कि शिक्षकों की निरंतर मेहनत और विद्यार्थियों के अनुशासित प्रयासों के कारण यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है।

### प्रियांशु ने 92 % अंक लेकर स्कूल में किया टॉप

# क्योंथल कॉन्वेंट स्कूल जुन्गा का 10वीं का परिणाम शानदार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** क्योंथल कॉन्वेंट स्कूल जुन्गा का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के सभी 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताया है। विद्यालय के प्रिंसिपल एमके




शर्मा ने बताया कि छात्र प्रियांशु ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सक्षम थापा ने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रिंसिपल ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी।

# मैसूर में गूंजेगी हिमाचल की आवाज

## पीठासीन अधिकारियों की अहम बैठक में शामिल होंगे विस अध्यक्ष पठानिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सोमवार को चंडीगढ़ से हैदराबाद होते हुए कर्नाटक के ऐतिहासिक शहर मैसूर पहुंचे, जहाँ वह 12 और 13 मई को आयोजित होने वाली पीठासीन अधिकारियों की समिति की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगे। यह बैठक लोकसभा द्वारा गठित समिति के तत्वावधान में मैसूर स्थित साइलेंट शोरज रिजॉर्ट में आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष संसदीय कार्य प्रणाली और नियमों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। मैसूर एयरपोर्ट पहुंचने पर जिलाधीश मैसूर ने कुलदीप सिंह पठानिया का गर्मजोशी से स्वागत किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस उच्चस्तरीय



मैसूर पहुंचने पर कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते अधिकारी। अनंत ज्ञान

बैठक में 'विधानमंडल निकायों के कार्य संचालन और प्रक्रिया नियमों का एकसमान मॉडल' विषय पर गंभीर मंथन किया जाएगा, जिसके बाद समिति अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष को सौंपेगी। बैठक में हिमाचल प्रदेश सहित छह राज्यों के पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं। समिति की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कर रहे हैं, जबकि राज्यसभा उपसभापति डॉ. हरिवंश और लोकसभा के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू. टी. खादर फरीद इस बैठक की मेजबानी कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

# जनोटी स्कूल के 5 स्टूडेंट्स के 10वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजकीय उच्च पाठशाला जनोटी के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की मुख्याध्यापिका मीना शर्मा ने बताया कि इस वर्ष छह विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। विद्यार्थियों की सफलता से पूरे विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है।



विद्यालय के मेधावी छात्र दिव्यांश ने 96.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। आकृति ठाकुर ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा अंजली वर्मा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त ओजस ने 90 प्रतिशत तथा उत्कर्ष शर्मा ने 87.14 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। विद्यालय के भाषा अध्यापक योगेश चंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। विद्यालय में विद्यार्थियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अध्यापकों और अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया है।

**जनगणना** | शिमला जिले में फील्ड प्रशिक्षकों को तकनीकी, व्यावहारिक व डिजिटल कार्यप्रणाली की दी जानकारी

# डिजिटल जनगणना के लिए 26 फील्ड ट्रेनर किए जा रहे ट्रेंड

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो शिमला।** देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना को सफल बनाने की दिशा में शिमला जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में शिमला के बचत भवन में जनगणना-2027 के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) एवं जिला जनगणना अधिकारी ज्योति राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के 26 फील्ड प्रशिक्षकों को जनगणना से जुड़े तकनीकी, डिजिटल तथा व्यावहारिक पहलुओं की गहन जानकारी प्रदान की गई। 11 मई से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 मई तक चलेगा, जिसमें मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार और रमेश कुमार प्रतिभागियों को आधुनिक जनगणना प्रणाली की विस्तृत कार्यप्रणाली से अवगत करवा रहे हैं। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी रमेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना-2027 में पहली बार स्व-गणना प्रणाली लागू की जा रही है, जिसके तहत नागरिक स्वयं मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जिला जनगणना अधिकारी ज्योति राणा ने कहा कि 1 जून से 15 जून तक लोग एचएलओ मोबाइल ऐप तथा जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके बाद 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली से जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और सटीक बनेगी,



जनगणना-2027 प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व फील्ड प्रशिक्षक।

जिससे भविष्य की विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से तैयार करने में सहायता मिलेगी।

ज्योति राणा ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े एकत्र करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के सामाजिक और आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं का निर्माण जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही किया जाता है। उन्होंने

- **लोगों से अधिकारियों को सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील**

जिलावासियों से अपील की कि वे जनगणना अधिकारियों को सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं ताकि आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से इस राष्ट्रीय दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाने का आह्वान किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को डिजिटल उपकरणों के संचालन, डेटा संकलन, फील्ड प्रबंधन तथा जनगणना प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक अभ्यास भी करवाए गए, ताकि आगामी जनगणना कार्य को बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### पालमपुर में भाजपा की अनुशासनात्मक कार्रवाई

◆ अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ लड़ने पर एक की सदस्यता रद्द

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर गठित अनुशासन समिति ने संगठनात्मक जिला पालमपुर और पालमपुर शहरी मंडल से मिली शिकायत पर सख्त रुख अपनाया है। समिति ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने के मामले को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए विस्तृत विचार-विमर्श किया। समिति ने अपनी अनुशंसा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को भेजी, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए संबंधित कार्यकर्ता के खिलाफ कड़ा कदम उठाया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने पार्टी संविधान के तहत कार्रवाई करते हुए नगर निगम पालमपुर के वार्ड नंबर-5 सुग्घर से अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले संजीव राणा की प्राथमिक सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जारी आदेश प्रदेश कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर द्वारा जारी किया गया है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### जोगिंद्रनगर में अंतिम दिन 10 नामांकन पत्र दाखिल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव प्रक्रिया के नामांकन के तीसरे दिन आज जोगिंद्रनगर में तीन जिला परिषद वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए कुल 10 लोगों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिनमें भड़याड़ा से छह नामांकन, लांगणा से तीन तथा नेर घरवासड़ा जिला परिषद वार्ड से एक ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार जोगिंद्रनगर जिला परिषद वार्ड सदस्यों के लिए कुल 20 नामांकन प्राप्त हुए हैं। इस बात की पुष्टि करते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंदर नगर मनीश चौधरी ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन उनके कार्यालय में जिला परिषद के तीन वार्ड सदस्यों के लिए कुल 10 लोगों ने अपने - अपने नामांकन दाखिल किए हैं। जिनमें भड़याड़ा से छः नामांकन, लांगणा से तीन तथा नेर घरवासड़ा जिला परिषद वार्ड से एक ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार अबतक कुल 20 लोगों ने अपने - अपने नामांकन दाखिल किए हैं। जिनमें भड़याड़ा वार्ड से 10, लांगणा वार्ड से 6 तथा नेर घरवासड़ा जिला परिषद वार्ड से कुल 4 नामांकन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि 12 मई को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

### धनोटू की 32 पंचायतों में 737 प्रत्याशी मैदान में

**अनंत ज्ञान, महादेव।** मंडी जिले के विकास खंड धनोटू के अंतर्गत आती 32पंचायतों में नामांकन के तीसरे एवं आखिरी दिन सोमवार को मिलाकर कुल 737 नामांकन दर्ज किए गए। इनमें प्रधान पद के लिए 146,उप प्रधान के लिए 137, वार्ड सदस्य के लिए 382इसी प्रकार बीडीसी के लिए 60तथा जिला परिषद के लिए 12 ,इस प्रकार तीन दिनों में कुल दावेदारों की संख्या 737 रही।

### जिला परिषद के नीम वार्ड से ज्योतिका ने भरा पर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला परिषद चुनाव को लेकर सुन्नी क्षेत्र में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। जिला परिषद वार्ड सदस्य के लिए नीम वार्ड से ज्योतिका ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी मैदान में औपचारिक एंट्री कर ली। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही क्षेत्र में चुनावी चर्चाएं तेज हो गई हैं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार चुनाव में विकास, सड़क, पेयजल और जनसुविधाओं जैसे मुद्दे प्रमुख रहेंगे। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्योतिका ने नियमानुसार अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ समर्थकों की मौजूदगी ने पूरे माहौल को चुनावी रंग में रंग दिया। नामांकन के बाद क्षेत्र में प्रचार गतिविधियों ने भी रफ्तार पकड़ ली है। पंचायत घर नीम वार्ड नंबर-3 से जुड़ी इस सीट पर अब मुकाबला दिलचस्प बनने की संभावना जताई जा रही है।

### रामपुर बुशहर में 16 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** रामपुर बुशहर में जिला परिषद चुनावों के तहत विभिन्न वार्डों में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चार जिला परिषद वार्डों से कुल 16 उम्मीदवारों ने चुनावी रण में अपनी दावेदारी पेश की है। पहले दिन 4 तथा तीसरे दिन 12 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जबकि दूसरे दिन कोई नामांकन नहीं हुआ। जिला परिषद वार्ड संख्या-1 (त्यावल-जेओरी), वार्ड संख्या-2 (भदाणी), वार्ड संख्या-3 (नारकंडा) तथा वार्ड संख्या-4 (बझाली) से उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर-1 त्यावल जेयोरी से शशि जिंटा, अनुराधा और रेखा कुमारी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं, जबकि वार्ड नंबर-2 झाकडी से इंदु बाला, ममता और रेखा चुनावी मैदान में उतर गई हैं। इन वार्डों में महिला प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा, जिससे चुनावी समीकरण रोचक बन गए हैं। स्थानीय स्तर पर समर्थकों ने भी प्रचार गतिविधियां आरंभ कर दी हैं और पंचायत क्षेत्रों में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्माने लगा है।

### सुंदरनगर में जिला परिषद के लिए 10 प्रत्याशी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पंचायत चुनाव-2026 के तहत नामांकन प्रक्रिया के तीसरे व अंतिम दिन सोमवार को जिला परिषद सदस्य पद के लिए 6 तथा पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 34 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार जिला परिषद मंडी के अंतर्गत 3 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 10 जिनमें 19-डैहर के लिए 5, 20-सलापड़ के लिए 2 और 21- खिलड़ा के लिए 3 उम्मीदवारों तथा पंचायत समिति सुंदरनगर के अंतर्गत विभिन्न 16 ग्राम सभाओं के लिए कुल 60 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी के समक्ष जिला परिषद सदस्य पद के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन प्रस्तुत किए, जबकि पंचायत समिति सदस्य पद के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार सुंदरनगर अंकित शर्मा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए गए। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने जानकारी दी कि आज तीसरे व अंतिम दिन जिला परिषद मंडी के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र 19-डैहर से प्रेम सिंह, नागराज और भानु प्रकाश शर्मा, निर्वाचन क्षेत्र 20-सलापड़ से मोहित ठाकुर और राजकुमार तथा निर्वाचन क्षेत्र 21-खिलड़ा से चमन राही ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

### धर्मपुर में अंतिम दिन 12 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पंचायत चुनाव-2026 के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को धर्मपुर में जिला परिषद सदस्य पद के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल के समक्ष 6 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं पंचायत समिति सदस्य पद के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार धर्मपुर प्रवीण शर्मा के समक्ष 43 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद के लिए धर्मपुर के 3 वार्डों से कुल 12 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें अंतिम दिन 6 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए।

# पंचायतीराज चुनाव : दावेदारों का आंकड़ा 60 हजार के पार

## प्रदेश की कई जगहों पर ढोल-नगाड़ों और बड़े काफिलों के साथ पहुंचे उम्मीदवार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज,शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को तमाम रिकॉर्ड टूट गए। राज्यभर के जिला मुख्यालयों और पंचायत स्तर पर प्रत्याशियों और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सुबह से देर शाम तक नामांकन दाखिल करने वालों का तांता लगा रहा। कई जगहों पर उम्मीदवार ढोल-नगाड़ों और बड़े काफिलों के साथ पहुंचे, जिससे पूरा माहौल चुनावी रंग में रंगा नजर आया। अंतिम दिन भारी संख्या में दाखिल हुए नामांकन के बाद प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां पूरी तरह चरम पर पहुंच गई हैं। जानकारी के अनुसार राज्य की 3754 पंचायतों में 31 हजार 214 पदों के लिए चुनाव करवाए जा रहे हैं।




इनमें प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, बीडीसी और जिला परिषद सदस्य पद शामिल हैं। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार प्रदेशभर में नामांकन का आंकड़ा 60 हजार के पार पहुंच गया है, जिसने पिछले चुनावों के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार युवाओं और महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है, जिससे मुकाबले और दिलचस्प हो गए हैं।

राजधानी शिमला में जिला परिषद चमियाणा वार्ड सबसे अधिक चर्चा में रहा। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार भूपेंद्र कंवर ने समर्थकों के बड़े काफिले के साथ नामांकन दाखिल किया। इस दौरान पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी मौजूद रहे। वहीं भाजपा समर्थित उम्मीदवार विक्रम सेन के मैदान में उतरने से यह सीट प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गई है। राजनीतिक गलियारों में इस मुकाबले को प्रदेश की सबसे हाई-प्रोफाइल पंचायत चुनावी लड़ाइयों में गिना जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में नामांकन के दौरान शक्ति प्रदर्शन भी देखने को मिला। मंडी, शिमला, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर समेत कई जिलों में प्रत्याशियों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग जुटे।

चुनावी माहौल में गांव-गांव चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और स्थानीय समीकरणों ने मुकाबलों को और रोचक बना दिया है। कई पंचायतों में पारिवारिक और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भी खुलकर सामने आ रही है।

### 26, 28 और 30 मई को होगा मतदान

**प्रदेश** में पंचायत चुनावों के लिए 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान होगा। प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों की मतगणना मतदान वाले दिन ही पंचायत भवनों में की जाएगी, जबकि बीडीसी और जिला परिषद सदस्यों के परिणाम 31 मई को घोषित होंगे। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## विक्रमादित्य आज से 15 मई तक मंडी के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 12 मई से 15 मई तक मंडी नगर निगम चुनाव के मद्देनज़र चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार मंत्री विक्रमादित्य सिंह इस दौरान मंडी नगर निगम के विभिन्न वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं, बैठकों और चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनके दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विक्रमादित्य सिंह 12 मई को दोपहर 1:30 बजे शिमला से निजी वाहन द्वारा मंडी के लिए रवाना होंगे और शाम 4:30 बजे मंडी पहुंचेंगे। इसके बाद वे लगातार तीन दिनों तक मंडी नगर निगम के अलग-अलग वार्डों में कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी संगठन ने इस दौरे को चुनावी दृष्टि से बेहद अहम माना है और स्थानीय नेताओं को भी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के मुताबिक मंत्री विक्रमादित्य सिंह 15 मई को मंडी से वापस शिमला लौटेंगे। उनके साथ विशेष अधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस संगठन का मानना है कि विक्रमादित्य सिंह के प्रचार अभियान से मंडी नगर निगम चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी और चुनावी माहौल कांग्रेस के पक्ष में बनने की संभावना बढ़ेगी।



◆ नगर निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए मांगेंगे वोट

## कुटलैहड़ के धनेत जिला परिषद वार्ड से रीना देवी ने भरा नामांकन

### स्थानीय विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के धनेत जिला पार्षद वार्ड से जिला परिषद उम्मीदवार रीना देवी ने सोमवार को विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में सैकड़ों समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान पूरे क्षेत्र में राजनीतिक उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ रीना देवी का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

इस दौरान रीना देवी ने कहा कि उन्हें क्षेत्र की जनता का अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है तो वह क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने कहा कि धनेत वार्ड के विकास के लिए वह पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि रीना देवी का परिवार शुरू से ही कांग्रेस समर्थक रहा है और उन्होंने वर्षों तक पार्टी की विचारधारा को मजबूती देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि रीना देवी छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रही हैं और एनएसयूआई के माध्यम से युवाओं की आवाज उठाने का कार्य करती रही हैं।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि रीना देवी ने समाजसेवा और जनहित के मुद्दों पर हमेशा आगे बढ़कर काम किया है, जिसके कारण क्षेत्र की जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है।



### भाजपा आज जारी करेगी सोलन और धर्मशाला के लिए संकल्प पत्र

## प्रदेश के चार नगर निगमों के लिए अलग अलग विजन डॉक्यूमेंट लाएगी भाजपा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के नगर निगम चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति को पूरी तरह आक्रामक रूप दे दिया है। भाजपा ने घोषणा की है कि राज्य की चारों नगर निगमों, सोलन, धर्मशाला, पालमपुर और मंडी के लिए अलग-अलग संकल्प पत्र अथवा विजन डॉक्यूमेंट तैयार किए गए हैं, जिन्हें स्थानीय जरूरतों, क्षेत्रीय प्राथमिकताओं और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाया गया है।

भाजपा का दावा है कि ये दस्तावेज केवल चुनावी घोषणा पत्र नहीं, बल्कि शहरों के समग्र विकास की विस्तृत कार्ययोजना होंगे, जिनमें वार्ड स्तर से लेकर नगर निगम स्तर तक की समस्याओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल 12 और 13 मई को सोलन नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में व्यापक जनसंपर्क अभियान और चुनावी दौरे पर रहेंगे। पार्टी नेताओं का मानना है कि डॉ. बिंदल का यह दो दिवसीय दौरा सोलन नगर निगम चुनावों का पूरा राजनीतिक माहौल बदल सकता है। इसी दौरान 12 मई को भाजपा सोलन नगर निगम के लिए अपना संकल्प पत्र भी जारी करेगी। भाजपा नेताओं के अनुसार यह दस्तावेज सीधे जनता की समस्याओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, व्यापारिक सुविधाएं, पर्यटन विकास, युवाओं के लिए अवसर तथा आधुनिक शहरी आधारभूत ढांचे जैसे विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि चारों नगर निगमों के लिए अलग-अलग विजन डॉक्यूमेंट तैयार किए गए हैं ताकि प्रत्येक शहर की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएं बनाई जा सकें।

### वरिष्ठ नेताओं की लगाई ड्यूटी

**सोलन** नगर निगम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, मंडी में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तथा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, पालमपुर में भाजपा उपाध्यक्ष विपिन परमार और वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, जबकि धर्मशाला में भाजपा उपाध्यक्ष पवन काजल और विधायक सुधीर शर्मा कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे।

## कांग्रेस समर्थित पंकज चौधरी ने समर्थकों संग भरा नामांकन

अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर बल्ह क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सोमवार को जिला परिषद वार्ड कोट से नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी एवं सलवाहन पंचायत के पूर्व प्रधान पंकज चौधरी उर्फ पिंकू ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ एसडीएम बल्ह कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, रिंपल चौधरी, चंद्र कौशल, रिंकल चौधरी, सिंधूराम भारद्वाज तथा नाचन इंटक अध्यक्ष दीवान चंद शर्मा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। पंकज चौधरी के नामांकन के साथ ही जिला परिषद वार्ड कोट से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। इस वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी प्रेम सिंह उर्फ पाल के अलावा भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र राणा, भाजपा युवा नेता एवं ढाबण पंचायत के पूर्व उपप्रधान राकेश, नाचन कांग्रेस के पूर्व जोन अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह राठौर, युवा नेता मनोज कुमार तथा भाजपा युवा नेता रमेश उर्फ विक्की गुमरा अपना भाग्य आजमा रहे हैं। वार्ड में मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है और राजनीतिक समीकरण लगातार बदलते नजर आ रहे हैं। अब सभी की निगाहें 15 मई पर टिकी हैं, जब नामांकन वापसी के बाद चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ होगी।

## घमासान के बाद भाजपा ने ताल में बदला प्रत्याशी

### अब सुरेश सोनी लड़ेंगे चुनाव; भरा नामांकन, सुशील और अजय भी रहे मौजूद

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** टिकटों की अदला-बदली के बाद पार्टी के भीतर ताल वार्ड में मचे घमासान पर भाजपा को आखिर प्रत्याशी बदलना पड़ा है। नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी मौके पर भाजपा ने वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश सोनी को मैदान में उतारा है। उनका नामांकन पत्र दाखिल करवाया गया है। इस मौके पर सुशील कुमार और अजय चंदेल भी मौजूद रहे। काबिले गौर यह है कि सुशील कुमार का टिकट बदल गया था। लेकिन उनके समर्थक यह मानने को तैयार नहीं थे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले ही चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया गया था। पोस्टर बैनर अभियान काफी आगे बढ़ गया था, मगर सोमवार को पार्टी के भीतर इसका निवारण निकाला गया। अब ना तो अजय चंदेल चुनाव लड़ेंगे और ना ही सुशील कुमार। बीच का रास्ता तैयार करके अब सुरेश सोनी विरोधियों को टक्कर देंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यही है कि पार्टी के भीतर जिस बड़े स्तर पर गुटबाजी का यह मामला देखा गया, इसमें अब दोनों खेमों के बीच पैदा हुई खाई को कम करने के लिए पार्टी नेतृत्व आखिर क्या करेगा? इस पर भी नजर रहेगी।



सुरेश सोनी

नामांकन करने के बाद भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार सुरेश सोनी का कहना था कि पार्टी ने फैसला लिया है और यह उन्हें दोपहर ही पता चला कि अब उन्हें नामांकन भरना है। उन्होंने बताया कि हाईकमान को जो पैनल तीन लोगों का भेजा गया था, उसमें उनका तीसरा नाम था। पहले और दूसरे पर जो कुछ हुआ, उसके बाद अब आज ही पार्टी ने फैसला लिया और अब वे चुनाव लड़ेंगे। कुल मिलाकर लगभग तीन जिला परिषद वार्डों में भाजपा को गुटबाजी का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले समय में यहां कौन किस भूमिका में होगा, इसका आंकलन भी नेता लगाने में मसरूफ हो गए हैं। उधर, जंगलरोपा वार्ड में भी भाजपा की कलह नजर आ रही है। पंचायती राज व्यवस्था से काफी सालों से जुड़े रहे अनिल कुमार ने भी पर्चा दाखिल कर दिया है। उन्होंने भी बाजे गाजे के साथ सोमवार को यहां एसडीएम ऑफिस में समर्थकों की अच्छी खासी तादाद जुटाए और उनका कहना था कि बरसों से भाजपा के साथ जुड़े रहे हैं और चुनाव लड़ने का हर किसी को अधिकार है। पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया हो या नहीं, इससे कोई लेना देना नहीं।

उधर, सेवानिवृत्त तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने भी इसी वार्ड से नामांकन दाखिल किया है, लेकिन मुकाबला कैसा होगा? कौन किसे टक्कर देगा, यह सारी स्थिति नामांकन वापस लेने के बाद ही क्लियर होगी।

## कांग्रेस सरकार से मंडी की उपेक्षा का बदला लेगी जनता: जयराम ठाकुर

### कार्यकर्ताओं संग भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगा समर्थन

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी नगर निगम चुनाव में प्रचार अभियान को नई धार देते हुए पांच नुक्कड़ जनसभाओं के माध्यम से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की और इस दौरान उन्होंने पड्डुल, नेला, तलयाहड़, भगवाहन तथा मंगवाई में लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस की प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटी के सहारे सत्ता में आकर आपको धोखा देने वाली इस सरकार से बदला लेने का मौका आ गया है।

उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी 'व्यवस्था परिवर्तन' का दावा करने वाली यह सरकार मंडी की जनता की निरंतर उपेक्षा कर रही है और विकास कार्यों को गति देने के बजाय भाजपा सरकार द्वारा आवंटित 15 करोड़ रुपए के बजट को वापस लेकर अन्यत्र खर्च कर दिया गया, जिससे स्पष्ट होता है कि इस सरकार की प्राथमिकता में विकास नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल आपको मंडी की याद नहीं आई और जब चुनाव आए तो 180 करोड़ बजट प्रावधान का शगूफा छोड़कर आप जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार को 'एक साल की मेहमान' बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में विदाई की शहनाई बज चुकी है और देश के 22 राज्यों की तरह हिमाचल में भी जल्द ही भाजपा की वापसी होगी क्योंकि जनता कांग्रेस की 'झूठी गारंटियों' की असलियत पहचान चुकी है और इन नगर निगम चुनावों से ही कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकने का शंखनाद होगा।



**जिला परिषद चुनाव** | बिलासपुर जिले में चुनावों को लेकर चरम पर पहुंची राजनीतिक सरगर्मियां

## बिलासपुर में कांग्रेस-भाजपा के बीच कांटे की टक्कर

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला परिषद चुनावों को लेकर बिलासपुर में राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच मुकाबला इस बार बेहद दिलचस्प और बहुकोणीय नजर आ रहा है। कई वार्डों में बागी नेताओं और स्थानीय समीकरणों ने चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है, जिससे दोनों प्रमुख दलों की चिंता बढ़ गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार जिला परिषद चुनाव केवल पंचायत स्तर की लड़ाई नहीं, बल्कि आने वाले विधानसभा समीकरणों का सेमीफाइनल बनते जा रहे हैं। भाजपा जहां संगठनात्मक मजबूती और बूथ मैनेजमेंट के सहारे चुनावी मैदान में उतर चुकी है, वहीं कांग्रेस अभी भी कई वार्डों में स्थानीय गुटबाजी और टिकट वितरण के असंतोष से जूझती दिखाई दे रही है।





**भाजपा ने समय रहते खोले पत्ते**

सूत्रों के अनुसार भाजपा ने अधिकांश वार्डों में अपने समर्थित उम्मीदवार पहले ही घोषित कर चुनावी बढ़त लेने की कोशिश की है।

पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पारंपरिक वोट बैंक को मजबूत मान रही है। खासतौर पर झंडूता और सदर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत से मैदान में उतर चुके हैं। भाजपा नेताओं का दावा है कि केंद्र और प्रदेश स्तर की योजनाओं का लाभ उन्हें इस चुनाव में मिलेगा।

वहीं पार्टी के भीतर कुछ स्थानों पर असंतोष भी सामने आया है, जहां टिकट न मिलने पर कई कार्यकर्ता निर्दलीय मैदान में उतर गए हैं।

### कांग्रेस की रणनीति 'वेट एंड वॉच' की

**कांग्रेस** ने कई वार्डों में देरी से प्रत्याशी घोषित किए, लेकिन पार्टी स्थानीय समीकरणों और व्यक्तिगत प्रभाव वाले चेहरों पर दांव खेल रही है। कांग्रेस का फोकस उन क्षेत्रों पर है जहां स्थानीय असंतोष भाजपा के खिलाफ दिखाई दे रहा है। हालांकि पार्टी के भीतर गुटबाजी और संगठनात्मक कमजोरी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यदि कांग्रेस बागियों को संभालने में सफल रही तो कई सीटों पर मुकाबला बेहद करीबी हो सकता है।

### गांवों में विकास सड़कों और पानी के मुद्दे हावी

**ग्रामीण** क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं और बेरोजगारी प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। युवा मतदाता इस बार पंचायत स्तर पर सक्रिय नेतृत्व की मांग कर रहे हैं। वहीं महिलाओं की भागीदारी भी चुनावी माहौल को प्रभावित कर रही है।

### निर्दलीयों की बढ़ती ताकत ने बढ़ाई बेचैनी

**जिला** परिषद चुनावों में सबसे बड़ी चर्चा निर्दलीय प्रत्याशियों की है। कई वार्डों में स्थानीय प्रभाव रखने वाले चेहरे भाजपा और कांग्रेस दोनों के समीकरण बिगाड़ सकते हैं। खासतौर पर उन क्षेत्रों में जहां टिकट वितरण को लेकर नाराजगी रही, वहां निर्दलीय उम्मीदवार मजबूत स्थिति में माने जा रहे हैं। कुछ राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि परिणाम आने के बाद जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में यही निर्दलीय 'किंगमेकर' की भूमिका निभा सकते हैं।




# आदि हिमानी चामुंडा पहुंची जिला प्रशासन की टीम, निर्माण कार्य का किया आकलन

## पैदल रास्ता होगा बेहतर, टियालों के साथ जलापूर्ति सुविधा भी होगी दुरुस्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के चल रहे निर्माण कार्य का आकलन करने जिला प्रशासन की टीम पहुंची। एडीएम शिल्पी बेक्टा के नेतृत्व में आदि हिमानी चामुंडा गई टीम ने निर्माण कार्य का आकलन किया। साथ ही भविष्य रास्ते सहित अन्य सुविधाओं में सुधार को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। काफी समय से आदि हिमानी चामुंडा में मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसका आकलन करने के लिए जिला प्रशासन की टीम गई थी।

एडीएम ने कहा कि मंदिर का मुख्य कार्य पूरा हो चुका है, जबकि लकड़ी व सजावट का कार्य अभी शेष है। सोलर पैनल का कार्य भी बाकी है। मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए डीपीआर बनाई जा रही है। मंदिर के आसपास का एरिया वन भूमि है, जिसमें अनुमति के साथ ही कार्य किया जा सकता है। आदि हिमानी चामुंडा के लिए जिया और कंड करडियाणा से पहुंच सकते हैं, जब पैदल जाते हैं तो रास्ते में क्या कमियां हैं और क्या बेहतर किया जा सकता है। एडीएम ने कहा कि भविष्य में वन विभाग के साथ मिलकर पैदल रास्ते को बेहतर किया जाएगा, साथ ही जहां टियाले हैं, वहां जलापूर्ति की सुविधा को भी दुरुस्त किया जाएगा।


आदि हिमानी चामुंडा में निर्माण कार्य का आकलन करतीं एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा। अनंत ज्ञान

### मंदिर के आसपास कूड़े-कचरे की समस्या होगी दूर

**एडीएम** ने बताया कि मंदिर के आसपास कूड़ा कचरा न फैले, इसके लिए दोनों मार्ग जिन पंचायतों के अधीन आते हैं, उनके प्रतिनिधियों व स्टेक होल्डर्स से बैठक करके रूपरेखा तय की जाएगी। कूड़े कचरे की समस्या को खत्म किया जाएगा।

# बीमा कंपनी उपभोक्ता को करेगी 15,13,800 रुपए का भुगतान

◆ जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने सुनाया फैसला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग धर्मशाला ने एक फैसले में उपभोक्ता के पक्ष में बड़ी राहत देते हुए 15,13,800 रुपए का भुगतान करने के आदेश बीमा कंपनी को दिए हैं। मामला दुकान में हुई चोरी के बाद बीमा क्लेम की अदायगी में देरी और अस्वीकार किए जाने का था। शिकायतकर्ता वीरिंदर सिंह धर्मशाला के कोतवाली बाजार में मोबाइल, लैपटॉप व इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान चलाते हैं, ने बीमा कंपनी द न्यू इंडिया इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। मामले के अनुसार, 16 जनवरी 2024 को दुकान में चोरी की घटना हुई, जिसकी एफआईआर थाना धर्मशाला में दर्ज करवाई गई।

बीमा कंपनी को तुरंत सूचित किया गया और सर्वेयर ने मौके का निरीक्षण भी किया। शिकायतकर्ता ने चोरी हुए सामान की सूची व आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करवा दिए थे। इसके बावजूद बीमा कंपनी ने यह कहते हुए क्लेम का निपटान नहीं किया कि पुलिस ने कुछ सामान बरामद कर लिया है और मामला अदालत में विचाराधीन है। आयोग ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि चोरी की पुष्टि के लिए एफआईआर और जांच जरूरी है, लेकिन क्लेम निपटाने के लिए आपराधिक मामले के अंतिम निर्णय का इंतजार करना आवश्यक नहीं है। आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी द्वारा क्लेम में देरी करना और जीएसटी राशि को हटाना गलत व मनमाना कदम था। आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा तथा सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की पीठ ने बीमा कंपनी को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को 15,13,800 रुपये की राशि 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा की जाए। इसके अलावा 50,000 रुपए मुआवजा और 15,000 रुपए मुकदमा खर्च भी देने के आदेश दिए गए हैं।

## रियाली और मनोह-सिहाल वार्ड से प्रत्याशियों ने भरे पर्चे



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में जिला परिषद चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। रियाली वार्ड (52) से टटबाली पंचायत निवासी युवा प्रत्याशी अदिति ने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी मैदान में मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं, मनोह-सिहाल वार्ड से खटियाड़ निवासी अरुणा देवी पत्नी सुरेंद्र चौधरी (लोंगी) ने भी नामांकन पत्र भरा। भाजपा समर्थित मानी जा रहीं अरुणा देवी और उनके पति पहले ब्लॉक समिति सदस्य रह चुके हैं। अदिति ने शिक्षा, सड़क, पानी और महिला सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता बताते हुए ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ विकास कार्य करने का भरोसा दिलाया। नामांकन के दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

## रैहन-2 वार्ड से रघुवीर ने भरा नामांकन



**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला परिषद वार्ड रैहन-2 (50) से समाजसेवी रघुवीर सिंह निवासी मोच ने सोमवार को समर्थकों के साथ सादगीपूर्ण ढंग से नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने पहले ही अधिक भीड़ न जुटाने की अपील की थी, जिससे प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। रघुवीर सिंह ने कहा कि उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और जीत के बाद क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे।

## प्रधान पद के लिए वंदना ने किया नामांकन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पंचायत चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन विकास खंड सुलह की भ्रांता पंचायत में प्रधान पद के लिए एआरओ को नामांकन पत्र सौंपती प्रत्याशी वंदना राणा।



## गुरियाल वार्ड से विवेक पधेडिया ने भरा पर्चा



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला परिषद वार्ड गुरियाल (48) से युवा नेता एवं समाजसेवी विवेक पधेडिया ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच समर्थकों संग पहुंचे विवेक को युवाओं का खास समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से जीत हासिल कर क्षेत्र में सड़क, पानी, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा तथा युवाओं और जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता रहेगा।

## प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ भरे नामांकन



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर में पंचायत चुनावों के अंतिम दिन भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किए। पूर्व मंत्री राकेश पठानिया की अगुवाई में रियाली, रैहन-2, मनोह-सिहाल और गुरियाल वार्डों से प्रत्याशी समर्थकों संग एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। राकेश पठानिया ने दावा किया कि चारों वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे।

# डीएवी स्कूल चलवाड़ा का परीक्षा परिणाम शानदार, अन्वेशा ने झटके 96 .57 फीसदी अंक



अनंत ज्ञान

**ऊषा जरियाल, जवाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल चलवाड़ा एक बार फिर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की छात्रा अन्वेशा ने 96.57 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा सयम ने 94.00 फीसदी, अर्श कौंडल ने 93.29 फीसदी, अनुज ने 92.29 फीसदी, वंशिका ने 91.86 फीसदी, शगुन ने 91.14 फीसदी तथा उदीरा ने 90.71 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अर्श कौंडल, सयम तथा उमंग ने गणित विषय में पूर्ण 100 अंक प्राप्त किए। सयम ने सामाजिक विज्ञान में भी शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि आकृति ने कंप्यूटर साइंस विषय में 100 में से 100 अंक हासिल किए। स्कूल प्रधानाचार्य नरेश कटोच ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को उनकी मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल देवनगर कौना के होनहार छाए

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं के परीक्षा परिणामों में स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय देवनगर कौना का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद गुलेरिया ने कहा कि हमारे स्कूल के सभी बच्चों ने बड़े अच्छे अंक लिए हैं। उन्होंने बताया कि समीक्षा 700 में से 664 यानी 94.85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर रही, जबकि दूसरे स्थान पर वंशिका रही जिसने 700 में से 661 यानी 94.42 प्रतिशत अंक अर्जित किए, तीसरे नंबर पर आरुष धीमान रहा, जिसने 700 में से 648 यानी 92.57 प्रतिशत अंक हासिल किए। इनके साथ साथ ईशा ने 700 में से 627 यानी 89.57 प्रतिशत, अंशुल कटोच ने 540 तथा सूर्याश 521 अंक प्राप्त करने में कामयाब रहे। प्रधानाचार्य प्रमोद गुलेरिया ने सभी बच्चों व उनके अभिभावकों तथा पूरे स्कूल स्टाफ को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# होली फेथ स्कूल पठियार का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत


रिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** होली फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दसवीं कक्षा का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

कुल 44 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया और सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय की मेधावी छात्रा रिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रिद्धिका ने 96 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का वातावरण बना हुआ है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रबंधक दीपक सूद और प्रधानाचार्या शशी सूद ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान दे रहा है, जिसका परिणाम इस वर्ष के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के रूप में सामने आया है। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की।

## डाडासीबा स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय से कुल 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 27 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा राधिका ने 700 में से 664 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। राजुल ने 659 अंक लेकर दूसरा तथा अमित ने 643 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के इस शानदार परिणाम पर प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो पाई है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## बागली की सीमा रानी बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कागज से विभिन्न प्रकार के पैकेजिंग/कैरी बैग बनाने का प्रशिक्षण लेकर कार्य करते हुए अपनी मेहनत के दम पर बगली की सीमा पीएनबी आरसेटी की चीफ ट्रेनर बनी हैं। सीमा ने व्यापार की बारीकियां दिल्ली में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से सीखी हैं। ग्राम पंचायत बगली के शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह की सदस्य सीमा रानी को समूह में शामिल होने के कुछ ही समय बाद, सीमा को दिल्ली के इंडिया गेट पर आयोजित हो रहे 10-दिवसीय सरस मेले में हिस्सा लेने का मौका मिला। परिवार का थोड़ा-बहुत साथ और भरोसा लेकर, सीमा समूह की एक और साथी सदस्य के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। दिल्ली जैसे बड़े शहर में, सीमा ने अपना इरादा मजबूत रखा और देश के दूसरे राज्यों से आए कुशल समूह सदस्यों से व्यापार की बारीकियां सीखने की कोशिश की। इसके बाद, सीमा रानी ने समय-समय पर आयोजित होने वाले अन्य सरस मेलों में हिस्सा लिया और सीखा कि समूह के सदस्यों द्वारा बनाए गए उत्पादों को कैसे बेचा जाए, उत्पादों की पैकेजिंग कैसे की जाए, सामान को ठीक से कैसे रखा जाए और सबसे जरूरी ग्राहकों के साथ बातचीत कैसे की जाए। समूह के सदस्यों को कच्चे/प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को प्लास्टिक में रखने के बजाय कागज के थैले बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था। इसी बीच, सीमा का चयन एनआरएलएम योजना के तहत वित्तीय साक्षरता में सामुदायिक संसाधन व्यक्ति के रूप में हो गया। पीएनबी आरसेटी धर्मशाला में प्रशिक्षण लेने के बाद, सीमा समय-समय पर विकास खंड की पंचायतों का दौरा करने लगीं, वहां वे एनआरएलएम के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से बातचीत करतीं और उन्हें वित्तीय साक्षरता के पाठ पढ़ातीं।

## जीवन में सबसे पहले ईमानदार इंसान बनना जरूरी: शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि आज के सभी समाचार पत्र हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम की खबरों से भरे पड़े हैं। मेरिट में आने वाले छात्रों की हंसती मुस्कराती हुई फोटो को देख कर मन बहुत प्रसन्न हुआ। उन्होंने कहा कि मेरिट में आने वाले सब छात्र इस सफलता के बाद अपनी अगली इच्छा प्रकट कर रहे हैं। कोई डाक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर बनना चाहता है तो कोई अध्यापक बनना चाहता है। मैंने बड़े ध्यान से सारे समाचार पढ़े। इन परिश्रमी बच्चों को उन्होंने अपनी शुभकामनाएं दी हैं। जीवन में यह बच्चें जो भी बनना चाहते है वे अवश्य बने परंतु मेरी एक बात अवश्य याद रखें कुछ भी बनने से पहले एक अच्छा ईमानदार मनुष्य अवश्य बनें। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष की आईएएस परीक्षा में वर्ष 2000 में 21 साल की पूजा सिंघल पूरे भारत में प्रथम आई थी। कुछ समय के बाद झारखंड में खनिज विकास निगम में प्रबंध निदेशक के पद पर लगी। वहां भ्रष्टाचार के एक गंभीर मामले में पकड़ी गई। उन्होंने कहा कि पूजा सिंघल बहुत योग्य तो बनी परंतु अच्छी मनुष्य नहीं बनी। उन्होंने कहा जीवन में परीक्षा के अंक ही काफी नहीं होते। सबसे महत्वपूर्ण मनुष्य का चरित्र होता है।

## न्यूगल पब्लिक स्कूल भवारना के छात्र अर्कित ने प्राप्त किए 97.4 प्रतिशत अंक

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना का इस वर्ष दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार एवं सराहनीय एवं शत-प्रतिशत रहा। इससे पूरे विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र अर्कित ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अभिषेक ने 91.2 प्रतिशत, निकिता ने 90 प्रतिशत, रितिका ने 84 प्रतिशत, गोविंद ने 75 प्रतिशत, आयुष कुमार ने 73 प्रतिशत, ईशिका ने 72 प्रतिशत तथा नितिन ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा स्कूल के अन्य सभी विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अशोक कटोच तथा अध्यक्ष अंकुर कटोच ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार भविष्य में भी इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा गुलेरिया ने छात्र अर्कित को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार सफलता संभव हो पाई है। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं सभी अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



# बढ़ता तापमान वनाग्नि का बड़ा कारण

◆ सीएसआईआर के वैज्ञानिकों ने किया पश्चिमी हिमालय में वनाग्नि के बदलते रुझानों का अध्ययन

अनंत ज्ञान



**पालमपुर।** पर्यावरणीय अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर के वैज्ञानिकों ने पश्चिमी हिमालय में वनाग्नि के बदलते रुझानों का विस्तृत अध्ययन किया।

दो दशकों के उपग्रह आंकड़ों के आधार पर किए गए इस अध्ययन में डॉ. अमित कुमार और उनके छात्र डॉ. सुनील कुमार ने पाया कि वनाग्नि की घटनाएं न केवल अधिक हैं, औसतन लगभग 1300 घटनाएं प्रतिवर्ष, बल्कि ये ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर भी बढ़ रही हैं, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को दर्शाता है। अध्ययन के अनुसार, वनाग्नि का मौसम फरवरी से जून तक रहता है, जिसमें मई माह में सर्वाधिक घटनाएं होती हैं। इस दौरान उच्च तापमान और लंबे समय तक सूखे की स्थिति आग के तेजी से फैलने के लिए अनुकूल वातावरण बनाती है। यद्यपि वनाग्नि को अक्सर मानव-जनित माना जाता है, लेकिन अध्ययन से स्पष्ट है कि अनुकूल मौसम परिस्थितियां जैसे बढ़ता तापमान और शुष्कता इसके प्रसार में अहम भूमिका निभाती हैं। वन प्रकारों में चिरपाइन (57 फीसदी) सबसे अधिक संवेदनशील पाया गया।

इसके बाद पर्णपाती चौड़ी पत्ती वाले वन (24 फीसदी) और झाड़ी क्षेत्र आते हैं। अध्ययन में पाया कि भूमि सतह तापमान का प्रभाव वर्षा की तुलना में अधिक है, जो बढ़ती गर्मी के कारण आग के जोखिम को बढ़ाता है। वनाग्नि की प्रवृत्तियां न केवल बढ़ रही हैं बल्कि उल्लेखनीय रूप से ऊंचे इलाकों की ओर भी जा रही हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने कहा कि वनाग्नि के बदलते पैटर्न और बढ़ते तापमान के बीच मजबूत संबंध को देखते हुए बेहतर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और उन्नत रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस आधारित प्रबंधन, जैसे ड्रोन आधारित थर्मल और मल्टी स्पेक्ट्रल मॉनिटरिंग को अपनाना आवश्यक है। यह शोध कार्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के सतत प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## शिमला से कांगड़ा पहुंची एलाइंस एयर की फ्लाइट



**अनंत ज्ञान, गगल।** कुछ महीनों से बंद पड़ी एलाइंस एयर की विमान सेवा सोमवार से फिर शुरू हो गई। एलाइंस एयर की उड़ान सुबह 10:15 बजे कांगड़ा एयरपोर्ट पर उतरी, जहां एयरपोर्ट अधिकारियों ने विमान का स्वागत किया। विमान में दो यात्री शिमला से कांगड़ा पहुंचे, जबकि पांच यात्री कांगड़ा से शिमला रवाना हुए। इसके बाद विमान सुबह 10:50 बजे वापस शिमला के लिए उड़ान भर गया।

## 4 लाख पूर्व कर्मियों डीए एरियर पर कुंडली मारकर बैठी प्रदेश सरकार : घनश्याम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा नेता व पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि करीब 48 माह से लगभग 4 लाख पूर्व कर्मियों का डीए एरियर लंबित है, जबकि वर्ष 2016 से 2021 के बीच सेवानिवृत्त कर्मियों को लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी और अन्य भत्तों का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की स्थिति भी खराब है और उन्हें समय पर पेंशन नहीं मिल रही, जिसका उदाहरण एचआरटीसी के पेंशनर्स हैं। घनश्याम शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में वित्तीय प्रबंधन पूरी तरह चरमरा गया है और महंगाई भत्ते की 15 प्रतिशत किस्तें लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया और पूर्व कर्मियों की समस्याओं की अनदेखी की है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि सरकार पर 17 से 18 हजार करोड़ रुपये की देनदारियां लंबित हैं।

## अंशिका ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में कांगड़ा हिम मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। अंशिका ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि महक ने इसी वर्ग में रजत पदक हासिल किया। आयुष ने 32 किलो वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं प्रिंस ने -52 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक तथा आयुष चौधरी ने रजत पदक जीता। सीनियर वर्ग के -75 किलो भार वर्ग में सक्षम ने स्वर्ण पदक हासिल कर अकादमी का नाम रोशन किया। कोच राजेश कुमार ने बताया कि पदक विजेता खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो संभावित रूप से मंडी या कुल्लू में आयोजित होगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी


ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में वुशू स्पर्धा आयोजित। अनंत ज्ञान

## नगर निकाय व पंचायतीराज चुनाव भविष्य को दिशा देने का अवसर : डॉ. सोमल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में नगर निकाय और पंचायतीराज चुनाव, भविष्य को दिशा देने का अवसर है। आजादी के बाद हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें एक सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था दी, जिसमें हम अपनी सरकार खुद चुनते हैं, चाहे वह केंद्र में हो, राज्य में हो या पंचायत स्तर पर। यह बात लोकतांत्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान के प्रदेश कन्वीनर डॉ. अशोक कुमार सोमल ने सोमवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हमारे वोट की ताकत ही हमारी असल शक्ति है, इसलिए हमें ऐसे प्रतिनिधि चुनने चाहिए जो ईमानदार, सक्षम और समाज के प्रति समर्पित हों, और जो स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हमारी पंचायतें, नगर पंचायतें, नगर परिषद और नगर निगम, हरि भरी, स्वच्छ, खुशहाल, शिक्षित, सुरक्षित और ड्रग मुक्त बने। जल, वायु और मिट्टी की स्वच्छता व संरक्षण सुनिश्चित हो। पर्यावरण स्वास्थ्यवर्धक हो और समाज में सौहार्द बना रहे। हर व्यक्ति को रोजगार के अवसर मिलें। इसके लिए हमें अपने प्रतिनिधियों को सोच समझकर चुनना है। हमें उन्हें उनकी प्रतिबद्धता, ईमानदारी और कार्यक्षमता की कसौटी पर परखना है। जनता को यह समझना भी जरूरी है कि पंचायत के सारे निर्णय आम सभा की स्वीकृति से होते हैं। और बाद में उसी सभा द्वारा उनका अनुमोदन भी किया जाता है। यानी स्थानीय शासन पूरी तरह जनता की इच्छा पर आधारित होता है। इसलिए यह हम पर निर्भर करता है कि हमारा लोकतंत्र कैसा होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### थुरल स्कूल की अदिति शर्मा ने झटके 679 अंक



**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय थुरल का परिणाम 80.3 प्रतिशत रहा। कुल 61 विद्यार्थियों में से 49 उत्तीर्ण हुए, 7 अनुपूरक परीक्षा में बैठेंगे और 5 को पुनरावृत्ति करनी होगी। अदिति शर्मा ने 679 अंक लेकर प्रथम स्थान, शगुन पठानिया ने 656 अंक लेकर द्वितीय और अवंतिका ने 633 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनुपम बाला ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी तथा एसएमसी प्रधान व सदस्यों ने भी पूरे स्टाफ को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

### गढ़ जमूला स्कूल का परिणाम बेहतरीन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला का 10वीं कक्षा का परिणाम बेहतरीन रहा। परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत रहा। आवंशिका कुमारी पुत्री दिनेश कुमार ने 664 अंक प्राप्त करके पहला, आर्यन पुत्र सुभाष कुमार ने 651 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया। दिव्या शर्मा पुत्री अजय कुमार ने 639 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय में 21 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में व 7 बच्चे 75 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 3 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय प्रधानाचार्य मीनू सूद ने सभी बच्चों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

### क्रशर उद्योगपतियों ने एसडीएम को सौंपा विज्ञापन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** उपमंडल इंदौरा के अंतर्गत क्रशर उद्योग संचालकों रणजीत सिंह, करतार सिंह और गनदीप सिंह पम्मु ने आरोप लगाया कि वे नियमों के तहत कार्य करने के बावजूद सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार और ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा झूठा प्रचार कर उद्योग और अधिकारियों के विरुद्ध अभद्र भाषा का उपयोग किया जा रहा है। संचालकों ने बताया कि उनके पास वैध परमिट है और वे लीज भूमि पर खनन कर सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व दे रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की और सुरेंद्र ठाकुर को ज्ञापन सौंपा।

### बारी वार्ड में उमड़ा जनसैलाब, परमार ने भरा जोश



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के बारी वार्ड 25 से भाजपा समर्थित जिला परिषद प्रत्याशी अनुपमा कुमारी के नामांकन में भारी जनसैलाब उमड़ा। इस अवसर पर विधायक विपिन सिंह परमार ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और प्रत्याशी को शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम में भाजपा समर्थकों का उत्साह देखने लायक रहा और नारों से वातावरण गूंज उठा। विपिन सिंह परमार ने कहा कि जनता विकास और पारदर्शिता के साथ है तथा चारों वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को भारी समर्थन देगी।

### बिजली बिल जमा करने की अंतिम चेतावनी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उप मंडल ढलियारा के उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि जिनके अप्रैल या उससे पहले के बिजली बिल बकाया हैं, वे शीघ्र भुगतान करें। सहायक अभियंता ई. मनीष कुमार सन्धू ने बताया कि उपभोक्ता बिल कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर भुगतान न करने पर बिना पूर्व सूचना के कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिए जाएंगे। यह अंतिम सूचना मानी जाए।

### नरेश ने समर्थनों के साथ भरा नामांकन



**अनंत ज्ञान, गरली।** ठाकुरद्वारा पंचायत में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। करियाडा निवासी एवं सेवानिवृत्त प्रवक्ता नरेश कुमार जम्वाल ने प्रधान पद के लिए सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच हुए इस शक्ति प्रदर्शन से चुनावी मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। नरेश जमुआल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता विकास, पारदर्शिता और जनसेवा है तथा हर घर तक सुविधाएं पहुंचाना उनका लक्ष्य रहेगा।

### बच्चों ने माताओं के चरण धोकर दिया संस्कारों का संदेश



**अनंत ज्ञान जयसिंहपुर ।** मिनर्वा पब्लिक स्कूल आलमपुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम का भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे अब तक 30 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं। इसमें छोटे बच्चों ने अपनी माताओं के चरण धोकर, उन्हें गले लगाकर और आशीर्वाद लेकर सम्मान प्रकट किया। इस दृश्य ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय द्वारा भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रयासों की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# धर्मशाला शहर हुआ क्रिकेटमय, युवाओं में भारी क्रेज

## हर तरफ नजर आए आईपीएल टीमों के झंडे और जर्सियां, दोपहर को ही स्टेडियम रोड पर लग गया मेला

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** पंजाब और दिल्ली के बीच मैच शुरू होने से घंटों पहले ही पूरा शहर क्रिकेटमय हो गया। दिनभर धर्मशाला की सड़कों पर चहल-पहल बनी रही। बाजारों में हर तरफ आईपीएल की जर्सियां, पोस्टर और झंडे नजर आ रहे हैं, जिससे पूरी पर्यटन नगरी एक उत्सव स्थल में तब्दील हो गई है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि क्रिकेट के इस महाकुंभ से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि छोटे स्तर के स्वरोजगार करने वालों की भी अच्छी कमाई हो रही है। मैच को लेकर उत्साह इस कदर था कि दोपहर 2 बजे से ही स्टेडियम के बाहर दर्शकों का तांता लगना शुरू हो गया था। हालांकि एंट्री शाम 4:30 बजे शुरू होनी थी, लेकिन 3 बजे तक गेटों पर लंबी लाइनें लग चुकी थीं। स्टेडियम के बाहर का



स्टेडियम के बाहर दोपहर 2 बजे से दर्शकों का लगा तांता।

नजारा किसी मेले से कम नहीं था। नन्हे बच्चों से लेकर युवाओं तक, हर कोई अपनी पसंदीदा टीम की जर्सी पहने और चेहरे पर तिरंगा व टीम का नाम लिखवाए नजर आया। जोश से लबरेज युवा 'किंग्स पंजाब' और दिल्ली कैपिटल्स के नारे लगाते दिखे।

**धोनी, श्रेयस, राहुल का क्रेज:** दिलचस्प बात यह रही कि भले ही मुकाबला पंजाब और दिल्ली के बीच था, लेकिन स्टेडियम में महेंद्र सिंह धोनी के फैंस की भी कमी नहीं थी। पंजाब से आए प्रशंसक जसप्रीत ने बताया कि धोनी की टीम का मैच न होने के बावजूद उनके प्रति क्रेज कम नहीं हुआ है। इसके अलावा फैंस के बीच श्रेयस अय्यर, डेविड मिलर और केएल राहुल की जर्सियों की भी भारी मांग रही। चंडीगढ़ से आए जर्सी व्यापारी मनजीत के अनुसार, 100 से 250 रुपए की रेंज में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की जर्सियां सबसे ज्यादा बिकीं। आईपीएल के इस सीजन ने धर्मशाला के स्थानीय कारोबारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। लंबे समय के इंतजार के बाद व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है।

### ई-टिकट एंट्री से दर्शकों में नाराजगी

**धर्मशाला** में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान ई-टिकट से प्रवेश व्यवस्था को लेकर दर्शकों में नाराजगी देखने को मिली। गेट पर क्यूआर स्कैनिंग में देरी के कारण लंबी कतारें लग गईं और भारी भीड़ जमा हो गई। महिलाओं और बच्चों के लिए अलग लाइन की व्यवस्था की गई, लेकिन कई लोगों को एक ही मोबाइल में टिकट होने से प्रवेश में दिक्कत हुई। इस कारण कुछ स्थानों पर स्थिति तनावपूर्ण बनी रही और पुलिस को व्यवस्था संभालनी पड़ी।

### पंजाबी हैं, पंजाब किंग्स को करेंगे स्पोर्ट

**धर्मशाला** में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए आईपीएल मैच के दौरान पंजाब से आए दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला। स्टेडियम की ओर जाते समय फैंस 'पंजाबी आ गए ओए' के नारे लगाते नजर आए। दर्शकों ने कहा कि वे अपनी टीम पंजाब किंग्स को सपोर्ट करने आए हैं और इस बार टीम खिताब जीत सकती है। कमलजीत, बोनी, हरमन और राजिंदर जैसे फैंस ने टीम के प्रदर्शन पर भरोसा जताया और कहा कि आगे के मैचों में पंजाब शानदार वापसी करेगा। पंजाब के दर्शक धर्मशाला के ठंडे और सुहावने मौसम के भी कायल नजर आए और उन्होंने कहा कि यहां मैच का आनंद दोगुना हो गया है।

### होटल पैक, कांगड़ी धाम का स्वाद और ट्रैफिक व्यवस्था सख्त

**धर्मशाला** में आईपीएल मुकाबलों का रोमांच सोमवार से शुरू हो गया। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को देखने देश-विदेश से दर्शक पहुंचे, जिससे धर्मशाला और मैक्लोडगंज के होटल पूरी तरह पैक हो गए। पर्यटन कारोबार में तेजी आने से होटल व्यवसायियों में खुशी है। स्टेडियम के बाहर सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी थी, जबकि दोपहर बाद ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी रही। शहर में सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान पर्यटकों को कांगड़ी धाम का स्वाद भी मिल रहा है, जिससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिला है। होटल एसोसिएशन ने इस सीजन को पर्यटन के लिए बेहद लाभकारी बताया है।

# बैजनाथ में अंधड़ और तूफान से भारी तबाही, जनजीवन प्रभावित

## उतराला रोड, सुकारना, संसाल और छोटा भंगाल में गिरे पेड़, कई क्षेत्रों में बिजली ठप

◆ पेड़ गिरने से वाहन भी क्षतिग्रस्त, बिजली पोल और तारें टूटीं

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बीती आधी रात आए तेज अंधड़ और तूफान ने बैजनाथ क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया है। कहीं मकानों की छतें उड़ गईं, तो कहीं विशाल पेड़ गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस प्राकृतिक आपदा में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। तूफान के चलते उतराला रोड, सुकारना, संसाल और छोटा भंगाल सहित कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े पेड़ धराशायी हो गए, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध हो गईं और लोगों को रातभर भारी





उतराला में पेड़ गिरने से स्कूटी व गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई।

परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक नुकसान बिजली विभाग को झेलना पड़ा। जगह-जगह पेड़ गिरने से बिजली के पोल और तार टूट गए, जिससे अनेक क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। प्रशासन और विद्युत विभाग की टीमों ने रातभर राहत कार्य चलाकर स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास किया।

उतराला रोड में एक भारी भरकम पेड़ गिरने से वहां खड़ी स्कूटी और एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, सुकारना-सकड़ी क्षेत्र में लगभग दर्जनभर पेड़ गिर गए। इनमें से कई पेड़ मकानों पर गिरने से घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने बताया कि प्रशासन ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं बहाली कार्य तेज़ी से शुरू कर दिए थे। उनकी निगरानी में अधिकांश क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है और प्रभावित इलाकों में स्थिति सामान्य करने के प्रयास लगातार जारी हैं।

### पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल मार्ग बाधित, कई स्थानों पर गिरे पेड़ और चट्टानें



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बारिश और आंधी तूफान ने पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल मार्ग पर बड़ा असर डाला है। बैजनाथ पपरोला-पालमपुर तथा बैजनाथ पपरोला-जोगिंद्रनगर रेल खंड के बीच पेड़ और भारी चट्टानें गिरने से रेल यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बैजनाथ पपरोला-जोगिंदर नगर रेल खंड के बीच आहजू नामक स्थान पर पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर रेल पटरी पर आ गिरे, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। बैजनाथ पपरोला-पालमपुर रेल खंड के बीच पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हो गया है। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने फिलहाल इन दोनों रेल खंडों के बीच रेलगाड़ियों की आवाजाही बंद कर दी है। रेलवे की टीमें मौके पर पहुंचकर पेड़ों और चट्टानों को हटाने के कार्य में जुटी हुई हैं।

### आंधी-तूफान से अंधेरे में डूबा डाडासीबा क्षेत्र, नौ घंटे ठप रही बिजली

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** रविवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान ने डाडासीबा और आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचा दी। खराब मौसम के चलते देहरा से डाडा सीबा आने वाली 33 केवी एचटी विद्युत लाइन गांव रोडी कोडी-नंगल चौक क्षेत्र में पेड़ों की टहनियां गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब नौ घंटे तक ठप रही, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई गांवों में पेयजल योजनाएं भी प्रभावित रहीं। तेज हवाओं के कारण आम और लीची के बागानों को भी नुकसान पहुंचा है तथा कच्चे फल गिरने से बागवान चिंतित हैं। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने खराब मौसम के बावजूद युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य किया। सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि कर्मचारियों के लगातार प्रयासों से बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। उन्होंने लोगों से खराब मौसम में बिजली तारों से दूर रहने की अपील की।

### नई जोड़ी



रेहन के रवि और गुरियाल की निशा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### नगर निगम चार साल से कांग्रेसी नेताओं की राजनीति का आखाड़ा: संजीव शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने सुक्खू सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। भाजपा के संगठनात्मक जिला कांगड़ा के सह प्रभारी संजीव शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद धर्मशाला नगर निगम के विकास कार्य ठप हो गए हैं और जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि निगम जनता की समस्याओं के समाधान की बजाय राजनीतिक अखाड़ा बनकर रह गया है। संजीव शर्मा ने दावा किया कि नगर निगम के सभी 17 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर बेरोजगारी, बढ़ते अपराध, नशे और आर्थिक कुप्रबंधन के आरोप लगाए। शर्मा ने कहा कि सरकार ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए और हर वर्ग को निराश किया है। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को करारा जवाब मिलेगा।

# एंजल पब्लिक स्कूल भवारना के छात्रों ने लहराया परचम

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना के छात्रों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए दसवीं कक्षा के नतीजे में शानदार अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि से पूरे स्कूल परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल छाया हुआ है। प्रथम स्थान पर स्वरित (93. 8), द्वितीय स्थान पर आस्था(92.5), तृतीय स्थान पर संभव जॉन (86.4) और देवांश (86.4), चतुर्थ स्थान पर अर्णव जॉन (85.8), पांचवे स्थान पर प्रगुण शर्मा (84) तथा छठे स्थान पर अंशिका जरयाल ने (80.2) प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकगणों को हार्दिक बधाई दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के पूर्ण सहयोग का परिणाम है।

### देहरा पुलिस का विशेष अभियान, स्कूली वाहनों की जांच तेज

**अनंत ज्ञान, देहरा।** पुलिस जिला देहरा में आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। जिला के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग और नाकाबंदी की गई, जिसमें स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। पुलिस ने स्कूल बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, परमिट और चालकों के लाइसेंस की जांच की। साथ ही फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस और इमरजेंसी एग्जिट का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस ने चालकों को गति सीमा का पालन करने और नशे व मोबाइल प्रयोग से दूर रहने की चेतावनी दी। पंचायत चुनावों के चलते संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त भी बढ़ाई गई है। एसपी मयंक चौधरी ने कहा कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जसवां-परागपुर में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** परागपुर ब्लॉक में जिला परिषद चुनावों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने भारी उत्साह के बीच अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। बणी वार्ड से विक्कू पुजारी, परागपुर से केशव रत्न और घाटी वार्ड से शुभम ने चुनाव मैदान में ताल ठोंक दी है।


नामांकन प्रक्रिया के दौरान स्थानीय विधायक बिक्रम ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे और उन्होंने सभी प्रत्याशियों का हौसला बढ़ाया। नामांकन से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर देहरा एसडीएम



जिला परिषद के तीनों उम्मीदवार विधायक बिक्रम ठाकुर के साथ।

कार्यालय तक एक विशाल रैली निकाली। इस रैली में कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था और पूरा मार्ग नारों से गूंज उठा। बिक्रम ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जसवां परागपुर की जनता चारों प्रत्याशियों को अपना भरपूर आशीर्वाद देगी। कार्यकर्ताओं की भारी मौजूदगी और इस शक्ति प्रदर्शन ने क्षेत्र के राजनीतिक समीकरणों को गर्मा दिया है। विधायक की सीधी निगरानी और कार्यकर्ताओं के इस आक्रामक रुख से चुनाव अब और भी दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है।आने वाले दिनों में प्रचार अभियान और भी तेज होने की संभावना है।

### बैजनाथ में प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ भरा नामांकन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला परिषद के संसाल, अबेरी, कुंदेल और तरेहल वार्डों से भाजपा प्रत्याशियों ने सोमवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता मुल्खराज प्रेमी के नेतृत्व में नामांकन पत्र दाखिल किए। पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि भाजपा के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव प्रचार में जुटना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है, जहां सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, सुरेंद्र राणा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में बच्चों ने लूटी वाहवाही





ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर में चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्रेटरी कंवलजीत सिंह और प्रधानाचार्या अनुमीत कौर की अध्यक्षता में मातृ दिवस मनाया गया। इस मौके पर नर्सरी कक्षा के छात्रों के अभिभावक विशेष तौर पर आमंत्रित थे।

सर्वप्रथम तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा चौथी तक के छात्रों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति पेश कर इस प्रोग्राम को रोचक बनाया। छात्रों ने नृत्य, भाषण, कविताएं और नाटक प्रस्तुत कर आए हुए मेहमानों का दिल जीत लिया।

अभिभावकों के लिए खेलों का आयोजन किया गया और जीतने पर इनाम रखे गए। अभिभावकों के खाने-पीने का भी अच्छा प्रबंध किया गया। स्कूल के इस प्रयास से आए हुए सभी अभिभावक बहुत प्रसन्न हुए और अंत में प्रधानाचार्या जी ने सभी का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया।

**बदलाव** डेढ़ शताब्दी बाद बदलेगा योल का प्रशासनिक स्वरूप, चुनाव को लेकर उत्साह

# योल में लोकतंत्र का नया अध्याय

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** धर्मशाला उपमंडल का ऐतिहासिक कस्बा योल इन दिनों एक बड़े प्रशासनिक और सामाजिक बदलाव का साक्षी बन रहा है। लगभग डेढ़ शताब्दी तक सैनिक छावनी और छावनी परिषद व्यवस्था के अंतर्गत रहने वाला यह क्षेत्र अब पूर्ण रूप से पंचायत व्यवस्था की ओर बढ़ चुका है। लगभग 1849 के बाद ब्रिटिश शासन ने योल को एक महत्वपूर्ण सैनिक छावनी के रूप में विकसित किया, जहां सड़क, पानी और सफाई जैसी व्यवस्थाएं छावनी परिषद के माध्यम से संचालित होती थीं। आजादी के बाद भी यह क्षेत्र सैन्य और व्यापारिक कस्बे के रूप में अपनी पहचान बनाए रखता रहा।

विभाजन के बाद पश्चिमी पंजाब से आए परिवारों ने यहां बसकर व्यापार को मजबूत किया, जिससे योल एक प्रमुख बाजार केंद्र बन गया। छावनी परिषद व्यवस्था में प्रशासनिक नियंत्रण सेना और केंद्र सरकार के हाथों में रहा, जिससे स्थानीय भागीदारी सीमित थी। 27 अप्रैल 2023 को केंद्र सरकार ने छावनी परिषद का विघटन कर नागरिक क्षेत्रों को पंचायत व्यवस्था के अंतर्गत लाने की प्रक्रिया शुरू की। यह योल के इतिहास में एक बड़ा प्रशासनिक परिवर्तन माना जा रहा है।

**पुनर्गठन के तहत:** चतैड़, लेहसर, बणी जैसी नई पंचायतों का गठन हुआ, जबकि कुछ क्षेत्र नरवाना पंचायत के साथ जोड़े गए। पहले जहां पूरे वार्ड से केवल एक सदस्य चुना जाता था

**अब पंचायत व्यवस्था :** लगभग 28 वार्ड पंच, 4 प्रधान,और 4 उपप्रधान चुने जाएंगे। इस बदलाव से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में आने का अवसर मिला है। कस्बे में चुनावी उत्साह साफ दिखाई दे रहा है।

### 50 साल बाद पंचायत चुनाव को लेकर उत्साह: मोहिंद्र



**योल** कस्बे में सब्जी विक्रेता मोहिंद्र का कहना है। कि इसमें कोई शक नहीं है अपनी जिंदगी के 50 वर्ष पूरे करने के उपरांत पहली बार पंचायत चुनाव के लिए हम वोट करने जा रहे हैं। उत्साह पूरा है और हम चाहते हैं कि पढ़े-लिखे और लोगों की समस्याओं को समझने वाला इंसान जीत कर हमारे पंचायत का नेतृत्व करें।

### लक्ष्मी छेत्री बोलीं—युवाओं को मिला बड़ा मौका



**ग्रहणी** लक्ष्मी छेत्री का कहना है कि बहुत खुशी की बात है कि क्षेत्र के काफी लोगों को खासकर के नौजवानों को मौका मिल रहा है। अपने इलाके का प्रतिनिधित्व करने का और हम आशा करते हैं कि अच्छे लोग चुनकर आएंगे, जो कि यहां की समस्याओं को समझेंगे और जल्दी से जल्दी उसका निपटारा करवाएंगे।

### पंचायत व्यवस्था से विकास की नई उम्मीद: शशि



**स्थानीय** नागरिक और बुजुर्ग शशि पाल गौतम का कहना है कि पहली बार लग रहा है कि हमारा वार्ड और हमारी गली भी पंचायत राजनीति में सीधे शामिल हुई है। योल आज केवल एक पुरानी छावनी नहीं, बल्कि बदलते लोकतंत्र का प्रयोग बन चुका है। यहां अब सवाल केवल चुनाव का नहीं, बल्कि इस बात का है कि बढ़ती राजनीतिक भागीदारी को सामाजिक एकता और विकास के साथ कैसे जोड़ा जाए। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि पंचायत व्यवस्था विकास कार्यों, स्थानीय रोजगार, सड़क, सफाई, और नागरिक सुविधाओं को पहले से अधिक गति देगी।

# शहीद स्मारक धर्मशाला में आईएनएस मैसूर व विजय सिंधु पनडुब्बी का लोकार्पण



लोकार्पण करते वाइस चीफ एडमिरल संजय वात्स्यायन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शहीद स्मारक धर्मशाला में सोमवार को आईएनएस मैसूर तथा विजय सिंधु पनडुब्बी का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के वाइस चीफ एडमिरल संजय वात्स्यायन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शहीद स्मारक पहुंचने पर समिति के प्रधान कर्नल डढवाल और गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। समिति के प्रेस सचिव कुलदीप बंटा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सेना की टुकड़ी ने वाइस चीफ एडमिरल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। इसके बाद एडमिरल संजय वात्स्यायन ने आईएनएस मैसूर तथा विजय सिंधु पनडुब्बी का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के दौरान कर्नल डढवाल ने उन्हें शहीद स्मारक के मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी भी दी। इस अवसर पर भारतीय सेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा, नागरिक प्रशासन के अधिकारी, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के एनसीसी कैडेट्स तथा क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी भड़ोली के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से अनुमोदित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 3 से 9 तक के छात्रों ने कुल 7 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य पदक प्राप्त किए। स्वर्ण पदक विजेताओं में वृशांक पंजयान, अरनव स्याल, वृशांक शर्मा, श्रेयसी, यशिका ठाकुर, अनाया और यशमिता ठाकुर शामिल रहे। रजत पदक काव्या ठाकुर, सुशेन चौधरी, ईशाना शर्मा, अन्वी कश्यप, अन्वेषा सूद और समीक्षा ने प्राप्त किए, जबकि कांस्य पदक आनवित्ता शर्मा, गुनीत कौंडल और अक्षिता राणा को मिला। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने बधाई दी।

### सुखविंद्र सिंह बने रोपा सहकारी सभा के प्रधान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** जिला हमीरपुर ब्लॉक टौणी देवी की रोपा प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव प्रशासक पवन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए जिसमें सुखविंद्र सिंह को प्रधान, होशियार सिंह को उप प्रधान, नन्द लाल, रमेश चंद व सुरेश कुमार को कमेटी सदस्य चुना गया।

### बाबा बालक नाथ मॉडल स्कूल का रिजल्ट सराहनीय

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में बाबा बालक नाथ न्यास द्वारा संचालित बाबा बालक नाथ मॉडल स्कूल चकमोह के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। स्यक्षा जगोता ने 677 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, तनु प्रिया ने 653 अंक के साथ दूसरा तथा कशिश शर्मा ने 642 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्याध्यापक ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भगवती पब्लिक स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य आरती कटोच ने बताया कि अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इशिका ने 645 अंक लेकर प्रथम, अक्षिता ने 627 अंक लेकर द्वितीय, सारांश ने 621 अंक लेकर तृतीय और शशिका ने 620 अंक लेकर चतुर्थ स्थान हासिल किया। कुल विद्यार्थियों में से अधिकांश ने 75 से 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी।

### 5जी प्रयोगशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में 5 दिवसीय 5जी प्रयोगशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त महानिदेशक दूरसंचार वीरेंद्र कुमार, उप महानिदेशक प्रौद्योगिकी संदीप आर्य और सहायक निदेशक प्रौद्योगिकी रमेश कुमार उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण 11 से 15 मई 2026 तक कोरल टेलीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के विशेषज्ञों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को 5जी तकनीक का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, नवाचार को बढ़ावा देना और उन्हें स्टार्टअप एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित करना है।

### सीनियर सिटीजन काउंसिल की प्रशासन से भेंट



**अनंत ज्ञान, अनिल कुमार, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के नवनिर्वाचित और पूर्व सदस्यों ने सोमवार को अध्यक्ष भगवान दास शास्त्री की अध्यक्षता में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक गर्ग और पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ठाकुर से भेंट की। इस दौरान अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए गुलदस्ता और रामचरितमानस भेंट किया तथा हमीरपुर में पदभार संभालने पर बधाई दी। उन्होंने संस्था की गतिविधियों जैसे मेडिकल कॉलेज में निशुल्क भोजन, दवाइयों की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण, गौशालाओं को चारा और आपदा पीड़ितों की सहायता की जानकारी दी। अधिकारियों ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# बड़सर उपमंडल में आंधी-तूफान से भारी तबाही

## क्षेत्र में बिजली लाइनों और खंभों पर गिरे पेड़, 40 बिजली पोल हुए क्षतिग्रस्त

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** उपमंडल बड़सर की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। यहीं नहीं सड़क किनारे खड़े सूखे और झुके चीड के पेड़ बड़ी संख्या में बिजली लाइनों और खंभों पर गिर गए, जिससे बिजली विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार, उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 40 बिजली पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

अधिकतर पोल रोड और अन्य मुख्य मार्गों के किनारे लगे हुए थे। कई जगह पेड़ गिरने से बिजली की तारें टूटकर सड़कों और खेतों में जा गिरीं, जिससे रातभर गांव अंधेरे में डूबे रहे। बिझड़ी बाजार में भी रविवार रात से ही बत्ती गुल है। सोमवार शाम तक विभाग विद्युत सप्लाई को बहाल करने में नाकाम रहा है। क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित रही। तूफान के बाद बिजली विभाग की टीमें पूरी रात और सोमवार सुबह से फील्ड में डटी हुई हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार करीब 40 प्रतिशत बिजली ढांचा प्रभावित हुआ है। साथ ही लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रशासन ने लोगों से टूटे बिजली तारों से दूर रहने और सतर्कता बरतने की अपील की है। आंधी-तूफान के कारण बिजली विभाग को काफी नुकसान हुआ है। एक्सईएन सुनील भाटिया ने बताया कि विभाग की सभी टीमें फील्ड में बहाली कार्य में जुटी हुई हैं। जिन क्षेत्रों में कम नुकसान हुआ है, वहां जल्द बिजली बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं, वन विभाग अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि वन विभाग सड़क किनारे झुके और सूखे पेड़ों की लगातार पहचान की जा रही है। कई स्थानों पर पेड़ों की कटाई और छंटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं और नुकसान को रोका जा सके।





तूफान से बिजली के खंभे पर गिरा पेड़। अनंत ज्ञान

## पहले हिमाचल की बिगड़ती आर्थिक हालत देखें कांग्रेस नेता : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस के पूर्व नेता प्रेम कौशल द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह पर दिए बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताया और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगभग 365 लाख करोड़ रुपए, की अर्थव्यवस्था संभाल रही है, जबकि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगभग 2.55 लाख करोड़ रुपए है और राज्य पर 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2026 तक राज्य का कुल ऋण 1.01 लाख करोड़ रुपए पार कर चुका है। राकेश ने कहा कि सुक्खू सरकार ने तीन वर्षों में भारी कर्ज लिया है, जिससे प्रदेश पर वित्तीय बोझ बढ़ा है। उन्होंने कांग्रेस पर आर्थिक कुप्रबंधन और राजनीतिक हताशा का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

# काले अंब पंचायत से रतन चंद डोगरा ने भरा प्रधान पद के लिए नामांकन



नामांकन पत्र दाखिल करते रतन चंद डोगरा। अनंत ज्ञान

- विकास कार्यों और जनसेवा के दम पर जनता से मांगा समर्थन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** काले अंब पंचायत में पंचायत चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पंचायत में विकास कार्यों और जनसेवा के लिए पहचान रखने वाले रतन चंद डोगरा ने प्रधान पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग उनके साथ मौजूद रहे। रतन चंद डोगरा ने कहा कि उन्होंने हमेशा बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पंचायत के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि पंचायत में स्कूल, सड़कों, संपर्क मार्गों और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किया गया है। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र की जनता उनके कार्यों से भलीभांति परिचित है और उन्हें पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी भी दो बार पंचायत प्रधान रह चुकी हैं और उनके कार्यकाल में पंचायत में कई विकास कार्य हुए। पंचायत को बेहतर कार्यों के लिए सरकार की ओर से पांच लाख रुपए का पुरस्कार भी मिल चुका है। रतन चंद डोगरा ने पंचायत के बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि यदि जनता ने मौका दिया तो पंचायत के विकास को और गति दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि वे दिखावे की राजनीति नहीं बल्कि जमीन से जुड़कर लोगों की सेवा करने में विश्वास रखते हैं।

## जिला परिषद बिझड़ी वार्ड से संदीप ने भरा नामांकन



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला परिषद बिझड़ी वार्ड से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार संदीप सिंह निक्कू ने एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा के समक्ष नामांकन दाखिल किया। पूर्व सैनिक और कोडरा पंचायत के पूर्व उपप्रधान संदीप सिंह निक्कू मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने कोडरा स्टेडियम निर्माण में भी योगदान दिया है। इस बार वह जिला परिषद चुनाव मैदान में उतरे हैं, जिससे मुकाबला रोचक होता जा रहा है।

## जिला परिषद दांदडू वार्ड से नीना ने भरा पर्चा



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी नीना कुमारी ने दांदडू वार्ड से एसडीएम कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा को नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा, कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया, युवा कांग्रेस नेता रूबल ठाकुर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश लखनपाल, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल पठानिया सहित युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामेश्वर दत्त ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** झंझयाणी वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी रामेश्वर दत्त ने नामांकन पत्र दाखिल किया। रामेश्वर शर्मा भाजपा का एक बहुत ही सिपलासार सिपाही है और उनका मुख्य मुकाबला कांग्रेस के हैवीवेट नेता विपिन ढटवालिया से होगा। उनके साथ विधायक लखनपाल पूर्व प्रधान पवन के जगोता, मंडल अध्यक्ष बड़सर संजीव शर्मा मंडल अध्यक्ष ढटबाल यशवीर सिंह पटयाल सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीडीसी की 27 सीटों के लिए 100 ने किया नामांकन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल में जिला परिषद की चार सीटों के लिए 9 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए, जबकि पंचायत समिति की 27 सीटों के लिए 100 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे। अंतिम दिन 46 उम्मीदवारों ने नामांकन किया, जिससे चुनावी माहौल गर्म हो गया। जिला परिषद वार्ड अमलैहड़ से रविंद्र कुमार गद्दी, सपड़ोह से सीमा देवी, मालग से कंचन धीमान और अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस दौरान कई कांग्रेस समर्थक नेता भी मौजूद रहे और चुनावी गतिविधियों में भाग लिया।

# अग्नि पीड़ित परिवार को दी 11 हजार रुपए की सहायता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के तहत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र खुथड़ी में 6 मई की आधी रात को एक गोशाला में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हुआ था। गोशाला के भीतर रखा सूखा चारा, लकड़ी का ढांचा तथा अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।



11 हजार रुपए भेंट करते अंकुश ठाकुर चैरिटबल ट्रस्ट के सदस्य।

पीड़ित राजेश कुमार पुत्र रूप लाल ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया, तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर गोशाला में बंधे पशुओं को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन धुएं और तेज गर्मी के कारण राहत कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। वहीं मानवता का परिचय देते हुए गलवान अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 11,000 रुपए की राशि प्रदान की। इस दौरान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव शिव प्रकाश शर्मा तथा सदस्य विजय ठाकुर उपस्थित रहे।

## जिला परिषद दांदडू वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला, रजनी ने भरा पर्चा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला परिषद दांदडू वार्ड में चुनावों में नया मोड़ आ गया है, जहां आजाद उम्मीदवार रजनी पीला ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है।



और भाजपा की ओर से रेनू वाला पहले से ही मैदान में हैं। भाजपा समर्थित उम्मीदवार रेनू वाला प्रचार प्रसार में आगे चल रही हैं। चुनावी नतीजा चाहे जो भी

इस वार्ड में अब त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है, जिसमें कांग्रेस की ओर से नीना कुमारी हो, लेकिन दांदडू वार्ड का मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है।

# बाहन्वीं स्कूल की छात्रा खुशी ने 680 अंक लेकर किया नाम रोशन

## 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लिए

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के राजकीय उत्कृष्ट वार्षिक माध्यमिक पाठशाला बाह्नवीं के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के 23 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल की छात्रा खुशी ने 700 में से 680 अंक प्राप्त कर 97 प्रतिशत अंक हासिल किए तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, काजल ने 664 अंक तथा अथर्व ने 659 अंक प्राप्त कर 95 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रिंसिपल निर्मल कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।



प्रिंसिपल निर्मल कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई दी। अनंत ज्ञान

## ईस्ट पॉइंट पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित सत्र 2025-26 के दसवीं एवं जमा दो कक्षा के परीक्षा परिणामों में ईस्ट पॉइंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। दसवीं कक्षा में अथर्व गौतम ने 700 में से 687 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नाटिक ने 681 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि विदुषी सूद ने 668 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों शिवम, नैतिक वर्मा, अक्षरा शर्मा, प्रीति, पलक, ईशा शर्मा, गौरी, शिवांगी, सचिन, मोहिल, वंश, ऋषभ, दिव्यांश, दीक्षित, विवेक, रिजुल, आकाश, आदित्य एवं अलीशा ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रमन वर्मा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

# शिवा पब्लिक स्कूल चंदरुही का परीक्षा परिणाम शानदार

अनंत ज्ञान



- अक्षिता और कृतिका ने मेरिट में बनाई जगह

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के तहत आने वाले शिवा पब्लिक स्कूल चंदरुही के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यालय की दो छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय की छात्रा अक्षिता ने 700 में से 678 अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, बल्कि आसपास के सभी विद्यालयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र में नई उपलब्धि स्थापित की है।

वहीं, छात्रा कृतिका ठाकुर ने 700 में से 674 अंक अर्जित कर शानदार सफलता प्राप्त की। विशेष गौरव की बात यह रही कि दोनों छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में भी अपना स्थान बनाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का वातावरण है। छात्राओं की इस सफलता पर अभिभावकों, शिक्षकों तथा पूरे क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक शर्मा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# वैश्विक तकनीक और नवाचार शक्ति के रूप में उभर रहा भारत : अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, परमाणु ऊर्जा, रक्षा नवाचार, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है।



अनुराग ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भारत की वैज्ञानिक उत्कृष्टता, नवाचार क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता की यात्रा का उत्सव है। उन्होंने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षणों से लेकर आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम तकनीक, स्वदेशी रक्षा निर्माण, सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र और फास्ट ब्रीडर परमाणु रिएक्टर जैसी उपलब्धियों तक भारत की तकनीकी यात्रा आत्मनिर्भर भारत के बढ़ते आत्मविश्वास और क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, इंडिया एआई मिशन, नेशनल क्वांटम मिशन और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन जैसी पहलों के माध्यम से दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नवाचार पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक का निर्माण किया है। आज भारत में 2.25 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और 128 यूनिकॉर्न कार्यरत हैं। देश में हजारों उद्यम डीप-टेक, रोबोटिक्स, जैव प्रौद्योगिकी, ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण और एआई आधारित समाधानों पर कार्य कर रहे हैं।

अनुराग ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत में मजबूत सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण इकोसिस्टम विकसित करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। चिप निर्माण, सेमीकंडक्टर पैकेजिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण और डिजाइन नवाचार में हो रहे निवेश भारत को वैश्विक सप्लाई चेन और रणनीतिक तकनीकों में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बन चुका है, जहां 300 से अधिक निर्माण इकाइयां घरेलू मांग की लगभग पूरी पूर्ति कर रही हैं।

**सराहनीय** 7 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए

# गीतांजलि स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत



15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 19 ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धनेटा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा ने इस वर्ष भी बोर्ड की 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखी।

विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 19 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। तन्वी मनकोटिया ने 700 में से 689 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुचिता 688 अंकों के साथ द्वितीय, राजवी शर्मा 687 अंकों के साथ तृतीय, अक्षित मनकोटिया 685 अंकों के साथ चौथे, अर्पित कुमार 682 अंकों के साथ पांचवें, आयान पोसवाल 676 अंकों के साथ छठे, यशिका 670 अंकों के साथ सातवें तथा आरव विज 661 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष बीएल चड्ढा ने विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। मुझे विश्वास है कि हमारे छात्र इसी लगन से आगे भी परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# जाहू जिला परिषद सीट से सुनील ने समर्थकों के साथ भरा नामांकन



नामांकन भरने से पहले समर्थकों के साथ लोगों का आशीर्वाद लिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र की जाहू जिला परिषद सीट से समाजसेवी सुनील शर्मा ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग, युवा, महिलाएं एवं समर्थक उनके साथ मौजूद रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में चुनावी माहौल गर्मा गया। नामांकन भरने से पहले सुनील शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क किया तथा लोगों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद समर्थकों के काफिले के साथ उन्होंने संबंधित निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सुनील ने कहा कि वह क्षेत्र की समस्याओं को लंबे समय से करीब से देखते और उठाते आए हैं। यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है तो जाहू जिला परिषद क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा युवाओं के लिए बेहतर सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को लेकर वह हमेशा सक्रिय रहेंगे। सुनील शर्मा ने भरोसा जताया कि जनता विकास और ईमानदार कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद देगी।

# 7 घंटे बंद रहा पठानकोट-भरमौर एनएच यात्रियों को झेलनी पड़ी भारी परेशानी

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग सोमवार को बत्ती हट्टी के समीप हुए भूस्खलन के कारण करीब सात घंटे तक बंद रहा। देर रात व सुबह हुई बारिश के चलते पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और पत्थर अचानक सड़क पर आ गिरे, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई।

मार्ग बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को घंटों सड़क पर फंसे रहना पड़ा। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह बारिश के बाद पहाड़ी दरकने से सड़क पर भारी मात्रा में मलबा आ गिरा। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के कई घंटे बाद करीब सुबह 9 बजे मशीन मौके पर पहुंची, जिसके बाद सड़क बहाली का कार्य शुरू किया गया। सोमवार को नामांकन का अंतिम दिन होने के कारण कई लोग जरूरी कार्यों से भरमौर और अन्य क्षेत्रों की ओर जा रहे थे, लेकिन हाईवे बंद होने से उन्हें बीच रास्ते में ही रुकना पड़ा। वहीं, चुनाव ड्यूटी पर जा रहे कई अधिकारी व कर्मचारी भी जाम में फंस गए, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मार्ग अवरुद्ध होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, लंबी दूरी के बस रूट भी प्रभावित रहे और कई बसें अपने निर्धारित समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच सकीं। करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद सड़क से मलबा हटाया गया और सुबह 9 बजे के बाद हाईवे को वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया। हालांकि, क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों में अब भी भूस्खलन का खतरा बना हुआ है।

# चंबा में पंचायतीराज चुनावों के लिए 1020 मतदान केंद्रों पर डाले जाएंगे वोट

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी चंबा व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के सफल व शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिले में कुल 1020 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।



चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए 3813 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निर्वाचन ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल मतदान केंद्रों में से 860 सामान्य, 127 संवेदनशील तथा 33 अति संवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास खंड सलूणी में कुल 125 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 110 सामान्य तथा 15 संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं। विकास खंड भटियात में 244 मतदान केंद्रों में 238 सामान्य और 6 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। विकास खंड मैहला में 160 मतदान केंद्रों में 116 सामान्य, 43 संवेदनशील तथा 1 अति संवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार विकास खंड तीसा में कुल 174 मतदान केंद्रों में 136 सामान्य, 23 संवेदनशील तथा 15 अति संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। विकास खंड चंबा में 178 मतदान केंद्रों में 162 सामान्य, 14 संवेदनशील तथा 2 अति संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं।

विकास खंड भरमौर में कुल 87 मतदान केंद्रों में 49 सामान्य, 23 संवेदनशील तथा 15 अति संवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। वहीं, विकास खंड पांगी में कुल 52 मतदान केंद्रों में से 49 सामान्य तथा 3 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विकास खंड तीसा की भंजराडू ग्राम पंचायत के तहत दो महिला मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला मदन तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तीसा में स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्र पांगी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला चसक भटोरी, समुद्र तल से लगभग 4500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित जिले का सबसे अधिक ऊंचाई वाला मतदान केंद्र है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा सुरक्षा व निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

## चुनाव अवधि के दौरान हथियारों के प्रदर्शन व आवागमन पर पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबंध

**एजेंसी, चंबा।** जिला दंडाधिकारी चंबा व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर निकाय व पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला चंबा की संपूर्ण सीमा में हथियारों के प्रदर्शन, आवागमन व सार्वजनिक स्थलों पर ले जाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश जारी किए हैं। यह आदेश चुनाव प्रक्रिया की औपचारिक समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेशों के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत जिले में चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था, निष्पक्षता व मतदाताओं में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के उद्देश्य से किसी भी व्यक्ति, समूह अथवा संगठन को सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद, घातक हथियार अथवा विस्फोटक सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, यह प्रतिबंध ड्यूटी पर तैनात सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, राज्य पुलिस, होमगार्ड कर्मियों, राष्ट्रीयकृत व वाणिज्यिक बैंकों के अधिकृत सुरक्षा कर्मियों तथा पूर्व निर्धारित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एनआरएआई से संबद्ध खिलाड़ियों पर लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त वे व्यक्ति भी इससे मुक्त रहेंगे जो अपने हथियार पुलिस स्टेशन में जमा करवाने के लिए सीधे परिवहन कर रहे हैं। आदेशों का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 व अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से चुनाव अवधि के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत इन आदेशों कि अनुपालना करते हुए सहयोग कि अपील की है।

# 58 नहीं, 60 साल है सेवानिवृत्ति की उम्र बैरा स्यूल परियोजना में गरजा मजदूर आंदोलन

अनंत ज्ञान



**चंबा।** बैरा स्यूल परियोजना सुरंगाणी में कर्मचारी आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिखाई दे रहा है।

बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले कर्मचारी दुनी चंद की नौकरी बहाली की मांग को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन सोमवार को लगातार 21वें दिन भी जारी रहा। धरने में बड़ी संख्या में मजदूरों ने भाग लेते हुए प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। यूनियन नेताओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर ने कहा कि निर्धारित सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष होने के बावजूद किसी कर्मचारी को 58 वर्ष में जबरन सेवानिवृत्त करना पूरी तरह अन्यायपूर्ण और कानून के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन अपनी मनमानी करते हुए श्रमिकों के अधिकारों का हनन कर रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। यूनियन नेताओं ने कहा कि मजदूर पिछले कई दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अब आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। यूनियन ने ऐलान किया कि मंगलवार सुबह बड़ी गेट मीटिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी रणनीति तय की जाएगी। साथ ही केंद्र सरकार के लेबर कोड लागू करने के फैसले के विरोध में लेबर कोड की प्रतियां भी जलाई जाएंगी। यूनियन नेताओं का कहना है कि जब तक मौजूदा श्रम कानूनों को ही सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा, तो नए लेबर कोड लागू होने के बाद मजदूरों की स्थिति और अधिक खराब हो सकती है। उन्होंने कहा कि दुनी चंद की बहाली तक धरना-प्रदर्शन और आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

# नन्हे मतदाताओं ने चुनी अपनी सरकार मौड़ा स्कूल में अर्पिता बनीं बाल पीएम

अनंत ज्ञान

**सुंडला।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में लोकतंत्र का उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहां बाल संसद चुनाव बड़े ही रोचक व लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न करवाए गए।

चुनाव प्रक्रिया में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व मतदान के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को भारत की लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली की जानकारी देने के साथ हुई। इसके बाद बाल प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, खेल मंत्री, पुस्तकालय मंत्री, स्वच्छता मंत्री, अनुशासन मंत्री, बालसभा मंत्री सहित विभिन्न पदों के लिए चुनाव करवाए गए। पूरे विद्यालय में चुनावी माहौल बना रहा और बच्चों ने उत्साह के साथ मतदान किया। बाल प्रधानमंत्री पद के लिए पांचवीं कक्षा के अरमान मोहम्मद और अर्पिता शर्मा के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अर्पिता शर्मा ने 19 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, उपप्रधानमंत्री पद के लिए अभय, लक्ष्य और नैना मैदान में उतरे, जिसमें नैना ने 17 मत हासिल कर विजय प्राप्त की।



इसके अलावा खेल मंत्री के रूप में ईशानी, अनुशासन मंत्री इनायत, सह मंत्री रिया शर्मा, बालसभा मंत्री पायल, पुस्तकालय मंत्री अरमान, स्वच्छता मंत्री लक्ष्य, एमडीएम मंत्री अभय सिंह तथा शिक्षा मंत्री के रूप में आकृति को चुना गया। कक्षा प्रतिनिधियों में प्रथम कक्षा से वीरांशी टंडन, द्वितीय कक्षा से हर्षित, चतुर्थ कक्षा से जिया और पंचम कक्षा से नव्या को जिम्मेदारी सौंपी गई। पाठशाला प्रभारी शिक्षक युद्ध वीर टंडन ने बताया कि विद्यालय में प्रतिवर्ष बाल संसद का आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पूरी जिम्मेदारी भी बच्चों ने स्वयं निभाई, जिसमें मतदान अधिकारी, पीठासीन अधिकारी और अन्य दायित्वों का निर्वहन भी विद्यार्थियों द्वारा ही किया गया। बाल संसद चुनाव में कनिष्ठ अध्यापक प्रवीण कुमार ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने विजयी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जिम्मेदार नेतृत्व निभाने के लिए प्रेरित किया।

# मेहनत लाई रंग: असेंट स्कूल के अभिनव ने 98% अंक लेकर रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जहां सभी 43 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र अभिनव ठाकुर ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर अभिनव ने प्रदेश भर में पंद्रहवां स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं, साहिल पराशर ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा आस्था ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कंप्यूटर साइंस विषय में आस्था, ईशा ठाकुर, अपूर्वा, काजल, नंदिनी, सृष्टि, अभय, अभय पराशर, अभिनव, हिमांशु, कार्तिक, लक्षित, मानस, साहिल और सुमित सहित कुल 15 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। अभिनव ठाकुर ने विज्ञान व हिंदी दोनों विषयों में पूरे अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। ईशा ठाकुर ने संस्कृत में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि गणित विषय में शौर्य, अभिनव और ईशा ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। अंग्रेजी विषय में विजुअल पटियाल ने 99 अंक लेकर विषय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सामाजिक विज्ञान में लक्षित ठाकुर और साहिल पराशर ने 98 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के परिणामों पर नजर डालें तो 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 21 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से ऊपर रहे। शेष सभी विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



## करियां स्कूल ने रचा सफलता का इतिहास

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां ने इस वर्ष दसवीं और बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 96.55 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी, गर्व और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने विद्यालय का नाम एक बार फिर रोशन कर दिया है। कक्षा दसवीं के परिणाम में अक्षरा और पीयूष ने 700 में से 622 अंक (88.85 प्रतिशत) प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। सूर्यकांत ने 610 अंक (87.14 प्रतिशत) लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि दीक्षा ने 609 अंक (87 प्रतिशत) हासिल कर तीसरा स्थान अपने नाम किया। वहीं, कक्षा बारहवीं में कशिश ठाकुर ने 500 में से 467 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। रीनू ने 449 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि कृतिका ने 433 अंक अर्जित कर तीसरा स्थान हासिल किया।

## किसान की बेटी सृष्टि ने रचा इतिहास 94% अंकों के साथ बनी ब्लॉक टॉपर

**अनंत ज्ञान, पांगी।** कड़ी मेहनत, लगन व सही मार्गदर्शन के दम पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास साच की छात्रा सृष्टि ने मैट्रिक परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया है। सृष्टि की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय, छात्रावास, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। गरीब किसान परिवार से संबंध रखने वाली सृष्टि ने वर्ष 2023 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास साच में आठवीं कक्षा में प्रवेश लिया था। सीमित संसाधनों व कठिन परिस्थितियों के बावजूद उसने अपनी मेहनत व आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया। छात्रावास में उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और निरंतर प्रेरणा मिली, जिसने उसकी सफलता की नींव मजबूत की। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रावास वार्डन सुनीता ठाकुर ने छात्राओं को लगातार प्रोत्साहित किया, जिसका परिणाम आज सृष्टि की इस ऐतिहासिक सफलता के रूप में सामने आया है। छात्रावास स्टाफ के अनुसार सृष्टि शुरू से ही मेहनती, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्रा रही है। पढ़ाई के साथ-साथ उसका व्यवहार भी हमेशा प्रेरणादायक रहा।



## न्यूज ब्रीफ

### आज चार घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा शहर व आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। बिजली उपमंडल चंबा नंबर-1 के अंतर्गत आने वाले हरदासपुरा फीडर की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते कई इलाकों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार हरदासपुरा फीडर से जुड़े क्षेत्रों हरदासपुरा, हरदासपुरा कॉलोनी, अप्पर जुलाकड़ी, लुड्डू, खलानी, कठन्ना, चाक्ला, चलुना सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक अथवा कार्य पूर्ण होने तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने बताया कि यह शटडाउन फीडर की मरम्मत और आवश्यक रखरखाव कार्य के लिए लिया जा रहा है, ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर और सुचारू बिजली सेवा उपलब्ध करवाई जा सके। सहायक अभियंता ई. तेजू राम ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि मरम्मत कार्य मौसम की अनुकूल परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। विभाग ने लोगों से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### भुट्टिको ने आनी में खोला नया शोरूम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भुट्टिको द्वारा अपने नए शोरूम का आनी में सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर द्वारा शुभारंभ किया गया। गत वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा वर्षा के कारण शोरूम की विल्डिग गिर जाने से सभा को अपना शोरूम बन्द करना पड़ा था, जिसे अब एसबीआई बैक व अमर टैक्स के नजदीक कमला मार्केट आनी में निकाला गया। इस अवसर चन्द्रकेश शर्मा, सभा कार्यवाहक मुख्यमहाप्रबंधक सूरती देवी, महाप्रबंधक विपणन नीना ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता राजेश ठाकुर, प्रबंधक विपणन मोहर सिंह व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एनसीसी भर्ती में 50 स्टूडेंट्स ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल झलवाण जोगिंद्रनगर में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की वर्ष 2026-27 सत्र के लिए नई भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस भर्ती में नौवीं कक्षा के 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया के तहत शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया गया। पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई, जिससे विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर 2 एचपी बटालियन एनसीसी मंडी से पहुंचे हवलदार विशाल चंद एवं हवलदार प्रदीप कुमार ने बताया कि एनसीसी छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति और सामाजिक सेवा से जुड़ने का विशेष प्रशिक्षण देती है। उन्होंने कहा कि एनसीसी से जुड़े विद्यार्थियों को भविष्य में रक्षा सेवाओं सहित अन्य क्षेत्रों में भी विशेष लाभ प्राप्त होते हैं। अंत में संचालित कैडेट्स को शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय के एमडी मनोज ठाकुर व प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने एनसीसी अधिकारियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासित रहकर राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी।

# जनता का पैसा जनता पर ही होगा खर्च: रामशरण ठाकुर

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** आगामी पंचायत चुनावों को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी वादों व दावों के बीच विधानसभा क्षेत्र भरमौर की नवगठित ग्राम पंचायत भटवाड़ा से उपप्रधान पद के प्रत्याशी रामशरण ठाकुर ने एक ऐसा ऐलान किया है, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया है।



रामशरण ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि ग्रामवासी उन्हें उपप्रधान चुनते हैं, तो वह अपने कार्यकाल के दौरान सरकार की ओर से मिलने वाला वेतन या मानदेय स्वयं पर खर्च नहीं करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि यह पूरी राशि गांव के विकास कार्यों, गरीब जरूरतमंद परिवारों, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने में लगाई जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि पंचायत का पैसा व जनप्रतिनिधि का पद जनता की सेवा के लिए होता है, न कि निजी लाभ के लिए। उनका कहना है कि गांव में पारदर्शिता, ईमानदारी और विकास को प्राथमिकता दी जाएगी तथा पंचायत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। रामशरण के इस फैसले को लेकर ग्रामीणों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि आज के दौर में जहां राजनीति को अक्सर स्वार्थ से जोड़कर देखा जाता है, वहीं इस तरह की सोच समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि जनप्रतिनिधि इसी भावना के साथ आगे आएं, तो पंचायत स्तर पर विकास की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। पंचायत चुनाव से पहले रामशरण ठाकुर का यह ऐलान अब क्षेत्र में चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है।

## डलहौजी में युवाओं की ईमानदारी बनी मिसाल

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, पांगी।** डलहौजी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पुंजपुल्ला स्थित हिमालयन एडवेंचर में गुजरात से आए पर्यटकों का एक महंगा आईफोन अचानक गुम हो गया। बताया जा रहा है कि फोन की कीमत लगभग 1.50 लाख रुपए थी। फोन खोने के बाद पर्यटक काफी परेशान हो गए और इसकी सूचना वहां मौजूद स्टाफ को दी। हिमालयन एडवेंचर में पर्यटकों को एडवेंचर गतिविधियां करवा रहे युवाओं आशीष, अतुल, सनी व अरमान ने तुरंत फोन की तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए आईफोन ढूंढ निकाला व सुरक्षित रूप से पर्यटकों को वापस सौंप दिया। अपना महंगा फोन वापस मिलने पर गुजरात से आए पर्यटकों ने खुशी जाहिर करते हुए हिमाचल प्रदेश के लोगों की ईमानदारी और मददगार स्वभाव की जमकर सराहना की।

# चंबा में प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ भरे नामांकन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा जिला में पंचायतीराज चुनावों को लेकर सियासी माहौल पूरी तरह गर्मा गया है।

नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को जिला परिषद चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने समर्थकों के भारी जनसैलाब के साथ नामांकन भरकर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। एसडीएम कार्यालय चंबा दिनभर नारों, समर्थकों की भीड़ और चुनावी उत्साह से गुलजार रहा। चकलू जिला परिषद वार्ड से उम्मीदवार सावित्री कटोच ने समर्थकों के काफिले के साथ एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि चकलू वार्ड का समग्र विकास, बेहतर सड़क सुविधा, पेयजल समस्या का समाधान व महिला सशक्तिकरण उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास जीतकर क्षेत्र को विकास की नई दिशा दी जाएगी। इस मौके पर चुराह के पूर्व विधायक सुरेंद्र भारद्वाज और एडवोकेट मदन रावत भी मौजूद रहे। उन्होंने जनता से सावित्री कटोच को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि जीत के बाद क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।



वहीं, बखतपुर वार्ड से भाजपा की युवा प्रत्याशी पल्लवी कुमारी ने भी दमदार अंदाज में नामांकन दाखिल किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देना और क्षेत्र का समग्र विकास करना उनका मुख्य उद्देश्य है। पल्लवी ने सड़कों की बदहाल स्थिति सुधारने, बिजली-पानी की समस्याओं से राहत दिलाने और युवाओं के लिए लाइब्रेरी निर्माण करवाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और जागरूकता ही युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रख सकती है। उधर, सरोल वार्ड में भी चुनावी मुकाबला दिलचस्प होता नजर आ रहा है। 'नई सोच, नया नेतृत्व' के नारे के साथ जिला परिषद प्रत्याशी राहुल बड़ोत्रा ने नामांकन भरते हुए युवाओं के लिए नई योजनाएं लाने और विकास में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक सोच के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। सरोल वार्ड से ही प्रत्याशी साहिल बेदी ने भी नामांकन भरकर चुनावी मैदान में एंट्री की। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता युवा शक्ति को मजबूत करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहेगा। साहिल बेदी ने कहा कि नई नीतियों और नई सोच के साथ क्षेत्र में बदलाव लाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं जिला एनएसयूआई अध्यक्ष और गांव का बेटा कहे जाने वाले मुकेश शर्मा ने भी सरोल वार्ड से नामांकन दाखिल किया। उन्होंने कहा कि वह गांव की समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझते हैं और जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करेंगे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ अब जिला चंबा में पंचायत चुनाव पूरी तरह रोचक मोड़ पर पहुंच गए हैं।

## सनराइज पब्लिक स्कूल भराड़ी का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**राजेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, जयदेवी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सनराइज पब्लिक स्कूल भराड़ी का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की छात्रा कुमारी पलक ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

# किक बॉक्सिंग प्रतियोगता में सरकाघाट बना ओवरऑल चैंपियन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मंडी जिला किक बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में त्रिवेणी घाट शिव मंदिर बरछवाड़, सरकाघाट में 8वीं जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में जिले भर के लगभग 150 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें सरकाघाट, जाहु, सुंदरनगर, नेरचौक सहित विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में मेजबान सरकाघाट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 स्वर्ण, 12 रजत एवं 26 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई व सरकाघाट ने खेल प्रतिभा के क्षेत्र में एक बार फिर अपनी पहचान मजबूत की। प्रतियोगिता का सफल आयोजन मार्शल आर्ट अकादमी सरकाघाट द्वारा किया गया, जिसने खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को मंच प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में नन्हे खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। 7 से 9 वर्ष ब्वॉयज 21 किलोग्राम वर्ग में अरनव शर्मा ने स्वर्ण, हृदय सैनी ने रजत, जबकि आशव ठाकुर और मनवीर सिंह ने कांस्य पदक जीते। 24 किलोग्राम वर्ग में ईवान गुलेरिया ने स्वर्ण, अथर्व शर्मा ने रजत तथा आरव कश्यप और कृत्विक ने कांस्य पदक प्राप्त किए। महिला वर्ग 7 से 9 वर्ष 21 किलोग्राम में यशस्वी ने स्वर्ण, शानवी ने रजत, जबकि दबिशा और परिशा ने कांस्य पदक हासिल किए। 10 से 12 वर्ष पुरुष वर्ग 28 किलोग्राम में आरव ठाकुर ने स्वर्ण, लक्ष ठाकुर ने रजत तथा रियांश चंदेल और अनमोल पटियाल ने कांस्य पदक अपने नाम किए। समापन समारोह में मुख्यातिथि सेंसई योगराज शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों व कोचों की मेहनत, अनुशासन तथा संघर्षपूर्ण सफर की सराहना करते हुए कहा कि खेल युवा पीढ़ी को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं। मंडी जिला किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष कृष्ण लाल तथा हिमाचल टीम कोच हंस राज ने इस सफल आयोजन के लिए मार्शल आर्ट एकेडमी सरकाघाट के संचालक एवं प्रशिक्षक मोहित राणा का विशेष आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के संचालन में अंतरराष्ट्रीय रेफरी उपेंद्र शर्मा, मोहित राणा तथा राष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार और मदन शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर संदीप शर्मा, गौरव शर्मा, पंकज, अनुराधा, सरगम ठाकुर और जितेंद्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का मंच बनी, बल्कि सरकाघाट को जिला स्तर पर खेल नगरी के रूप में नई पहचान भी दिलाने में सफल रही।




अनंत Classifieds

**NAME CORECTION**

**I, Army No 4556268L Rank Ex Nk Ishwar Singh** Records The Mahar Regiment in my wife name Sushila and D.O.B. 25.08.1966 wrong entered. But my wife correct name is Sushila Kumari and correct D.O.B. 14.04.1966. All concerned note it.

**ब अदालत श्री विपिन ठाकुर कार्यकारी दण्डाधिकारी ऊना, तहसील एवंम जिला ऊना (हि.प्र.)**

केस न. 15/Marriage/TU/2026
किस्म मुकदमा- विवाह पंजीकरण
तारीख दायर- 02.05.2026
तारीख पेशी- 15.05.2026

श्री वरिंदर सिंह मन्हास पुत्र स्व. जसवन सिंह मन्हास निवासी, नजदीक एच. आर. टी. सी., वर्कशॉप, प्रेम नगर, वार्ड न.01, मकान न.224, ऊना, तहसील व जिला ऊना (हि.प्र.) व सलोनी मन्हास पुत्री मोहिंदर प्रताप सिंह भदवाल, निवासी घाटी, तहसील व जिला कठुआ, जम्मू कश्मीर

बनाम 'आम जनता'

'इश्तहार अखबार प्रकाशन'- प्रार्थना पत्र शादी श्री वरिंदर सिंह मन्हास पुत्र स्व. जसवन सिंह मन्हास निवासी, नजदीक एच. आर. टी. सी., वर्कशॉप, प्रेम नगर, वार्ड न.01, मकान न.224, ऊना, तहसील व जिला ऊना (हि.प्र.) बावत दिए जाने आदेश शादी पंजीकरण ने इस अदालत में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है कि उनकी शादी हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार दिनांक 25-02-1994 को सलोनी मन्हास पुत्री मोहिंदर प्रताप सिंह भदवाल, निवासी घाटी, तहसील व जिला कठुआ, जम्मू कश्मीर से हुई है। परन्तु यह शादी [illegible] के कारण एम.सी. ऊना के कार्यालय रजिस्टर में दर्ज ना करवाई गई है, [illegible] अतः 'इश्तहार अखबार प्रकाशन' के माध्यम से आम जनता तथा सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त विवाह पंजीकरण बारे कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक तारीख पेशी 15.05.2026 को सुबह 10 बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन अपना एतराज अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है, अन्यथा एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। [illegible] उसके उपरान्त कोई उज्र / एतराज काबिले समाअत न होगा। आज दिनांक 08.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी ऊना जिला ऊना हि.प्र.

**अपने** अनुभव का साहित्य किसी दर्शन के साथ नहीं चलता, वह अपना दर्शन पैदा करता है।

-कमलेश्वर

## संपादकीय

# चिट्टे के खिलाफ सख्ती

हिमाचल प्रदेश में तेजी से फैलते चिट्टे के कारोबार ने आज सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक व्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। कभी शांत, सरल और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए पहचाने जाने वाले देवभूमि हिमाचल में अब नशे का जाल युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। यह केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं रह गया, बल्कि पूरे समाज के भविष्य से जुड़ा गंभीर संकट बन चुका है। ऐसे समय में प्रदेश सरकार की ओर से अपनाई गई 'जीरो टॉलरेंस नीति' और सरकारी नौकरियों से पहले 'चिट्टा टेस्ट' अनिवार्य रूप से करवाने की घोषणा को एक महत्वपूर्ण और साहसिक कदम माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से लिया गया यह निर्णय स्पष्ट संकेत देता है कि सरकार अब नशे के खिलाफ केवल औपचारिक बयानबाजी नहीं, बल्कि कठोर और व्यावहारिक कार्रवाई करना चाहती है। सरकारी सेवाओं में आने वाले युवाओं के लिए चिट्टा परीक्षण अनिवार्य करने का उद्देश्य केवल दोषियों को पकड़ना नहीं, बल्कि युवाओं को शुरुआत से ही इस नशे से दूर रखना भी है। स्वाभाविक है कि जो युवा सरकारी नौकरी का सपना देख रहे होंगे, वे इस नशे से दूरी बनाए रखने का प्रयास करेंगे। इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और युवाओं के बीच नशे के प्रति भय और जागरूकता दोनों बढ़ेंगे।

चिट्टा आज हिमाचल के लिए नासूर बन चुका है। प्रदेश के अनेक युवा इसकी गिरफ्त में हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि गांवों, कस्बों और शहरों की गलियों तक में इसकी उपलब्धता आसान हो गई है। राज्य की 234 पंचायतों को नशे के हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया जाना बेहद चिंताजनक है। इससे स्पष्ट होता है कि समस्या अब सीमित नहीं रही, बल्कि जमीनी स्तर तक फैल चुकी है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो आने वाले वर्षों में इसके दुष्परिणाम और भयावह हो सकते हैं।

सरकार की ओर से नशे की कमाई से बनाई गई संपत्तियों को ध्वस्त करने का उठाया गया कदम भी एक प्रभावी कदम है। अपराध तब तक फलता-फूलता है जब तक उससे आर्थिक लाभ मिलता रहे। जब अपराधियों को यह संदेश मिलेगा कि अवैध कमाई से बनाई गई संपत्ति सुरक्षित नहीं है, तो उनमें कानून का भय बढ़ेगा। इससे नशा तस्करों के मनोबल पर भी असर पड़ेगा। सरकार का यह कदम केवल दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी भी है कि नशे के कारोबार को किसी भी स्थिति में संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि अब तक चिट्टे के मामलों में 123 सरकारी कर्मचारी संलिप्त पाए गए हैं। इनमें पुलिस विभाग के कर्मचारी भी शामिल हैं। 31 कर्मचारियों को बर्खास्त किया जा चुका है और कई अन्य के खिलाफ कार्रवाई जारी है। यह स्थिति बेहद गंभीर है, क्योंकि जिन लोगों पर कानून लागू करवाने और समाज को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी होती है, यदि वही इस अपराध में शामिल पाए जाएं, तो व्यवस्था पर लोगों का विश्वास कमजोर होता है। सरकार ने इन कर्मचारियों पर कार्रवाई कर यह स्पष्ट कर दिया है कि नशे के मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

हालांकि, विपक्षी दल इस निर्णय को चुनावी स्टंट बताकर आलोचना कर रहे हैं। उनका मानना है कि निकाय और पंचायत चुनावों के समय ऐसे फैसले राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं, लेकिन किसी भी सामाजिक बुराई के खिलाफ उठाए गए कदम को केवल राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं कहा जा सकता। यदि सरकार वास्तव में नशे के खिलाफ गंभीर है और कठोर फैसले लेने का साहस दिखा रही है, तो विपक्ष को भी सकारात्मक सहयोग देना चाहिए। नशे का मुद्दा राजनीति से ऊपर उठकर समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है।

सरकार की ओर से चलाए जा रहे वॉकथॉन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ प्रेरित करना भी सराहनीय प्रयास है। केवल पुलिस कार्रवाई से इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। जब तक समाज के भीतर जागरूकता नहीं आएगी और परिवार अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक चिट्टा की समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकती। यह नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। अनेक घरों में अशांति, आर्थिक संकट और सामाजिक संकट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय मूल के ब्रिटिश राजनेता



ऋषि सुनक
जन्म : 12 मई, 1980

**ऋषि सुनक** भारतीय मूल के ब्रिटिश राजनेता हैं, जिन्होंने 25 अक्तूबर 2022 को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनका जन्म 12 मई 1980 को साउथेम्प्टन में एक भारतीय पंजाबी हिंदू परिवार में हुआ था। उनके पिता यशवीर सुनक डॉक्टर थे और माता उषा सुनक फार्मासिस्ट थीं। उनके परिवार की जड़ें भारत से जुड़ी हैं। ऋषि सुनक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा विनचेस्टर कॉलेज से प्राप्त की और बाद में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से राजनीति तथा अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से प्रबंधन में उच्च शिक्षा प्राप्त की।

उच्च शिक्षा के दौरान उनकी मुलाकात अक्षता मूर्ति से हुई, जो भारतीय उद्योगपति नारायण मूर्ति की पुत्री हैं। दोनों ने विवाह किया और उनकी दो पुत्रियां हैं। ऋषि सुनक ने वर्ष 2015 में पहली बार ब्रिटिश संसद में प्रवेश किया और उत्तरी यॉर्कशायर के रिचमंड क्षेत्र से सांसद चुने गए। उनकी कार्यशैली और आर्थिक समझ के कारण वे तेजी से राजनीति में आगे बढ़े। वर्ष 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने उन्हें राजकोष का मुख्य सचिव नियुक्त किया और 2020 में वे ब्रिटेन के वित्त मंत्री बने।

कोरोना महामारी के दौरान ऋषि सुनक ने लोगों और व्यापार जगत की सहायता के लिए अनेक आर्थिक योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने कर्मचारियों के वेतन, व्यापारिक सहायता और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी आर्थिक मदद की घोषणा की। उनकी नीतियों और नेतृत्व क्षमता ने उन्हें लोकप्रिय बनाया। बाद में सरकार के भीतर असंतोष बढ़ने पर उन्होंने वित्त मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कंजरवेटिव दल ने उन्हें अपना नेता चुना और वे ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री बने। उनकी सफलता विश्वभर में भारतीय समुदाय के लिए गर्व का विषय मानी जाती है।



कविता

## पगडंडी

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
लोअर अरनियाला, ऊना

**पथ** पर अग्रसर ले जाती हूं, पथिक को राह बताती हूं
एक ओर गेहूं की बलियां हैं, सुनहरी सरसों की कलियां हैं
दूर खड़े बड़े-बड़े पेड़, सूर्य का क्षीण होता तेज
विशाल पीपल पंछियों की सेज, खूबसूरत नदिया का किनारा
दिखाऊंगी दिलकश नजारा, आओ पथिक न रुको पथ पर
दूर ले जाऊंगी तुम्हें बिठा रथ पर, पंगडंडी हूं मैं, राह बताती हूं
आ जाओ पथिक, पथ पर, दूर कोई तुम्हें पुकार रहा
गगन की ओर ताक रहा, चांद-सितारे चमक रहे
नलकूप से बहता चांदीनुमा पानी, खेतों में सोना उगा रहा
आ जाओ पथिक ,पगडंडी हूं मैं, रास्ता बताती हूं मैं
मंजिल तक पहुंचाती हूं मैं

# विधानसभा चुनाव परिणामों के 'बड़े सबक'

हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम भारतीय राजनीति की बदलती दिशा और दशा को साफ उजागर करते हैं। ये चुनावी नतीजे जाहिर तौर पर भविष्य में होने वाले छोटे-बड़े चुनावों पर गहरी छाप छोड़ने वाले हैं।



डॉ. पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

कोई राजनीतिक दल अगर इन चुनाव नतीजों को महज पश्चिम बंगाल, असम और तमिननाडु तक सीमित होने की बात करता है तो उनकी राजनीतिक दूरदर्शिता पर सवालिया निशान जरूर उठते हैं। भाजपा और उसके विरोधी दल दोनों, अगर अपनी वर्तमान राजनीतिक रणनीति पर चलते रहे, तो ये चुनावी रुझान और भी मजबूत होने की पूरी संभावना है, जिससे न केवल आगामी वर्षों में होने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि 2029 के लोकसभा चुनावों पर भी काफी हद तक प्रभाव पड़ेगा।

वर्तमान चुनाव परिणामों का पहला स्पष्ट संदेश तो यह है कि भारतीय राजनीति में 'मुस्लिम तुष्टिकरण' का प्रभाव कम हो गया है। अब 'एम' पर 'एच' हावी हो रहा है। कम से कम पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव परिणाम तो इसकी ओर सीधा इशारा कर रहे हैं। इन दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे बताते हैं कि हिंदू वोटों के एकीकरण ने 'मुस्लिम तुष्टिकरण' के प्रभाव को तेजी से बेअसर किया है। भाजपा विरोधी पार्टियों विशेषकर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और डीएमके की हिंदू-विरोधी नीतियों और बयानों ने इस भावना का तेजी से प्रचार-प्रसार किया है। पहले हिंदू मतदाता बंटे हुए थे, लेकिन समय के साथ वे भाजपा के पीछे एकजुट हो गए। इस एकजुटता ने उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में भाजपा की जीत में योगदान दिया है, जहां कभी 'एम-वाई' फैक्टर निर्णायक भूमिका निभाता था।

असम में भाजपा की हैट्रिक जीत ने हिंदू एकीकरण को और मजबूत किया है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में भाजपा ने लगातार अपना जनाधार बढ़ाया है, जिससे वामपंथी और कांग्रेस हाशिए पर चले गए हैं। लंबे समय से पश्चिम बंगाल की राजनीतिक प्रवृत्ति, गैर-भाजपा दलों के बीच मुस्लिम समुदाय के प्रति झुकाव की रही है। इसमें 35 वर्षों का वामपंथी शासन और फिर पिछले 15 वर्षों में सत्तारूढ़ रही ममता बनर्जी की टीएमसी का है। पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की आबादी लगभग 30 प्रतिशत है और वे लगभग 90 विधानसभा सीटों को सीधा प्रभावित करते हैं। हालांकि हिंदू वोटों के एकीकरण ने इस बार भाजपा को इस स्थिति को प्रभावी ढंग से चुनौती देने में सक्षम बनाया। असम और पश्चिम बंगाल के चुनावी परिणाम स्पष्ट तौर पर बताते हैं कि हिंदू विरोधी नीतियां राजनीतिक रूप से अब उलटी पड़ सकती हैं। तमिलनाडु में भी जिस डीएमके ने हिंदू-विरोधी रुख अपनाया, उसको जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। 2026 के चुनावों के दौरान एक्टर विजय की नवगठित पार्टी टीवीके ने इस तरह की छवि से परहेज किया और नतीजे बताते हैं कि उनकी पार्टी को हिंदुओं के सभी वर्गों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।



सुपरस्टार विजय के नेतृत्व वाली टीवीके की दमदार परफॉर्मेंस पारंपरिक पार्टियों के लिए एक गंभीर चेतावनी है। तमिलनाडु के नतीजों का स्पष्ट संदेश है कि अगर स्थापित पार्टियां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पातीं तो मतदाता बिना किसी राजनीतिक बोझ के नए दलों का समर्थन करने में कोई झिझक नहीं करेगा। एआईएडीएमके-भाजपा गठबंधन का सत्ता विरोधी लहर का फायदा न उठा पाना और एक नई राजनीतिक ताकत के हाथों अपनी पकड़ खोना, गंभीर आत्मनिरीक्षण का विषय है। 2014 के बाद आम आदमी पार्टी को दिल्ली के मतदाताओं का ऐसा ही समर्थन मिला था। कई चुनावों तक यह समर्थन बरकरार रहा लेकिन अंतत: उसने जनता का विश्वास खो दिया।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, केरल में पिनाराई विजयन और तमिलनाडु में एमके स्टालिन जैसे नेताओं की चुनावी हार के बाद, यह स्पष्ट हो गया है कि अब दिग्गजों के युग का अंत हो गया है और जनता राजनीतिक प्रभुत्व को नहीं मानती। बड़ा सवाल यह भी है कि टीएमसी और डीएमके जैसी पार्टियां, जिन्हें विचारधारा या कार्यकर्ता-आधारित होने के बजाय व्यक्तित्व-आधारित माना जाता है, इन प्रमुख नेताओं की फीकी पड़ती चमक के साथ अपना अस्तित्व बनाए रख पाएंगी या नहीं। दूसरी ओर अभिषेक बनर्जी या उदयनिधि स्टालिन जैसे नेताओं का अगर उदय होता भी है तो ये दोनों वंशवादी राजनीति की धारणा को ही और मजबूत करेंगे। ऐसी स्थिति में राज्यों में राजनीतिक स्थिरता को दीर्घकालिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

हाल के चुनावों में भाजपा में बाहरी नेताओं का बढ़ता प्रभाव चर्चा का विषय बना है। हिमंता बिस्वा सरमा और सुवेंदु अधिकारी जैसे पूर्व विपक्षी नेताओं ने अपने राज्यों में मजबूत हिंदुत्ववादी छवि बनाकर भाजपा को मजबूती दी। इससे विपक्षी दलों में असंतोष और टूट की संभावना बढ़ी है। वहीं, पांच राज्यों के चुनाव परिणामों ने विपक्षी एकता और इंडिया ब्लॉक की कमजोरी को भी उजागर किया। 2027 में पंजाब, यूपी, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर में चुनाव हैं। 2028 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना, नागालैंड, त्रिपुरा,मेघालय और मिजोरम में नई सरकार चुनी जाएगी। 2029 में आम चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में चुनावी टक्कर देखने को मिलेगी। फिलहाल देखना दिलचस्प होगा कि 2029 तक जनता का मूड कितना और किस पैटर्न के साथ बदलता है...।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस : सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल

हर वर्ष 12 मई को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटेंगल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने अपने समर्पण, सेवा और त्याग से नर्सिंग पेशे को नई पहचान दी।



प्रो. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर

यह दिवस नर्सों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने, उनकी चुनौतियों को समझने और समाज में उनके महत्व को रेखांकित करने का अवसर प्रदान करता है।

नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाती हैं। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, आपदा प्रबंधन और घर-घर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। डॉक्टर जहां रोग की पहचान और उपचार तय करते हैं, वहीं नर्सें मरीजों की चौबीसों घंटे देखभाल करके उन्हें मानसिक और शारीरिक सहारा प्रदान करती हैं। नर्स केवल दवाइयां देने तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि वे मरीज और उनके परिवार के लिए भरोसे और संवेदना का स्रोत भी बनती हैं। आज जब दुनिया स्वास्थ्य संबंधी नई-नई चुनौतियों का सामना कर रही है, तब नर्सों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्वभर में करोड़ों नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत हैं, लेकिन अभी भी कई देशों में प्रशिक्षित नर्सों की भारी कमी है।

भारत जैसे विशाल देश में भी ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कोविड-19 महामारी ने नर्सों के योगदान को दुनिया के सामने नए रूप में प्रस्तुत किया। महामारी के दौरान जब लोग अपने घरों में सुरक्षित थे, तब नर्सें अस्पतालों में दिन-रात मरीजों की सेवा में लगी रहीं। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना संक्रमित मरीजों की देखभाल की, कई बार अपने परिवार से दूर रहकर मानवता की रक्षा की। इस दौरान अनेक नर्सें स्वयं संक्रमित हुईं और कई ने अपने प्राण भी गंवाए। उनका यह बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। भारत में भी नर्सिंग क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। सरकारी और निजी संस्थानों में नर्सिंग शिक्षा के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं। इंडियन नर्सिंग काउंसिल नर्सिंग शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज देश की हजारों युवतियां और युवा इस पेशे को अपनाकर समाजसेवा का माध्यम बना रहे हैं। विशेषकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में नर्सों का योगदान अत्यंत सराहनीय है। हालांकि, नर्सों को कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। लंबे कार्य घंटे, मानसिक दबाव, संसाधनों की कमी और कई बार उचित सम्मान एवं वेतन का अभाव उनकी कार्यक्षमता और मनोबल को प्रभावित करता है।




कई अस्पतालों में नर्सों पर कार्यभार इतना अधिक होता है कि वे अपने स्वास्थ्य की भी अनदेखी करने लगती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सरकार और समाज मिलकर नर्सों के लिए बेहतर कार्य परिस्थितियां, उचित वेतन और मानसिक स्वास्थ्य सहायता सुनिश्चित करें। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस केवल सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि यह संकल्प लेने का दिन भी है कि हम स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में नर्सों की भूमिका को उचित पहचान दें। विद्यालयों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं को इस दिन नर्सों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए ताकि युवाओं में इस पेशे के प्रति सम्मान और रुचि बढ़े।

नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा और करुणा का प्रतीक है। जब कोई मरीज दर्द में होता है, तब नर्स की मुस्कान, उसका स्नेहपूर्ण व्यवहार और समर्पित सेवा ही उसे साहस देती है। यही कारण है कि नर्सों को अक्सर 'धरती के देवदूत' कहा जाता है।

आज अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर हमें उन सभी नर्सों को हृदय से धन्यवाद देना चाहिए, जो अपने कर्तव्य को मानवता की सेवा मानकर दिन-रात समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। उनका सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र के निर्माण में नर्सों की भूमिका सदैव अमूल्य रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जल संकट, विकास और संवेदनहीन होती सभ्यता...

झारखंड में इन दिनों पानी की जो भयावह स्थिति सामने आ रही है, वह केवल एक राज्य की समस्या नहीं बल्कि पूरे देश के विकास मॉडल पर उठता हुआ एक बड़ा प्रश्न है।



कनुप्रिया
स्वतंत्र लेखिका, नूरपुर (हि.प्र.)

हम 21वीं सदी में होने का गर्व करते हैं। आकाश छूने, मंगल ग्रह पर जाने और तकनीकी विकास की बातें करते हैं, लेकिन आज भी हमारे ही देश में ऐसे लोग हैं जिन्हें पीने के लिए साफ पानी तक नसीब नहीं हो रहा। कहीं लोग मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं, कहीं महिलाएं और बच्चे कई किलोमीटर दूर से पानी ढो रहे हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता का भी प्रतीक बन चुकी है।

विडंबना यह है कि एक ओर समाज का संपन्न वर्ग विदेशों से पानी मंगवाकर पीता है, वहीं गरीब तबका एक बूंद स्वच्छ पानी के लिए संघर्ष करता है। यदि किसी देश में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता भी पूरी न हो पा रही हो, तो विकास के बड़े-बड़े दावे खोखले प्रतीत होते हैं। विकास केवल ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और तकनीकी सुविधाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए। वास्तविक विकास वही है जिसमें हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरतें पूरी हों और समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मानपूर्वक जीवन जी सके।

आज हमारी नदियां-गंगा, यमुना और अनेक छोटी-बड़ी नदियां प्रदूषण से कराह रही हैं। उनमें फैक्ट्रियों का जहरीला कचरा, प्लास्टिक, गंदगी और मल-मूत्र तक बहाया जा रहा है। सबसे दुखद बात यह है कि जिन नदियों को हम 'मां' कहकर पूजते हैं, उन्हीं के प्रति हमारा व्यवहार सबसे अधिक लापरवाह हो चुका है। धर्म और संस्कृति की बातें तो खूब होती हैं, लेकिन प्रकृति और जल संरक्षण को लेकर समाज में अपेक्षित गंभीरता दिखाई नहीं देती। यह हमारी सोच का विरोधाभास है कि हम पूजा तो करते हैं, लेकिन संरक्षण नहीं। सभ्यता का अर्थ केवल आधुनिक साधनों और भौतिक सुख-सुविधाओं से नहीं होता। सभ्यता का वास्तविक अर्थ संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और प्रकृति के प्रति सम्मान है। यदि हमारे आसपास लोग प्यासे हों और हम केवल विकास के आंकड़ों पर गर्व करते रहें, तो ऐसी प्रगति अधूरी मानी जाएगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम पानी को केवल उपयोग की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन का आधार समझें। धार्मिक और सामाजिक मंच भी इस दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जिस देश में लाखों लोग धर्मगुरुओं, संतों और कथा-वाचकों की बातों से प्रभावित होते हैं, वहाँ यदि जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया जाए तो बड़ा जन आंदोलन खड़ा हो सकता है। यदि मंदिरों, आश्रमों और धार्मिक आयोजनों से नदियों को बचाने, पेड़ लगाने और जल संचय का संदेश दिया जाए, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रहकर प्रकृति संरक्षण का माध्यम भी बन सकता है।



आज पानी का संकट केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि जागरूकता और जिम्मेदारी की कमी का परिणाम है। हमने विकास की अंधी दौड़ में पेड़ काट दिए, तालाबों को खत्म कर दिया और नदियों को प्रदूषित होने दिया। अब वही प्रकृति हमें चेतावनी दे रही है। यदि समय रहते हम नहीं संभले, तो आने वाली पीढ़ियों को और भी गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जरूरत केवल सरकारी योजनाओं की नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना की है। हर व्यक्ति को पानी बचाने, वर्षा जल संचय करने, नदियों को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान देना होगा। जिस दिन समाज पानी को जीवन समझने लगेगा, उसी दिन सही अर्थों में विकास की शुरुआत होगी।

जल ही जीवन मूल है,
जल से जग की शान।
सूखी नदियां पूछतीं, कहां गया इंसान॥
सभ्यता के शोर में, मौन हुई पहचान।
धरती प्यासी रो रही, सुन ले अब इंसान॥

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# स्थानीय निकाय चुनाव : सेवा का मंच या दलगत राजनीति का विस्तार?

भारत का लोकतंत्र केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति गांवों की पंचायतों, नगर परिषदों और स्थानीय निकायों में बसती है। यही वह व्यवस्था है जहां आम नागरिक सीधे अपने प्रतिनिधि से जुड़ता है और अपने दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों-सड़क, पानी, सफाई, बिजली, स्वास्थ्य और स्थानीय विकास का समाधान चाहता है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में स्थानीय निकाय चुनावों में राजनीतिक दलों की बढ़ती सक्रियता ने इस व्यवस्था की मूल भावना पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं।



शिशु गुप्ता
राजनीतिक विश्लेषक

पंचायती राज और नगर परिषद चुनाव अब धीरे-धीरे समाजसेवा के मंच से हटकर राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का माध्यम बनते जा रहे हैं। यह स्थिति लोकतंत्र की जड़ों के लिए चिंताजनक है। स्थानीय निकायों की अवधारणा मूलत: जनभागीदारी और समाजसेवा पर आधारित थी। यहां व्यक्ति की पहचान उसके कार्य, व्यवहार, ईमानदारी और जनता से जुड़ाव से बनती थी। गांव या नगर का प्रतिनिधि वही बनता था जो लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहता था, लेकिन जब चुनाव राजनीतिक दलों के चिन्ह पर होने लगते हैं, तब व्यक्ति की योग्यता से अधिक महत्व पार्टी की ताकत, धनबल, प्रचार तंत्र और गुटबाजी को मिलने लगता है।

इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह होता है कि स्थानीय समस्याएं पीछे छूट जाती हैं और चुनाव वैचारिक संघर्ष या राजनीतिक प्रतिष्ठा की लड़ाई बन जाते हैं। समाजसेवा की भावना कमजोर होने लगती है। ऐसे कई कर्मठ और निष्पक्ष लोग, जो वास्तव में जनता के लिए कार्य करना चाहते हैं, दलगत राजनीति के कारण चुनावी प्रक्रिया से दूर हो जाते हैं। परिणामस्वरूप स्थानीय नेतृत्व का स्वाभाविक विकास रुक जाता है।




वास्तविक लोकतंत्र वही है जिसमें नेतृत्व नीचे से ऊपर की ओर विकसित हो। जो व्यक्ति धरातल पर कार्य करता है, जनता का विश्वास जीतता है, संघर्ष करता है और समाज के बीच अपनी पहचान बनाता है-वही आगे चलकर बड़ा नेता बनने का नैतिक अधिकार रखता है। यदि स्थानीय निकाय केवल राजनीतिक दलों की प्रयोगशाला बनकर रह जाएंगे, तो भविष्य में जनसेवा आधारित नेतृत्व की कमी होना स्वाभाविक है। यह भी सत्य है कि राजनीतिक दल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन हर स्तर पर उनकी प्रत्यक्ष दखलंदाजी आवश्यक नहीं मानी जा सकती। पंचायत और नगर परिषद जैसे निकायों को अपेक्षाकृत गैर-दलीय बनाए रखना लोकतंत्र की आत्मा को मजबूत करता है। इससे स्थानीय प्रतिनिधि जनता के प्रति अधिक जवाबदेह रहता है, न कि केवल पार्टी नेतृत्व के प्रति।

आज आवश्यकता इस बात की है कि स्थानीय निकाय चुनावों को पुन: समाजसेवा, जनभागीदारी और स्थानीय नेतृत्व निर्माण का माध्यम बनाया जाए। चुनाव चिन्ह से अधिक महत्व कार्य और चरित्र को मिले।

जनता भी ऐसे प्रतिनिधियों को चुने जो केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि सेवा और विकास की भावना रखते हों, क्योंकि अंतत: लोकतंत्र की असली ताकत वही नेता होते हैं जो जनता के बीच से निकलते हैं, जनता के लिए जीते हैं और जनता के विश्वास से आगे बढ़ते हैं न कि केवल किसी राजनीतिक दल की पहचान से।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरस्वती स्कूल महादेव का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सरस्वती विद्या मंदिर महादेव की छात्राओं ने अव्वल रहकर नाम रोशन किया है सोनाली शर्मा ने 700 में से 669 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व समीक्षा ने 631 अंक लेकर द्वितीय स्थान व स्वाति ने 630 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य शिक्षिका निशा ने यह जानकारी देते हुए यह भी बताया कि अन्य सभी विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।




### असेंट स्कूल का दसवीं का परिणाम शानदार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के ब्रिज मंडी स्थित असेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल के निदेशक लक्की ठाकुर ने बताया कि विद्यालय की छात्रा उर्वशी ने 97.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं अपूर्वा ने 97.5 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा जतीन ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा दक्ष और इशांत वर्मा ने 95.5 प्रतिशत, दीक्षा ने 95.2 प्रतिशत, वंशिका ने 95.1 प्रतिशत, सेजल ने 94.5 प्रतिशत, कृतिका ने 93.4 प्रतिशत, नमन ने 89 प्रतिशत, समनीत ने 87 प्रतिशत, अखिल ने 85 प्रतिशत तथा आदित्य ने 84 प्रतिशत अंक हासिल किए।



### हिमालयन स्कूल 10वीं का परिणाम शानदार



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरकाघाट का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रा आस्था ठाकुर ने 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, जिला स्तर पर द्वितीय तथा प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने बताया कि अलंकृति डोगरा ने 96.86 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा मीनल ने 92.86 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अधिकतर विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने आस्था ठाकुर को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आस्था की मेहनत और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकों और अभिभावकों ने आस्था ठाकुर की सफलता पर खुशी जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चैलचौक स्कूल में मनाया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

**अनंत ज्ञान, चैलचौक।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चैलचौक में 11मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या आरती देवी ने बताया कि यह दिवस युवाओं को विज्ञान व प्रौद्योगिकी के प्रति पैदा करने व भारतीय वैज्ञानिकों की प्रगति के सम्मान में 11मई 1999 से लगातार मनाया जाता रहा है। प्रवक्ता भौतिक शास्त्र हंस राज ठाकुर ने बताया कि इस निशुल्क आन-लाइन सत्र में विद्यालय के लगभग 100 बच्चे पंजीकृत हुए थे जिन्हें ईसरो के मानव संसाधन निर्माण विभाग के सह निदेशक सुधीर कुमार ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मनोहर गोयल, अनिल कुमार हंसा ठाकुर, नरेश कुमार, पंकज सेन, नागेंद्र व राकेश कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### नागचला में 264 ग्राम चरस के साथ दो काबू



**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसटीएफ सेंटर रेंज मंडी बजौरा कुल्लू और पुलिस थाना बल्ह की संयुक्त टीम ने नागचला क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक टाटा ऐस वाहन से 264 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए जिला ऊना निवासी रविन्द्र कुमार और विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपियों से चरस की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

### पंडोह में युवक से 265 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी के तहत पुलिस चौकी पंडोह की टीम ने ट्रांजिट कैंप सयोगी के पास गश्त और वाहन जांच के दौरान एक युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके बैग से 265 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान अंशु निवासी परागपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### औट के धलूट में अफीम के 2751 पौधे बरामद



**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना औट की टीम ने नशे के खिलाफ अभियान के दौरान गांव धलूट में एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 9 बिस्वा भूमि पर अवैध अफीम की खेती का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से 2751 अफीम के पौधे बरामद कर कब्जे में लेने के बाद नष्ट कर दिए। मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में भी निगरानी बढ़ा रही है।

### अंधड़ से उड़ा तंबू, बिजली-पानी आपूर्ति ठप

**अनंत ज्ञान, महादेव।** रविवार की रात को अचानक आए अंधड़ के साथ बिखरे रूप से हुई बारिश से खलिहानों में रखी गेहूं के बचाव के लिए किसानों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। काफी हद तक फसल भीग गई और डाले गए तिरपाल भी उड़ गए तथा पेड़ उखड़ने-टूटने से मार्ग बाधित हो गए। ग्रीष्म ऋतु में पकी फसल के मौसम के बीच बार-बार बिगड़ रहे मौसम के सिलसिले ने जहां किसानों को परेशान करके रखा है वहीं झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले घुमंतू परिवारों को ठौर ठिकानों को लेकर संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत डुगराईं के समाजसेवी हेमराज द्वारा पुराने घर के सामान के लिए बनाया गया तंबू भी उखड़ उड़ गया, जिससे खासा नुकसान होने की खबर है।

# दोन्धी वार्ड में मतदाता सूची से 370 नाम गायब, लोगों में रोष

## एसडीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल, न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** नगर निगम मंडी के वार्ड नंबर-15 (दोन्धी) में मतदाता सूची को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड के चक्कर चलाह क्षेत्र के करीब 370 मतदाताओं के नाम सूची से गायब होने के कारण स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ गहरा गुस्सा है। स्थिति यह है कि यदि समाधान नहीं हुआ, तो सैकड़ों लोग इस बार नगर निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे।

समस्या को लेकर सोमवार को वार्डवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल बल्ह की एसडीएम स्मृतिका नेगी से मिला। ग्रामीणों ने दोटूक कहा कि सूची से इतने बड़े पैमाने पर नाम कटना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। वहीं, एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि चुनाव प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है, इसलिए इस स्तर पर फेरबदल तकनीकी रूप से कठिन है। उन्होंने लोगों को उपायुक्त (डीसी) से मिलकर अपनी बात रखने का आग्रह किया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि उन्हें वोट डालने का हक ही नहीं मिल रहा, तो नगर निगम में रहने का कोई औचित्य नहीं है। वार्डवासी जीतू भारद्वाज व अन्य ने चेतावनी दी कि यदि चुनाव से पहले उनके नाम नहीं जोड़े गए, तो वे न्यायालय की शरण लेंगे। साथ ही, उन्होंने मांग की कि यदि उनकी समस्या नहीं सुलझती है, तो उनके क्षेत्र को नगर निगम से बाहर कर दोबारा पंचायत क्षेत्र में शामिल किया जाए।

### सरकार के इशारे पर प्रशासन ने जानबूझकर इस वार्ड से नाम काटे : विधायक इंद्र सिंह



**बल्ह** के विधायक इंद्र सिंह गांधी इस मामले को लेकर सरकार पर हमलावर हो गए हैं। उन्होंने सीधा आरोप जड़ा कि प्रदेश सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन ने जानबूझकर भाजपा के गढ़ माने जाने वाले इस वार्ड से नाम काटे हैं। विधायक ने कहा, 'यह लोकतंत्र के पर्व में मतदाताओं के अधिकारों की हत्या है। प्रशासन और सरकार की मिलीभगत से 370 नाम गायब करना बड़ी शर्म की बात है।' उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि जब तक इन मतदाताओं के नाम सूची में दोबारा शामिल नहीं किए जाते, तब तक इस वार्ड के चुनाव को स्थगित रखा जाए।

> **मतदाताओं** को वोट बनवाने के लिए पर्याप्त समय और अवसर दिया गया था। अब चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अंतिम चरण में है, ऐसे में नियमानुसार नए वोट बनाना संभव नहीं है।
>
> **-स्मृतिका नेगी, एसडीएम, बल्ह।**

# सरकाघाट में जिला परिषद के लिए 20 प्रत्याशी मैदान में

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** पंचायत चुनाव-2026 के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को सरकाघाट में जिला परिषद सदस्य पद के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम के समक्ष 11 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं पंचायत समिति सदस्य पद के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार सरकाघाट मनीष कुमार के समक्ष 50 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट ने बताया कि जिला परिषद के लिए सरकाघाट के चार वार्डों से कुल 20 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन 11 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। वार्ड नंबर-27 कोट से रचना देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वार्ड नंबर-28 भांबला से अभिलाषा ठाकुर एवं कल्पना देवी ने अपने नामांकन पत्र भरे। वार्ड नंबर-29 थौना से अनिता देवी, रजनी देवी, मीना तथा कल्पना कुमारी ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसी प्रकार वार्ड नंबर-33 नवाही से विजय कुमार, रमन कुमार, परवीन कुमारी तथा राजेंद्र सूर्यवंशी ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए।

**◆ पंचायत समिति सदस्य के लिए 116 प्रत्याशियों ने ठोंकी दावेदारी**

उन्होंने आगे बताया कि पंचायत समिति गोपालपुर के अंतर्गत आने वाले 27 पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए अंतिम दिन 50 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जबकि तीन दिनों तक चली नामांकन प्रक्रिया में कुल 116 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दर्ज करवाए। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को प्रातः 10 बजे से की जाएगी। इसके उपरांत 14 एवं 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

# सुक्खू सरकार ने मंडी से किया सौतेला व्यवहार : रणवीर सिंह

## नगर निगम चुनाव में मिलेगा मंडी के साथ भेदभाव का जवाब

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** सुक्खू सरकार पिछले साढ़े तीन वर्षों से जिला मंडी के सौतेला व्यवहार कर रही है और अब नगर निगम चुनावों में गेंद जनता के पाले में आ गई है जिसका इंतजार मंडी की जनता लगातार कर रही थी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और नगर निगम मंडी के वार्ड नं एक खलियार से भाजपा प्रत्याशी रणवीर सिंह ने यह बड़ा हमला प्रदेश सरकार पर किया है।

उन्होंने कहा कि जिला मंडी से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का भेदभाव व द्वेषपूर्ण रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है और इसके परिणाम कांग्रेस पार्टी को नगर निगम और पंचायती राज चुनावों में भुगतने पड़ेगें। उन्होंने कहा कि मंडी में विकास कार्यों पर पूर्ण विराम लगा हुआ है और नगर निगम क्षेत्र में अव्यवस्था चारों ओर फैली हुई है। लोगों को मिलने वाली लगभग सभी व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि जो सरकार पिछले साढ़े तीन वर्षों में नगर निगम में एक अधिशाषी अभियंता, कनिष्ठ अभियंता नहीं दे पाई वह पार्टी आज किस मुंह से नगर निगम चुनावों में वोट मांग रही है। आज पंद्रह वार्ड वाला मंडी नगर निगम केवल एक सहायक अभियंता और दो आउटसोर्स कनिष्ठ अभियंता के ऊपर चल रहा है जो सरकार की मंडी नगर निगम के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने साथ ही कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा नगर निगम को उपलब्ध 15 करोड़ की राशि को प्रदेश सरकार द्वारा वापिस लेने से मंडी शहर के विकास को बड़ा धक्का लगा है जिसका जवाब कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को जनता को देना होगा। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सुक्खू की सरकार अपनी विश्वसनीयता को प्रदेश की जनता के समक्ष खो चुकी है जिसका खामियाजा आगामी नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों में सरकार को भुगतना पड़ेगा।

## भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने जिला परिषद के लिए भरा नामांकन पत्र

# टिहरा के विकास को दूंगी प्राथमिकता : वंदना

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जिला परिषद वार्ड टिहरा से भाजपा समर्थित प्रत्याशी वंदना गुलेरिया ने सोमवार को भारी जनसमर्थन के बीच अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान धर्मपुर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर, विभिन्न पंचायतों के भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। नामांकन के दौरान क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल रहा और समर्थकों ने वंदना गुलेरिया के पक्ष में जमकर नारेबाजी की।



समर्थकों के साथ नामांकन करने जाती हुई वंदना गुलेरिया। अनंत ज्ञान

वंदना गुलेरिया ने कहा कि टिहरा वार्ड के समग्र विकास, युवाओं के भविष्य, महिलाओं के सशक्तिकरण और किसानों-बागवानों की समस्याओं के समाधान के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि धाड़ता क्षेत्र में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा घोषित पॉलीटेक्निक-कम-फार्मेसी कॉलेज और चोलथरा क्षेत्र में पूर्व स्वीकृत आयुष अस्पताल को दोबारा शुरू करवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि टिहरा और चोलथरा स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध करवाने, सज्याओं पिपलू में उप तहसील खोलने तथा टिहरा क्षेत्र में एसडीएम और बीडीओ कार्यालय की मांग को मजबूती से उठाया जाएगा। वंदना गुलेरिया ने कहा कि क्षेत्र की बंद पड़ी सिंचाई योजनाओं को पुनः शुरू करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए आईटीआई कुजाबलह में नए ट्रेड शुरू करवाने की मांग भी उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, सिंचाई और रोजगार को केंद्र में रखकर विस्तृत दृष्टि पत्र तैयार किया जा रहा है।

# देव वाला कामेश्वर मंदिर में 14 मई से होगा धार्मिक आयोजन

## 16 को दंगल, देश-प्रदेश के नामी पहलवान दिखाएंगे दमखम

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** छातर पंचायत के अंतर्गत प्रसिद्ध देव वाला कामेश्वर मंदिर परिसर में 14 से 16 मई तक तीन दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर कमेटी की ओर से भजन संध्या, अटूट लंगर, विशाल भंडारा तथा पारंपरिक दंगल मुख्य आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह है और मंदिर परिसर को सजाने की तैयारियां चल रही हैं। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष बृजलाल ने बताया कि 14 मई की रात भव्य भजन संध्या होगी, जिसमें स्थानीय कलाकार अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। 15 मई को अटूट लंगर एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने

**◆ भजन संध्या और विशाल भंडारा भी लगाया जाएगा**

की संभावना है। उन्होंने बताया कि 16 मई को विशाल दंगल आयोजित होगा, जिसमें हिमाचल सहित देश के विभिन्न राज्यों के नामी पहलवान दमखम दिखाएंगे।

दंगल को लेकर युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह बना हुआ है। मंदिर की आस्था केवल छातर गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि साई, भौर, डडौर, कनैड, नौलखा, जरल, जुगाहन, रामपुर, तरोट और धनोटू सहित आसपास के क्षेत्रों के लोग भी यहां गहरी श्रद्धा रखते हैं। लोगों के आराध्य देवता होने के कारण यहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। मंदिर कमेटी से जुड़े समाजसेवी एवं दुकानदार चमन अतर ने बताया कि मंदिर की देखरेख, भंडारे और अन्य धार्मिक कार्य जनता व कमेटी के सहयोग से संचालित किए जा रहे हैं। आने वाले समय में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में सराय का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से 14, 15 और 16 मई को मंदिर पहुंचकर कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संजय कुमार, प्रेम लाल, गुड्डू, राजेश चौधरी, योगराज, लेखराज, नरोत्तम, सुभाष राज और अमर सिंह दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं।

मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

### खेत को बाड़ा लगाने पर बुजुर्ग से मारपीट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना धर्मपुर में खेत की बीड़ पर रेलिंग लगाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट व गाली-गलौज का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जानकारी के अनुसार भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 352, 115(2) व 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।शिकायतकर्ता 90 वर्षीय रमजान खान पुत्र स्वर्गीय सुबा निवासी गांव भड़ियार, डाकघर ब्रांग, तहसील धर्मपुर जिला मंडी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 8 मई को वह घर से मस्जिद जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि गांव की सरिता बीबी पत्नी इस्माईल खान तथा उसकी सास कर्मदेई पत्नी मजिद खान अपने मकान की छत की रेलिंग हटाने के बाद उनके खेत की बीड़ की ओर नई रेलिंग लगाने का कार्य कर रही थीं।रमजान खान के अनुसार जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों महिलाओं ने उनका रास्ता रोक लिया तथा उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# जोगिंद्रनगर कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर हुआ मंथन

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में नई शिक्षा नीति 2020 के नवीन शैक्षणिक सत्र में प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की एनईपी एवं प्रोस्पेक्टस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रकाश चौहान रहे। उन्होंने नई शिक्षा नीति के महत्व एवं उसके सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर एनईपी एवं प्रोस्पेक्टस कमेटी के संयोजक प्रो. विधु भारद्वाज ने नई शिक्षा नीति के मूल स्वरूप पर अपने विचार रखे। वहीं प्रो. पवन कुमार ने पीपीटी के माध्यम से नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओं एवं संरचनात्मक स्वरूप की विस्तार से जानकारी दी। प्रो. श्रवन कुमार ने परीक्षा प्रबंधन एवं आंतरिक मूल्यांकन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो. कौमुदी शर्मा ने किया। इस दौरान अन्य प्राध्यापकों ने भी नई शिक्षा नीति को लेकर सुझाव एवं विचार साझा किए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नवीन शैक्षणिक सत्र में नई शिक्षा नीति का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करना तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इसके विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं एमए के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय नारला, राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल तथा राजकीय महाविद्यालय मुल्थान के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला में शामिल हुए।

# बुद्धिजीवियों का 'नायणी की बाईं' के संरक्षण पर जोर

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर शहर स्थित नायणी की बाईं (नैणी री बाईं) के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व की स्थली में सामाजिक बुराइयों एवं तरह-तरह के नशे को दूर भगाने के अपने संकल्प को दोहराते हुए विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों ने इस प्राकृतिक जल स्त्रोत के संरक्षण तथा विकास को लेकर विचार-विमर्श किया। वहीं, नायणी बाईं को धार्मिक श्रद्धा का केंद्र मानते हुए एकत्र हुए सभी प्रबुद्ध जनों ने एक स्वर में ठानी कि भविष्य में समाज के हर वर्ग का योगदान लेते हुए इस पूर्व सुकेत रियासत की धरोहर का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाएगा।

समाजसेवी एवं जाने माने साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए खासतौर पर कहा कि प्रकृति के निकट रहकर ही कल्याण निहित है। इसके लिए बड़े पैमाने पर मिलकर काम करने की सख्त जरूरत है। नायणी बाईं की साफ-सफाई में अपना अहम रोल अदा करने वाले युवा भूपेश शर्मा ने कहा कि इस प्राकृतिक जल स्थल को पर्यटन की दिशा में विकसित करने के लिए हर वर्ग का सहयोग लेकर एक स्वयंसेवी संस्था आदि गठित करना जरूरी ही नहीं, बल्कि समय की भी मांग समझी जानी चाहिए।

कवि एवं कलाकार जितेश शर्मा ने कहा कि प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़ न कर तकनीक की बारीकियों का ख्याल कर ही नायणी बाईं का विकास किया जाना लाजिमी है। विनय कुमार ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों की रक्षा करने के लिए एक समिति का होना अनिवार्य है। देव सेन ने कहा कि नैण मैय्या जैसे प्राचीन स्थल को सजाने-संवारने के लिए हमें एकजुट होकर खड़े होने की जरूरत है, ताकि हम अगली पीढ़ी को भी संस्कारित कर तमाम उन प्राकृतिक स्थलों का महत्व समझा सकें, जिनसे हमारे जीवन में प्राणवायु है।

**चुनाव** — जिप प्रत्याशी चमन राही बोले- अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे केंद्र सरकार की योजनाएं

# महात्मा गांधी-डॉ. अंबेडकर को साक्षी मानकर भरा पर्चा

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** खिलड़ा-21 जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य, ब्लॉक समिति सदस्य व पंचायत प्रधान गांव नायली धारंडा, मैरामसीत सुंदरनगर मंडी चमन राही ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर को आदर्श मानते हुए वह समाज और आधुनिक भारत के निर्माण के लिए आगे बढ़ रहे हैं। चमन राही ने कहा कि महात्मा गांधी और डॉ. बीआर अंबेडकर राष्ट्र की धरोहर हैं।



जिला परिषद के खिलड़ा-21 वार्ड से नामांकन भरते चमन राही।

उनके विचारों से प्रेरणा लेकर वह समाज सेवा का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों पर चलते हुए जनसेवा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए शासन और प्रशासन पर प्रभावी दबाव बनाकर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

गौरतलब है कि बल्ह और सुंदरनगर उपमंडल में चमन राही एकमात्र ऐसे जिला परिषद उम्मीदवार हैं, जो आरक्षित वर्ग से संबंध रखते हैं। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को जिला परिषद अध्यक्ष पद मिलने की संभावना भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों की मांग पर ही चमन राही चुनाव मैदान में उतरे हैं। बताया जा रहा है कि सुंदरनगर सब डिवीजन को आज तक जिला परिषद अध्यक्ष पद की सीट नहीं मिली है। ऐसे में इस बार सुंदरनगर क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर अवसर माना जा रहा है। चमन राही क्षेत्र का चर्चित चेहरा हैं और पूरे जिला मंडी में उनकी पहचान है।

### क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मांगा समर्थन

**आगामी** जिला परिषद चुनावों के मद्देनज़र खिलड़ा-21 निर्वाचन क्षेत्र, विकास खंड सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) में जनसमर्थन जुटाने और क्षेत्र के समग्र विकास के संकल्प के साथ चमन राही ने लोगों से सहयोग और आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद खिलड़ा-21 निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दुमट बैहली, कपाही, मलोह, रोहांडा, चौकी, भनवाड, कलौहड़, बीणा, खिलड़ा, पौड़ाकोठी, रोगल और अरठी पंचायतों के अंतर्गत गांव डोडर, पडसल, थला, डोडवा, देरडू, सरीयून, बगैण, नालनी, भदरोलू, केरन, छजवाड़, पटयोड़ा, धारंडा, डडोल, नायली, रड़ा, बसी, मंगलाह, चंद्रसाई, मैहली, ठिहकर, सिंधु, मनाणु और कमांद गांवों के सभी मतदाताओं से क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्थन देने की अपील की गई है।

# मानक एएसआई बने सुशील पीपिंग सेरेमनी में हुआ सम्मान



अनंत ज्ञान

बड़ूही। पुलिस विभाग में पदोन्नति प्राप्त कर मानक एएसआई बने सुशील कुमार के सम्मान में अंब थाना परिसर में एक गरिमामयी सम्मान समारोह व पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान डीएसपी अंब अनिल पटियाल तथा एसएचओ अंब रूप सिंह ने सुशील कुमार को स्टार लगाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि सुशील कुमार ने पुलिस विभाग में अपनी सेवाओं के दौरान हमेशा ईमानदारी, अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य किया है। उनकी मेहनत, लगन व जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली के कारण ही उन्हें यह महत्वपूर्ण पदोन्नति प्राप्त हुई है। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि वे भविष्य में भी पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से अपनी सेवाएं देते हुए विभाग का नाम रोशन करेंगे। पीपिंग सेरेमनी के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी सुशील कुमार को बधाई दी व उनके साथ खुशी साझा की।

समारोह का माहौल उत्साह व गौरव से भरा रहा। सहकर्मियों ने कहा कि सुशील कुमार का व्यवहार हमेशा सहयोगात्मक रहा है व वे अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाते रहे हैं। समारोह के अंत में सभी ने सुशील के बेहतर भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य व सफल सेवाकाल की कामना की। इस मौके पर पुलिस विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# ऊना जिले में जिला परिषद के लिए 55 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन-पत्र

अनंत ज्ञान

### आज होगी नामांकन पत्रों की जांच

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र दायर करने की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अब 12 मई को प्रातः 10 बजे नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

ब्यूरो, ऊना। पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव 2026 के तहत नामांकन प्रक्रिया में ऊना जिला से जिला परिषद के लिए कुल 55 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को कुल 31 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन-पत्र भरे।

यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त, ऊना जतिन लाल ने दी। बता दें, जिला परिषद के लिए पहले दिन 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जबकि नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन 14 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए थे। डीसी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन (सोमवार) को उपमंडल ऊना के अंतर्गत जिला परिषद वार्डों से 8 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दायर किए हैं। इनमें वार्ड 7 टक्का से सोमदत्त, सुचांद शर्मा और राज कुमार, वार्ड 8 चताड़ा से दीक्षा सैनी, वार्ड 9 देहलां अप्पर राम बहादुर पौंजला, अविनाश कुमार व सोनिया राणा तथा वार्ड 10 रायपुर सहोड़ां से प्रियंका शर्मा शामिल हैं। इसी तरह उपमंडल हरोली के अंतर्गत 7 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन भरे हैं। इनमें वार्ड 11 बाथू से रोजी, संयोगिता रानी और ज्योति वाला, वार्ड 13 हरोली से केवल सिंह, निर्मल कौर और वार्ड 13 हरोली से प्रेम सिंह तथा वार्ड 12 दुलैहड़ से सुलिंद्र पाल कौर शामिल हैं।

### नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 31 उम्मीदवारों ने भरे परचे

उपमंडल बंगाणा के तहत 4 प्रत्याशियों ने जिला परिषद के लिए नामांकन परचे भरे हैं। इनमें वार्ड 4 सोहारी से विशाल सिंह और पवन कुमार, वार्ड 6 धनेत से रीना देवी तथा वार्ड 5 लठियाणी से अनीता देवी शामिल हैं। उपमंडल गगरेट में 7 उम्मीदवारों ने जिला परिषद के लिए नामांकन किए हैं।

इनमें वार्ड 15 अंबोटा से पवन कुमार और मनीष राजू, वार्ड 16 चलेट से आरती देवी, प्रीति और दीपिका शर्मा तथा वार्ड 17 लोअर भंजाल से गुरमुख सिंह और विजय कुमार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उपमंडल अंब से 5 प्रत्याशियों ने जिला परिषद वार्डों के लिए नामांकन दाखिल किए हैं। इनमें वार्ड 1 मुबारिकपुर से राजीव कुमार और संजीव कुमार, वार्ड 2 कुठेड़ा खैरला से हरजिन्दर कौर और सुनीता कुमारी तथा वार्ड 3 ठठल से सरवण सिंह शामिल हैं।

## गोंदपुर बनेहड़ा लोअर में प्रधान पद के लिए 5, उप-प्रधान के लिए 10 लोग चुनावी दौड़ में

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। पंचायत चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन के बाद गोंदपुर बनेहड़ा (लोअर) में ग्रामीण राजनीति ने एक नया रूप ले लिया है। लोगों में पंचायत चुनाव के लिए काफी उत्साह है।

गोंदपुर बनेहड़ा (लोअर) पंचायत में प्रधान पद के लिए पांच, तो उपप्रधान के लिए दस लोगों ने अपना नामांकन दर्ज करवाया है। प्रधान पद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, जिसमें 5 महिलाओं ने अपना नाम दर्ज करवाया है। वहीं उपप्रधान पद अनारक्षित, जिसमें 9 पुरुषों व 1 महिला ने अपना नाम दर्ज करवाया है। बनेहड़ा लोअर में एडवोकेट राजकुमारी शर्मा, बलबंत सिंह, राहुल, अजय कुमार, धर्मबीर सिंह, परमेश्वर सिंह, प्रदीप, जसवीर सिंह, विजय कुमार, अमित कुमार, उपप्रधान पद के लिए अपना भाग्य आजमा रहे हैं। वहीं, सात वार्डों के लिए 15 लोगों ने अपना नामांकन भरा है।

# कुटलैहड़ के लाठियानी जिला पार्षद वार्ड से भाजपा समर्थित अनीता ने भरा नामांकन

अनंत ज्ञान



बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लाठियानी जिला पार्षद वार्ड से भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनीता देवी ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो विशेष रूप से उपस्थित रहे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान भाजपा समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी कर पार्टी के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। नामांकन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, महिलाएं व युवा शामिल हुए। समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ अनीता देवी का स्वागत किया और उन्हें जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। पूरे क्षेत्र में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्माता दिखाई दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि इस बार पंचायतीराज चुनावों में भाजपा के पक्ष में मजबूत माहौल बना हुआ है और जनता कांग्रेस सरकार की नीतियों से पूरी तरह निराश है। उन्होंने दावा किया कि पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी का 'सूफड़ा साफ' होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास, पारदर्शिता व जनसेवा के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है, जिसका सकारात्मक असर चुनावों में दिखाई देगा। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचा है और लोग भाजपा की नीतियों पर विश्वास जता रहे हैं। भुट्टो ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव प्रचार में जुटने का आह्वान किया और कहा कि पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाना ही कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें लोगों का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद भाजपा को मिल रहा है। अनिता देवी कि यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है तो वह क्षेत्र के विकास, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और महिला कल्याण जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देंगी। अनीता देवी ने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास को नई दिशा देने के लिए वह पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### तूफान से उड़ी दियोली स्कूल की छत



अनंत ज्ञान, गगरेट। गगरेट विधानसभा क्षेत्र के दियोली स्थित सरकारी स्कूल में रविवार रात आए अचानक तेज तूफान ने भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी व खराब मौसम के चलते स्कूल भवन की छत पूरी तरह उड़ गई, जिससे स्कूल को भारी नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि रात के समय आए इस तेज तूफान से स्कूल की छत के टीन और अन्य सामान हवा से दूर-दूर तक जा गिरे। गनीमत यह रही कि घटना रात को हुई, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। हालांकि स्कूल के कमरों में रखा फर्नीचर, दस्तावेज और अन्य शैक्षणिक सामग्री भी प्रभावित हुई है जिससे भी नुकसान पहुंचा है। लोगों ने बताया यह स्कूल अंग्रेजों के समय का है। इसका एक कमरा पीडब्ल्यूडी ने असुरक्षित भी घोषित किया हुआ है। हैरान की बात है कि स्कूल भवन के लिए 56 लाख मंजूर हैं लेकिन कार्य अभी तक नहीं हो पाया है।

### ठाकरां स्कूल का दसवीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय उच्च पाठशाला ठाकरां का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शानदार रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यार्थियों व शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय की छात्रा अर्शप्रीत कौर ने 700 में से 610 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। चरनजीत कौर ने 586 अंक लेकर दूसरा तथा नवजोत कौर ने 541 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्याध्यापक परमजीत सिंह सहित विद्यालय के समस्त अध्यापकगणों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

### पंतेहड़ा स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

अनंत ज्ञान, कुठेड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंतेहड़ा के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। कृतिका कुमारी ने 682 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, राधिका शर्मा ने 676 अंक के साथ द्वितीय स्थान पाया। नेहा गौतम ने 637 अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य हाकम सिंह धीमान सहित पूरे स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मजारी स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। पाठशाला के प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपेक्षा के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं में सिमरनजीत कौर ने 402 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अर्श पलक ने 401 अंक के साथ दूसरा तथा खुशी ने 375 अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। दसवीं कक्षा में तनवीर कौर ने 639 अंक लेकर प्रथम, चरणप्रीत कौर ने 637 अंक लेकर दूसरा और मनजोत सिंह ने 575 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों और अभिभावकों को दिया।

### प्रिया और आराध्या ने झटका पहला स्थान

अनंत ज्ञान घुमारवीं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में वैद्य शमशेर सिंह चंदेल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय गेहडवीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य तिलकराज ने बताया कि 17 विद्यार्थियों में सभी ने सराहनीय अंक प्राप्त किए। प्रिया और आराध्या ने 700 में से 687 अंक लेकर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षिता ने 680 अंक तथा अक्षिता कुमारी ने 661 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रबंधन और स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गेहड़वीं स्कूल के स्टूडेंट्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहड़वीं के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित मार्च 2026 की दसवीं कक्षा की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता की नई मिसाल स्थापित की। विद्यालय में प्रथम स्थान प्रियंशु शर्मा ने 668/700 अंक प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान कार्तिक शुक्ला ने 659/700 अंक लेकर प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान पर परव ठाकुर ने 656/700 अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त हर्ष शर्मा ने 642/700 तथा शिवांश ने 616/700 अंक प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठ विद्यार्थियों की सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी।

### अल्फा स्कूल का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा। छात्रा सानवी परमार ने 689 अंक लेकर प्रदेश मेरिट में 11वां स्थान हासिल किया। वर्षा दूसरे और प्रज्ञा शर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय में विद्यार्थियों का सम्मान कर खुशी मनाई गई।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए भक्त



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। घराण के टिहरी गांव स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। कथा में कंस, देवकी, वसुदेव और श्रीकृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। सुंदर भजनों से पंडाल भक्तिमय हो उठा। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## 2.32 ग्राम चिट्टे सहित दो युवक काबू, पुलिस जांच में जुटी

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला पुलिस ऊना द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गगरेट थाना पुलिस ने चिट्टा तस्करी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.32 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। जानकारी के अनुसार 10 मई की देर शाम सहायक उपनिरीक्षक मोंटी गुलेरिया के नेतृत्व में पुलिस थाना गगरेट की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अंबोटा-होशियारपुर बाईपास रोड, डवाली अंबोटा में नाकाबंदी कर एक मोटरसाइकिल को रोका था। तलाशी के दौरान पुलिस को 2.32 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक अजय कुमार तथा पीछे बैठे अरमान, दोनों निवासी भाटी डाकघर व तहसील ज्वालाजी जिला कांगड़ा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है व इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। जिला पुलिस ऊना ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने आम जनता, विशेषकर युवाओं व अभिभावकों से अपील की है कि नशे के प्रति शून्य सहनशीलता अपनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# टीहरा पंचायत को मिली निर्विरोध प्रधान, कांग्रेस समर्थक दर्शना देवी के समर्थन में दिखी एकजुटता

अनंत ज्ञान



राजेश ठाकुर, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टीहरा में पंचायत चुनाव के दौरान उस समय विशेष माहौल देखने को मिला, जब कांग्रेस समर्थक श्रीमती दर्शना देवी निर्विरोध पंचायत प्रधान चुनी गईं।

प्रधान पद के लिए विपक्ष की ओर से किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके चलते दर्शना देवी को निर्विरोध पंचायत प्रधान घोषित किया गया। इस खबर के सामने आते ही पंचायत क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई व समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विशेष बात यह रही कि दर्शना देवी लगभग 25 वर्ष पूर्व भी ग्राम पंचायत टीहरा की प्रधान रह चुकी हैं व लंबे समय बाद एक बार फिर जनता ने उन पर विश्वास जताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दर्शना देवी का व्यवहार सरल और मिलनसार रहा है तथा उन्होंने हमेशा पंचायत के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है। यही कारण रहा कि इस बार पंचायत में उनके खिलाफ किसी ने भी चुनाव मैदान में उतरने की हिम्मत नहीं दिखाई। निर्विरोध प्रधान चुने जाने के बाद पंचायत भवन टीहरा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा विशेष रूप से पहुंचे। विधायक ने दर्शना देवी को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिलाओं व ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायत टीहरा की जनता ने आपसी भाईचारे और विकास की भावना को मजबूत करते हुए दर्शना देवी को निर्विरोध प्रधान बनाकर एक सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और जब जनता विकास को प्राथमिकता देकर सर्वसम्मति से प्रतिनिधि चुनती है तो इससे क्षेत्र में सौहार्द और एकता मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि दर्शना देवी अनुभवी और जनसेवा के प्रति समर्पित महिला हैं। पहले भी प्रधान रहते हुए उन्होंने पंचायत में कई विकास कार्य करवाए थे और अब एक बार फिर जनता ने उन पर भरोसा जताया है।

विधायक ने भरोसा दिलाया कि ग्राम पंचायत टीहरा के विकास के लिए उनका पूरा सहयोग व समर्थन रहेगा तथा पंचायत की हर जायज मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## कांग्रेस सरकार कर्मचारी पेंशनर विरोधी: भाजपा

अनंत ज्ञान, ऊना। भाजपा सेवानिवृत प्रकोष्ठ ने कांग्रेस सरकार पर कर्मचारियों व पेंशनरों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों के दौरान कर्मचारियों, पेंशनरों और आम जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। भाजपा सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एसएस गुलेरिया, सह संयोजक राजीव वशिष्ठ, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, प्रकाश ठाकुर, कुलदीप दयाल, किशन चंद, अजय पराशर और शिव मैहन ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस समर्थित कर्मचारी नेता सरकार के 'पिट्ठू' बने हुए हैं और कर्मचारियों की वास्तविक समस्याओं को सरकार तक सही तरीके से नहीं पहुंचा रहे। उनका कहना है कि कर्मचारियों और पेंशनरों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से वर्ष 2021 तक के संशोधित वेतनमान का लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। इसके अलावा ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन और चिकित्सा बिलों के भुगतान भी पिछले तीन वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई विभागों, विशेषकर परिवहन विभाग और बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है और उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ भी नहीं दिया गया है।

## मोरसिंघी में नलवाड़ मेला संपन्न, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# गनी पहलवान ने जीती बड़ी माली

अनंत ज्ञान



विजेता पहलवान को गुर्ज व 17 हजार रुपए देकर किया सम्मानित।

घुमारवीं। उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत मोरसिंघी पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक नलवाड़ मेले का सोमवार को समापन हो गया। मेले के अंतिम दिन मोरसिंघी बाजार से दंगल मैदान तक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं तथा बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मेले के समापन अवसर पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे नामी पहलवानों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया। दंगल का शुभारंभ हिमुडा निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल ने किया। इस अवसर पर मेला कमेटी के प्रधान केआर रत्न एवं समिति सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

जितेंद्र चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भाईचारे के प्रतीक हैं। उन्होंने दंगल आयोजन के लिए मेला समिति को अपनी ओर से 11 हजार रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की।

दंगल की सबसे बड़ी माली चंबा के गनी और हमीरपुर के मनेर के बीच हुई और गनी विजेता बने। विजेता पहलवान को गुर्ज तथा 17 हजार रुपये की नकद राशि, जबकि उपविजेता को 13 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं, भारत भूषण और अनु के बीच हुई कुश्ती भी आकर्षण का केंद्र रही। इस मुकाबले में भारत भूषण ने जीत हासिल कर गुर्ज तथा 11 हजार रुपए की इनामी राशि अपने नाम की, जबकि उपविजेता पहलवान को 9 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। बाल केसरी कुश्ती में मोहित और स्वास्तिक आमने-सामने हुए। दोनों युवा पहलवानों ने बेहतरीन दांव-पेच दिखाए, लेकिन अंत में मोहित ने जीत दर्ज कर बाल केसरी का खिताब अपने नाम किया। विजेता मोहित को गुर्ज और 3100 रुपए तथा उपविजेता स्वास्तिक को 2100 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय नलवाड़ मेले का समापन समाजसेवी धर्मपाल जस्वाल ने किया।

## बरमाणा जिला परिषद वार्ड से समर्थकों के साथ रोहित ने भरा नामांकन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला परिषद बरमाणा वार्ड से युवा नेता रोहित ठाकुर ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। नामांकन के बाद रोहित ठाकुर ने कहा कि वह लंबे समय से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं और जनता के सहयोग से विकास कार्यों को नई दिशा देना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही 20 बिंदुओं पर आधारित विजन डॉक्यूमेंट जारी किया जाएगा, जिसमें सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, खेल सुविधाएं और डिजिटल विकास जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि राजनीति उनके लिए सेवा का माध्यम है और जनता का आशीर्वाद मिला तो बरमाणा वार्ड को विकास का मॉडल बनाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि रोहित ठाकुर वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत हैं और युवाओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है।

## बिलासपुर जिले में 4727 उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि जिला विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए कुल 4727 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए है। जिनमें जिला परिषद के लिए 88 पंचायत समिति के लिए 435 तथा ग्राम पंचायतों के विभिन्न पदों के लिए 4204 उम्मीदवार शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला की 14 जिला परिषद वार्डों के लिए कुल 88 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए है जबकि 4 पंचायत समितियों के लिए कुल 435 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे है जिनमें बिलासपुर सदर के लिए 112, घुमारवीं से 163, झंडुता से 105 तथा श्री नैना देवी जी पंचायत समिति के लिए 55 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र शामिल है। इसी तरह जिला की 182 ग्राम पंचायतों के लिए कुल 4204 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे है। जिनमें प्रधान पद के लिए 871, उप प्रधान पद के लिए 963 तथा पंचायत सदस्यों के लिए 2370 उम्मीदवार शामिल है।

# कांग्रेस सरकार की तानाशाही और झूठ-फरेब की राजनीति से प्रदेश की जनता त्रस्त: त्रिलोक जम्वाल

अनंत ज्ञान



विधायक त्रिलोक जम्वाल समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की कथित तानाशाही और झूठ-फरेब की राजनीति से परेशान हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि लोग पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में सरकार को सबक सिखाने का मन बना चुके हैं।

सोमवार को वे जिला परिषद बरमाणा वार्ड से अशोक शर्मा, ननावां वार्ड से प्रोमिला चंदेल और कुठेड़ा वार्ड से निशा शर्मा के नामांकन के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनावी गारंटियों को पूरा नहीं किया और कई संस्थान बंद कर दिए हैं, जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भ्रष्टाचार और गलत नीतियों के कारण सरकारी खजाना खाली हुआ है और जनता पर नए-नए टैक्स लगाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने उम्मीदवार उतारने से भी दूरी बना ली है और हार के डर से स्थिति अस्पष्ट करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के सभी वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवार बड़ी जीत दर्ज करेंगे।

## जनसंपर्क कर्मी कश्मीरी देवी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय बिलासपुर में कार्यरत कश्मीरी देवी के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को कार्यालय परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरे कार्यालय परिवार ने उन्हें भावुक माहौल में सम्मानपूर्वक विदाई दी। निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजीव कुमार ने उनकी सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। जिला लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल ने कहा कि कश्मीरी देवी ने अपने लगभग 26 वर्षों के सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया। उन्होंने बताया कि कश्मीरी देवी ने दिसंबर 2001 में अंशकालिक कर्मचारी के रूप में सेवा शुरू की, 2012 में दैनिक वेतनभोगी बनीं और 2017 से नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत रहीं। समारोह में उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## ओपन शतरंज : अंडर-14 वर्ग में आराध्या शर्मा प्रथम




अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। डियारा स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सामुदायिक भवन में जिला शतरंज संघ द्वारा स्वर्गीय देवेंद्र कुमार गुप्ता की स्मृति में जिलास्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से खिलाड़ियों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में चंबा के शिवम ठाकुर विजेता रहे जबकि बिलासपुर के सौरभ शर्मा उपविजेता बने। अंडर-14 वर्ग में हमीरपुर के आराध्या शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## भारतीय शिक्षण मंडल का 57वां स्थापना दिवस मनाया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। शिवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन घुमारवीं में भारतीय शिक्षण मंडल के 57वें स्थापना दिवस पर उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने भारतीय ज्ञान परंपराओं के संरक्षण पर बल दिया। वक्ताओं ने मातृभाषा आधारित शिक्षा और भारतीय संस्कृति के महत्व पर विचार रखे।

## बेसहारा गोवंश के लिए लगाए पानी के ड्रम




अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिंदू रक्षा मंच की टीम ने गर्मी में बेसहारा गोवंश की प्यास बुझाने के लिए स्वारघाट से बलोह टोल प्लाजा तक 36 स्थानों पर पानी के ड्रम रखे। दुकानदारों को नियमित रूप से ड्रम भरने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इस सेवा कार्य में मंच के कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

## पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट ने सीएम का जताया आभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और चिकित्सा बिलों के भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा दिए गए निर्देशों के लिए आभार जताया। फ्रंट ने लंबित एरियर भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग भी उठाई।

## युवाओं को फिटनेस व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के फिट इंडिया अभियान के तहत बिलासपुर साई ट्रेनिंग सेंटर से साइकिल रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान युवाओं को फिटनेस और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## कोल वैली स्कूल नेहर का परिणाम सराहनीय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। कोल वैली पब्लिक स्कूल नेहर का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हंसराज ने 90 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि दिव्यांश ठाकुर दूसरे और कमलेंद्र ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी।

# कुल्लू में कुदरत का कहर: तूफान ने मचाई तबाही स्कूलों की छतें उड़ीं और कई मकान क्षतिग्रस्त

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू में रविवार रात व सोमवार सुबह आए भीषण आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है।

तेज हवाओं के चलते जहां कई सरकारी स्कूलों और रिहायशी मकानों की छतें हवा में उड़ गईं, वहीं दर्जनों गोशालाओं को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इस प्राकृतिक आपदा ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। खंड कुल्लू-1 के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला शोगी में तूफान ने भीषण मंजर पैदा कर दिया। यहां रसोई घर की छत तूफान से उखड़कर करीब 50 मीटर दूर खेतों में जा गिरी। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चेत राम ने बताया कि यह पाठशाला पहले ही जुलाई-अगस्त 2025 की आपदा की मार झेल रही है। अध्यक्ष के अनुसार, पिछली आपदा से हुए नुकसान के लिए सरकार से अभी तक कोई राहत राशि नहीं मिली थी कि अब इस ताजा तूफान ने रही-सही कसर भी पूरी कर दी। कुल्लू के सुल्तानपुर में तेज हवाओं के कारण एक विशाल पेड़ टूटकर बिजली की तारों पर गिर गया, जिससे पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई। इस दौरान एक स्कूटी भी पेड़ की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हुई है। लग वैली में भी एक स्कूल भवन की छत उड़ने की सूचना है।

गनीमत यह रही कि हादसा रात/सुबह के समय हुआ, जिससे किसी जानी नुकसान की खबर नहीं है। बंजार उपमंडल की ग्राम पंचायत मशियार के अंतर्गत घलिंगचा, घलियाड, कमेडा व कांडी गांवों में तूफान का सबसे ज्यादा असर देखा गया। लगभग 5 से 7 मकानों की छतें उड़ गई हैं। करीब 10 गोशालाएं पूरी तरह तबाह हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों व पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। यहां भी कई मकानों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है। तेज हवाओं के कारण सड़कों के किनारे खड़े वाहनों पर पेड़ों की टहनियां गिरने से गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों व प्रभावित स्कूल प्रबंधन ने सरकार से मांग की है कि कागजी कार्रवाई में देरी न करते हुए तुरंत राहत राशि प्रदान की जाए, ताकि वे अपने आशियाने और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित कर सकें। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र ने राजस्व विभाग की टीम को तुरंत मौके पर जाकर नुकसान का विस्तृत आकलन करने के निर्देश दिए हैं।



तूफान के कारण उड़ी स्कूल भवन की छत। अनंत ज्ञान

> तूफान के कारण सरकारी और निजी संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है। राजस्व टीम को रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है ताकि प्रभावितों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जा सके।
> **अनुराग चंद्र, डीसी कुल्लू।**

## मनाली विधानसभा के तीन वार्ड से 14 उम्मीदवार मैदान में

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली। जिला परिषद के मनाली विधानसभा के अंतर्गत आने वाले तीन वार्डों में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। सोमवार को कुल 12 उम्मीदवारों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। लरांकेलो वार्ड से सबसे अधिक सात व कटराई से सबसे कम दो उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। नामांकन पत्र भरने से पूर्व सभी उम्मीदवारों ने शक्ति प्रदर्शन कर माहौल गरमाया। सोमवार को वशिष्ठ वार्ड से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जोगिंदर ठाकुर ने अपना नामांकन भरा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नेता भी उनके नामांकन में शामिल हुए। माल रोड में जोरदार रैली से माहौल गरमा दिया। कटराई वार्ड से रितु नेगी ने भी चुनावी ताल ठोकी। विधायक भुवनेश्वर गौड़, कांग्रेस नेता देवेंद्र नेगी, महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। जोरदार शक्ति प्रदर्शन के साथ रितु नेगी ने नामांकन भरा। इसके अलावा भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनिल राना ने लरांकेलो वार्ड से नामांकन भरा। उनके साथ भारी संख्या में लोग एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे। वशिष्ट से कांग्रेस के नेता रोहित महाजन ने भी चुनावी ताल ठोकी है। हालांकि नाम वापसी और छंटनी के बाद उम्मीदवारों की तस्वीर साफ होगी। एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा ने कहा कि आज 12 ने नामांकन भरे। अब तीन वार्ड में 14 उम्मीदवार मैदान में है।

## नेहरू पार्क में कचरा संयंत्र लगाने पर हाईकोर्ट की रोक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू शहर के ऐतिहासिक नेहरू पार्क को बचाने की मुहिम में स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी सफलता मिली है।

सीनियर सिटीजन्स काउंसिल, कुल्लू द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने पार्क के स्वरूप के साथ किसी भी छेड़छाड़ पर रोक लगाते हुए 'यथास्थिति' बनाए रखने के आदेश जारी किए हैं। विवाद की जड़ नगर परिषद कुल्लू का वह निर्णय है, जिसके तहत सरकारी परिसर स्थित नेहरू पार्क में कूड़ा प्रबंधन के लिए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी स्थापित करने की योजना बनाई गई थी। स्थानीय निवासियों व विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों ने इस निर्णय का कड़ा विरोध किया था। परिषद का तर्क है कि पार्क जैसे सार्वजनिक हरित स्थल को कचरा संयंत्र में बदलना पर्यावरण और जनहित के विरुद्ध है। लगभग पांच बीघा भूमि में फैला यह पार्क पिछले 50 वर्षों से कुल्लू का मुख्य मनोरंजन केंद्र रहा है। यहां कभी देवदार के विशाल वृक्ष, फव्वारे, तालाब व बच्चों के लिए खेल उपकरण हुआ करते थे। काउंसिल का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन ने इस पार्क की सुध नहीं ली है, जिससे इसकी स्थिति जर्जर हो गई है।

सीनियर सिटीजन्स काउंसिल के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब पार्क के अस्तित्व पर संकट आया हो। पार्क के भीतर जलविद्युत परियोजना का प्रस्ताव आया था, जिसे तत्कालीन डीसी ने जनहित को देखते हुए रद्द कर दिया था। पूर्व में यहां कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की भी कोशिशें हुईं, अब पार्क के भीतर (कचरा संयंत्र) बनाने की तैयारी थी, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। काउंसिल ने दावा किया कि मौजूदा कचरा गतिविधियों के कारण पार्क के कई देवदार के पेड़ पहले ही सूख चुके हैं।

सीनियर सिटीजन्स काउंसिल, कुल्लू के सदस्यों ने कहा है कि हम शहर में वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसे किसी सार्वजनिक पार्क की बलि देकर स्थापित करना तर्कसंगत नहीं है। नेहरू पार्क आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रहना चाहिए। हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद अब उम्मीद जगी है कि पार्क का मूल स्वरूप वापस लौटेगा। काउंसिल ने प्रशासन से मांग की है कि कचरा संयंत्र के लिए किसी अन्य वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाए और नेहरू पार्क का सौंदर्यीकरण कर इसे पुनः आम जनता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित किया जाए।



नगर परिषद कुल्लू की एमआरएफ साइट। अनंत ज्ञान

# निधि ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में हासिल किया नौवां स्थान

अनंत ज्ञान

आनी। सरस्वती विद्या मंदिर आनी की मेधावी छात्रा निधि ठाकुर ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश भर में नौवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निधि ठाकुर ने परीक्षा में 700 में से 691 अंक प्राप्त कर 98.71 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है।



विद्यालय के प्रधानाचार्य निहाल ठाकुर ने निधि ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रा की मेहनत, अनुशासन व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि निधि ने विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा प्रस्तुत की है। विद्यालय परिवार ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। निधि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन व माता-पिता के सहयोग से ही वह यह मुकाम हासिल कर पाई हैं। निधि ने बताया कि वह आगे मेडिकल विषय में पढ़ाई करना चाहती हैं तथा इसके साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग भी करेंगी। निधि के पिता रामलाल ठाकुर बिजली विभाग में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। बेटी की इस सफलता से परिवार में भी खुशी का माहौल बना हुआ है।

## शत-प्रतिशत रहा निथर स्कूल का परीक्षा परिणाम

अनंत ज्ञान, आनी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा परीक्षा परिणाम में वीनस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल निथर ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर शानदार उपलब्धि प्राप्त की है। विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित हुए 45 विद्यार्थियों में से 22 विद्यार्थियों ने 600 से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की। अभय राज सिंह ठाकुर ने 700 में से 679 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। महक चौहान ने 669 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा पलवित ने 663 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त वंश, ऋत्विक सावंत, आशीष चौहान, समायरा, समर आदित्य पॉल, मृत्युंजय, आदित्य, आस्था, नैन्सी ठाकुर व किंशुक ठाकुर सहित कई विद्यार्थियों ने 600 से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरेश ठाकुर ने इस सफलता के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे कठिन परिश्रम व समर्पण का परिणाम बताया। वहीं, प्रधानाचार्य बबलेश ठाकुर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला।

# मैट्रिक में कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के अनुराग डायमंड ने किया टॉप

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में अपनी सफलता का परचम लहराया है।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है, जिससे न केवल स्कूल प्रबंधन, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्कूल के विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाते हुए बेहतरीन अंक अर्जित किए हैं, जिसमें छात्र अनुराग डायमंड ने 97 फीसदी अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, रुद्र प्रताप सिंह 95 फीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। अंतरिक्ष ने 94.8 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा, अन्य छात्रों ने भी 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जिनमें नेमिशा एवं शौर्य शर्मा 93 फीसदी, आर्यन ठाकुर 92 फीसदी, रितेश शर्मा 91 फीसदी, हर्षित गुलेरिया 90 फीसद अंक हासिल किए हैं।

> यह परिणाम स्कूल के सभी शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और बच्चों के निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। हम सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।
> **सुरेश कुमार, प्रबंध निदेशक कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल।**

### प्रबंधन व शिक्षकों ने दी बधाई

इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के अद्वितीय समर्पण को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि घर और स्कूल के बीच के तालमेल ने ही इन बच्चों को इस मुकाम तक पहुंचाया है।

# हिमांश सिंह ने टेबल टेनिस में जीता कांस्य

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला कुल्लू के युवा खिलाड़ी हिमांशु सिंह गिल ने हिमाचल प्रदेश स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग में तीसरा स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है।

मंडी जिले में आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर हिमांशु कुल्लू जिले के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने प्रदेश स्तर पर टेबल टेनिस में पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा मंडी में आयोजित इस राज्य स्तरीय रैंकिंग चैंपियनशिप में प्रदेश भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग के कड़े मुकाबलों में हिमांशु ने अपने दमदार स्मैश और सटीक डिफेंस से सबको चौंकाया।





सेमीफाइनल तक का सफर तय कर उन्होंने कांस्य पदक पक्का किया। खेल विशेषज्ञों के अनुसार, टेबल टेनिस के इतिहास में आज तक कुल्लू जिले का कोई भी खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय चैंपियनशिप में टॉप-3 में जगह नहीं बना पाया था।

हिमांशु की इस उपलब्धि ने कुल्लू में टेबल टेनिस के भविष्य के लिए नई उम्मीद जगा दी है। जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष अरुण शर्मा व पदाधिकारियों ने इसे 'कुल्लू के खेल इतिहास का सुनहरा अध्याय' बताया। हिमांशु की इस सफलता पर उनके कोच व परिजनों ने खुशी जताई। कोच ने कहा, 'हिमांशु की मेहनत और अनुशासन का नतीजा है कि आज कुल्लू का नाम प्रदेश के खेल मानचित्र पर चमका है।' हिमांशु ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और कुल्लू जिला टेबल टेनिस संघ को दिया।

हिमांशु की यह जीत कुल्लू घाटी के युवाओं को इनडोर खेलों की तरफ प्रेरित करेगी। प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास-रत है हिमांशु जैसे खिलाड़ी साबित कर रहे हैं कुल्लू जैसी जगह में सुबिधाओं की कमी के बाबजूद भी अगर लग्न हो तो बड़े सपने भी पुरे किए जा सकते हैं। फिलहाल हिमांशु का अगला लक्ष्य नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### यूरनाथ पंचायत से 5 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, केलांग। जिला लाहौल-स्पीति की यूरनाथ पंचायत में पंचायतीराज चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 7 मई से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया 11 मई को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। नामांकन के अंतिम दिन तक विभिन्न पदों के लिए कुल 5 उम्मीदवारों ने अपने नामजदगी के पर्चे दाखिल किए। सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रियंका देवी ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया में इस बार विशेष उत्साह देखा गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत के सभी वार्डों में उम्मीदवारों का चयन निर्विरोध हो गया है, जिससे अब इन सीटों पर मतदान की आवश्यकता नहीं होगी। यह स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक सहमति का एक सराहनीय उदाहरण है। एआरओ के अनुसार, मुख्य मुकाबला प्रधान व उपप्रधान पद के लिए होगा। प्रधान पद के लिए 3 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। उपप्रधान पद के लिए 2 नामांकन प्राप्त हुए हैं। नामांकन केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए डीसी किरण भड़ाना स्वयं मौके पर पहुंचीं। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया के सुचारू संचालन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दस्तावेजीकरण में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं रहनी चाहिए, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष बनी रहे। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जाएगी। इसके पश्चात नाम वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### विकास खंड में पंचायत सदस्य के 452 नामांकन

अनंत ज्ञान, आनी। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के अंतर्गत विकास खंड आनी में सोमवार को पंचायत सदस्य के कुल 211 नामांकन, उपप्रधान के कुल 123 नामांकन तथा प्रधान के कुल 135 नामांकन प्राप्त हुए। पंचायत समिति के लिए कुल 45 नामांकन तथा जिला परिषद के बखनाओ वार्ड तथा लझेरी वार्ड के लिए 6 नामांकन प्राप्त हुए। इस प्रकार आनी विकास खंड में पंचायत सदस्य के कुल 452 नामांकन, उपप्रधान के कुल 193 नामांकन तथा प्रधान के 229 नामांकन प्राप्त हुए। पंचायत समिति के लिए 71 नामांकन व जिला परिषद के बखनाओ वार्ड के लिए कुल 5 नामांकन प्राप्त हुआ तथा लझेरी वार्ड के लिए 4 नामांकन प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी एस डी एम आनी लक्ष्मण कनेट ने कहा कि सभी 36 पंचायतों सहित पंचायत समिति और जिला परिषद नामांकन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई तथा 12 मई को सुबह दस बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा निर्धारित स्थानों पर की जाएगी।

# आनी मेले की सांस्कृतिक संध्या में किशन वर्मा, पाल सिंह व राजेंद्र वर्मा ने बांधा समां

अनंत ज्ञान

आनी। आनी के मेला मैदान में चल रहे ऐतिहासिक जिला स्तरीय आनी मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या लोक संस्कृति संगीत के रंगों से सराबोर रही।

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों सहित प्रसिद्ध कलाकार किशन वर्मा, पाल सिंह, रमेश ठाकुर तथा राजेंद्र वर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कलाकारों के गीतों व पहाड़ी नाटियों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विकास खंड अधिकारी आनी विवेक टेसू उपस्थित रहे। उनके साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, मेला कमेटी के सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मुख्यातिथि का मेला कमेटी द्वारा पारंपरिक हिमाचली रीति-रिवाज के साथ स्वागत किया गया। मुख्यातिथि विवेक टेसू ने कहा कि आनी मेला क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले हमारी लोक संस्कृति, पारंपरिक कला व आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखने का आह्वान किया। साथ ही मेला आयोजन में जुटे सभी सदस्यों, कलाकारों व प्रशासन का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही लूटी। पहाड़ी, पंजाबी व लोक गीतों की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे मेला मैदान को उत्साह व उमंग से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। मेले की सांस्कृतिक संध्याओं को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है व प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मेला मैदान पहुंचकर कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं।



# कराटे प्रतियोगिता में 100 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। कराटे संघ जिला कुल्लू द्वारा सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत बाशिंग में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वॉरियर मार्शल आर्ट्स, कराटे क्लब मनाली, सूर्या कराटे क्लब, अकादमी ऑफ सेल्फ डिफेंस क्लब के लगभग 100 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कराटे संघ कुल्लू के प्रधान हरीश शर्मा, महासचिव के एस पराशर, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार व टीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता के समापन में मुख्यातिथि के रूप में ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल के एमडी प्रगत सूद ने शिरकत की। मुख्यातिथि का स्वागत संघ के प्रधान हरीश शर्मा द्वारा टोपी, मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि बच्चों का उत्साह देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि आप खूब मेहनत करें और जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता से मैडल लाएगा, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कराटे सीखने से आपके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ आप सेल्फ डिफेंस भी सीखते हैं, जो



कि वर्तमान में बहुत जरूरी हो गया है। महासचिव के एस पराशर ने बताया कि विजेता खिलाडी 16-17 मई को बैजनाथ में होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रैफरी व जज की भूमिका हरीश शर्मा, रजनीश कुमार, राकेश कुमार, सोनू कुमार, अभी शर्मा, सानिया, कुमकुम शर्मा, परस राम ने निभाई। कुमिते में लड़कों ने विभिन्न आयु व भार वर्ग में सक्षम,शौर्या, अंशुल, शिवम, कार्तिक, विपुल, आयुष, अयान, दोरजे, यशस्व, अयान कपूर, रेयांश, तेनजिन, रयान, रूद्र, आरव, आयुष, सोनम, रोहित, चन्नय, दक्ष सुभ, प्रणव, मोहम्मद ताहा, अभी, पंकज, अजय,जिग्मेद, रिशांक,ओम, इयान, नीरज, अर्णव, चूडामणी, अर्णव भारद्वाज, अभिनव,कार्तिके, नोरबू, डेलेक, अथर्व, रूद्र, दिवेश, अद्वित, सूर्यांश, आहान, आरुष, वैभव, रोमन, अक्षयन, यश, आयुष ने रजत पदक और वैभव ठाकुर, मिहिर, शौर्यवीर, अयांश, विहान, रिशान, वैभव, कृशव अविराज, समन्यु शिवाय, हृदयान, नरेश, शिवेन, चिराग ने कांस्य पदक जीते। लड़कियों में सैजल, दक्षिता, अन्वेषा, वीनुका, सान्वी, मायरा, यशस्विनी, नमाया, सुनिक्षा, तृषा, मतंगी, प्रियांशी, सिहोना, सान्या, गंगा, आशना, पदमा श्रीजा, फुरपा, केयाना, लिओना, अकसिया, आरनवी, दृष्टि, आर्या सोनी ने कुमिते में स्वर्ण पदक और वीनस, मृगांका, मिताक्षी, अशरीन ने रजत पदक व जेनिका, कृतिका ने कांस्य पदक जीते। मेल काता में यशस्व,आरव,आयुष, कनिष्क, आयुष, दक्ष, अजय ने स्वर्ण पदक व राहुल, सुभ, नवीश शर्मा, रिशान ने रजत पदक व आरुष, वैभव ने कांस्य पदक जीता। फीमेल काता में श्रीजा, लिओना, केयाना, अन्वेषा, वीनस, प्रियांशी, गंगा ठाकुर, सैजल शर्मा ने स्वर्ण पदक और मतंगी, सुनिक्षा, फुरपा ने रजत पदक व मायरा, नमाया ने कांस्य पदक जीते। इस दौरान महासचिव के एस पराशर, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रजनीश कुमार, कोच अजय कुमार, चेतन सिंह, अंजनी ठाकुर, किरण, रिनचेन, अर्जुन सोनी, गंगा ठाकुर व रूप लाल आदि मौजूद रहे।

## 26, 28 व 30 मई को राज्य में सवैतनिक अवकाश घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज संस्थानों के चुनाव के लिए 26, 28 व 30 मई को राज्य में सवैतनिक अवकाश घोषित की है। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी अनुराग चंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना के अनुसार इन तिथियों को मतदान वाली पंचायत में सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान व औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा पंचायतीराज संस्थाओं के संबंधित क्षेत्रों में स्थित दुकानें व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए भी सवैतनिक अवकाश होगा व नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के दायरे में भी आएगा। यह चुनाव कार्यक्रम जिला कुल्लू के विकास खंड नग्गर की ग्राम पंचायतों करजां व सोयल तथा विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत जाबण व नमहोग पर लागू नहीं होगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि उन कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकता है, जो राज्य में विभिन्न स्थानों पर कार्यरत हैं व उनके पास पंचायतीराज संस्थाओं में मतदान का अधिकार प्राप्त है।

# कांग्रेस के उम्मीदवार जनता के बीच किस मुंह से मांगेंगे वोट: अनिल राणा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। मनाली के लरांकेलो वार्ड में भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनिल राणा ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों के दौरान जनता से जो गारंटियां की थीं, वे पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार अब जनता के बीच किस मुंह से वोट मांगने जाएंगे। अनिल राणा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के बजाय कई योजनाओं को ठप कर दिया, जिससे आम जनता में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अपनी गारंटी अब समाप्त हो चुकी है व जनता आगामी चुनावों में इसका जवाब देगी। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति और कमजोर होगी तथा प्रदेश में भाजपा की वापसी तय है। उन्होंने पंचायतीराज चुनावों को सत्ता का सेमीफाइनल बताते हुए कहा कि भाजपा इन चुनावों में भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। अनिल राणा ने कहा कि भाजपा हमेशा विकास, पारदर्शिता व जनसेवा की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस केवल झूठे वादों के सहारे सत्ता में आई। उन्होंने जनता से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और बेहतर भविष्य के लिए भाजपा को समर्थन देना जरूरी है। इससे पूर्व अनिल राणा ने लरांकेलो वार्ड से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जनसभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने चुनावी माहौल को और गर्मा दिया।



लरांकेलो वार्ड से भाजपा प्रत्याशी अनिल राणा मनाली में नामांकन भरने से पहले शक्ति प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

**संबोधित** सुभाष शर्मा ने किया हर घर को आत्मनिर्भर बनाने का वादा

# लरांकेलो वार्ड से सुभाष शर्मा ने भरा नामांकन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला परिषद वार्ड लरांकेलो से समाजसेवी व उम्मीदवार सुभाष चंद्र शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए सौर ऊर्जा आधारित मॉडल प्रस्तुत करते हुए कहा कि आने वाले समय में वार्ड के प्रत्येक घर को सौर ऊर्जा परियोजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

मनाली में आयोजित जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि इससे जहां लोगों को बिजली सुविधा सुलभ होगी, वहीं अतिरिक्त आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद समर्थकों को संबोधित करते हुए सुभाष शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में सौर ऊर्जा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी साधन बन सकती है। उन्होंने बताया कि छोटी सौर परियोजनाओं के माध्यम से परिवार अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के साथ आर्थिक रूप से भी सशक्त हो सकते हैं। उनका लक्ष्य लरांकेलो वार्ड को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता के आशीर्वाद से क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी व शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ मजबूत किया जाएगा। गांव-गांव तक विकास पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताते हुए उन्होंने कहा कि वार्ड के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। सुभाष शर्मा ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में भी विशेष योजनाएं लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

जनसभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और समर्थकों की मौजूदगी रही। विकास और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित उनके विजन ने चुनावी माहौल में क्षेत्र की राजनीति को नई दिशा देने का संकेत दिया।



लरांकेलो वार्ड से नामांकन दाखिल करते हुए सुभाष शर्मा। अनंत ज्ञान

# पेंशनर एसोसिएशन की बैठक में नए सदस्यों का स्वागत और लंबित बकाए पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। सिविल पेंशनर्स व सोशल वेलफेयर एसोसिएशन खंड कुल्लू इकाई की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को वैशाली डायमंड, शास्त्री नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड अध्यक्ष जय बिहारी लाल भारद्वाज ने की, जबकि मंच संचालन खंड महासचिव अमर ठाकुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई, जिसके पश्चात उपस्थित सभी पेंशनर सदस्यों का स्वागत किया गया। संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए खंड स्तर पर नए सदस्यों का फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। जिला अध्यक्ष व राज्य उपाध्यक्ष सेस राम ठाकुर ने नए सदस्यों शेर सिंह ठाकुर, दौलत राम और थर लाल का संगठन में शामिल होने पर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल डोगरा ने उपस्थित सदस्यों को संगठन की कार्यप्रणाली व पेंशनर्स के हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। राज्य उपाध्यक्ष सेस राम ठाकुर ने राज्य कार्यकारिणी की गतिविधियों और सरकार के साथ चल रही वार्ता के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा हुई। चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों को राहत: मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2016 से 2022 तक के चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों का बकाया देने के लिए विभाग को 7 मई 2026 को पत्र जारी कर दिया गया है। विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि समय पर बिल बनाकर ट्रेजरी को भेजे जाएं, ताकि पेंशनरों को जल्द राहत मिल सके। संगठन ने प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि चतुर्थ श्रेणी के साथ-साथ अन्य सभी श्रेणियों के पेंशनर्स का बकाया भी जल्द जारी किया जाए। नए सदस्य शेर सिंह ठाकुर ने भी बैठक को संबोधित किया व संगठन के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में, खंड अध्यक्ष जय बिहारी लाल भारद्वाज ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक का समापन शांति पाठ के साथ गरिमापूर्ण तरीके से हुआ।

### *गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब के होनहार छात्र ने गौरवान्वित किया प्रदेश का नाम*

# पार्थ ने राष्ट्रीय आर्किटेक्चर परीक्षा में हासिल की ऑल इंडिया 7वीं रैंक



अनंत ज्ञान

**नाहन।** पांवटा साहिब के गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल के छात्र पार्थ ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर की आर्किटेक्चर परीक्षा में ऑल इंडिया 7वीं रैंक प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार पार्थ ने 99.9948605 एनटीए स्कोर हासिल किया। खास बात यह रही कि हिमाचल प्रदेश से टॉप-10 राष्ट्रीय रैंकिंग में जगह बनाने वाले वह एकमात्र छात्र बने हैं। पार्थ ठाकुर की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। देशभर के हजारों विद्यार्थियों के बीच शीर्ष स्थान प्राप्त करना उनकी प्रतिभा और समर्पण को दर्शाता है। विद्यालय के डायरेक्टर गुरजीत सिंह सैनी और प्रधानाचार्य गुरविंदर कौर चावला ने पार्थ की सफलता को स्कूल के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

**◆ हिमाचल से टॉप-10 में जगह बनाने वाले बने एकमात्र छात्र, क्षेत्र में खुशी**

## नामांकन रोड शो में भारी जनसमूह ने शामिल होकर बढ़ाया गुरप्रीत कौर चंदेल का मनोबल

# जिला परिषद दभोटा वार्ड-14 से गुरप्रीत कौर चंदेल ने भरा नामांकन

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा। बीबीएन।** जिला परिषद दभोटा वार्ड से जिला परिषद प्रत्याशी गुरप्रीत कौर चंदेल के नामांकन रोड शो में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर जहां गुरप्रीत कौर का मनोबल बढ़ाया। वहीं यह नामांकन रोड शो विरोधियों के हौसले भी पस्त करता नजर आया। नामांकन अवसर पर भारी संख्या में पहुंची महिलाओं ने नारी शक्ति की एकजुटता को प्रदर्शित करते हुए खुले मन से गुरप्रीत कौर चंदेल का साथ देतीं नजर आईं।

**◆ गुरप्रीत का साथ देने आगे आई नारी शक्ति, महिलाओं ने लगाए जमकर नारे**

जिला परिषद दभोटा वार्ड नंबर-14 से प्रत्याशी गुरप्रीत कौर चंदेल धर्मपत्नी श्रवण चंदेल ने सोमवार को समाजसेवी श्रवण चंदेल के साथ नामांकन भरा। इस मौके पर नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर, पूर्व विधायक लखविंदर राणा, भाजपा नेत्री पूनम ठाकुर, धजभवर सिंह राणा समेत भारी भाजपा कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जनता उपस्थित रही। इस दौरान आयोजित भव्य रोड शो में लोगों का भारी हुजूम देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में चुनावी माहौल गर्माता नजर आया। गुरप्रीत कौर चंदेल के समर्थन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर नारी शक्ति का प्रदर्शन किया। जगह-जगह समर्थकों द्वारा उनका फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। रोड शो के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों से बीडीसी, प्रधान, उपप्रधान तथा पंच पद के कई प्रत्याशी भी मौजूद रहे और उन्होंने गुरप्रीत कौर चंदेल को अपना समर्थन दिया। समर्थकों ने विश्वास जताया कि गुरप्रीत कौर चंदेल क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देकर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगी। नामांकन के बाद गुरप्रीत कौर चंदेल ने कहा कि उन्हें क्षेत्र की जनता का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिल रहा है तथा वह विकास और जनसेवा के उद्देश्य से चुनाव मैदान में उतरी हैं। समाजसेवी श्रवण चंदेल ने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है और प्रदेश में भाजपा को सरकार आते ही विकास को रफ्तार दी जाएगी। पूर्व विधायक केएल ठाकुर व लखविंदर राणा ने कहा कि भाजपा पार्टी प्रत्याशी गुरप्रीत कौर चंदेल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनकी जीत को सुनिश्चित करने के लिए जी-जान लगा देगी। उन्होंने सफल नामांकन रोड शो के लिए समस्त कार्यकर्ताओं व प्रबुद्ध जनता का आभार जताया।






दभोटा जिला परिषद वार्ड से प्रत्याशी गुरप्रीत कौर चंदेल के नामांकन रोड शो के दौरान उमड़ा जनसैलाब। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### पुरुवाला पुलिस ने दो मामलों में बरामद की 10 लीटर अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, नाहन।** थाना पुरुवाला पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 10 लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुलिस ने रविंद्र कुमार पुत्र जगर सिंह निवासी किशनकोट, डाकघर राजबन, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर से 5 लीटर अवैध शराब बरामद की। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने रामपुरघाट क्षेत्र की एक महिला के कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब बरामद की। दोनों मामलों में पुलिस ने कुल 10 लीटर अवैध शराब जब्त की है। थाना पुरुवाला पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### *शांति, सद्भावना के क्षेत्र में योगदान पर सम्मान*

# दिल्ली में यशपाल कपूर नेशनल यूथ लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित




अनंत ज्ञान

**सोलन।** दिल्ली के विश्व युवा केंद्र के रामकृष्ण बजाज सभागार में प्रोजेक्ट प्वाइंट द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 'यूथ इन डेमोक्रेसी और गवर्नमेंट फॉर विकसित भारत 2047' विषय पर युवा संवाद का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं के अधिकार, वकालत व नीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीलंका की महिषिणी कोलोन ने किया। इसमें 23 राज्यों के 100 से अधिक भारतीय युवाओं के साथ श्रीलंका के 12, बांग्लादेश के 2 और नेपाल के 1 युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। शांति व सद्भावना के क्षेत्र में योगदान हेतु समाजसेवी यशपाल कपूर को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें श्रीलंका राजदूत ने प्रदान किया। पच्छाद की दीदग पंचायत के खानोटियो गांव के कमलराज चौहान ने भी इसमें भाग लिया। राजदूत को हिमाचली टोपी व मफलर भेंट किया। कार्यक्रम में विश्व युवा केंद्र के सीईओ उदय शंकर सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### विकास खंड कंडाघाट : पंचायत राज निर्वाचन-2026 के तहत कुल 584 नामांकन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विकास खंड कंडाघाट के अंतर्गत पंचायत राज निर्वाचन-2026 के लिए कुल 584 नामांकन प्राप्त हुए हैं। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी ओपी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जिला परिषद 19, बीडीसी सदस्य 56, ग्राम पंचायत प्रधान 142, उप प्रधान 147, वार्ड सदस्य, 220 के नामकंन प्राप्त हुए हैं। पहले दिन 7 मई कुल 117 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें ज़िला परिषद के 8, बीडीसी के 13, प्रधान के 35, उप प्रधान के 29 और वार्ड सदस्य के 32 नामांकन शामिल रहे। दूसरे दिन कुल 153 नामांकन दर्ज हुए, जिनमें जिला परिषद के 4, बीडीसी के 15, प्रधान के 33, उप प्रधान के 39 और वार्ड सदस्य के 62 नामांकन प्राप्त हुए। अंतिम दिन सबसे अधिक 314 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें जिला परिषद के 7, बीडीसी के 28, प्रधान के 74, उप प्रधान के 79 और वार्ड सदस्य के 126 नामांकन शामिल हैं।

# नौहराधार जिप वार्ड-1 से भाजपा प्रत्याशी हंसराज ने भरा नामांकन



अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** रेणुका चुनाव क्षेत्र के जिला परिषद वार्ड नंबर-1 नौहराधार से भाजपा प्रत्याशी हंसराज ने संगड़ाह में एसडीएम (नागरिक) के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर 17 पंचायतों से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारों और जुलूस के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। नामांकन के बाद हंसराज ने कहा कि समाज को शिक्षित और जुझारू युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला परिषद सदस्य बनने पर क्षेत्र में रुके विकास कार्यों को गति दी जाएगी। खासतौर पर सड़कों की स्थिति सुधारने, स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने तथा स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में स्टाफ व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि गिरीपार क्षेत्र की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद वह क्षेत्र के विकास के लिए पूरी मेहनत करेंगे। इस दौरान भाजपा नेता नारायण सिंह ने कांग्रेस पर झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता में आने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में कई भाजपा पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कंडाघाट, कसौली, सोलन और अर्की में जिला परिषद को कुल 54 नामांकन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** जिला परिषद नामांकन के लिए कंडाघाट, कसौली, सोलन और अर्की क्षेत्र से कुल 54 नामांकन प्राप्त हुए हैं। नामांकन के अंतिम दिन चारों क्षेत्रों में प्रत्याशियों की सक्रिय भागीदारी दर्ज की गई। कंडाघाट क्षेत्र में कुल 7 नामांकन प्राप्त हुए, जबकि वार्ड दंघील और वाकना के लिए कुल 19 नामांकन दर्ज किए गए। कसौली क्षेत्र में कुल 5 नामांकन, जबकि वार्ड धर्मपुर और टकसाल के लिए 14 नामांकन प्राप्त हुए। सोलन क्षेत्र में 3 नामांकन, जबकि वार्ड डांगरी और चेवा के लिए कुल 7 नामांकन दर्ज किए गए। अर्की क्षेत्र में 9 नामांकन, जबकि वार्ड दाड़ला, सूरजपुर और डुमैहर के लिए 14 नामांकन प्राप्त हुए।

**कंडाघाट क्षेत्र:** वार्ड दंघील से पवन कुमार और अमित ठाकुर ने नामांकन किया। वाकना वार्ड से कृष्ण कुमार, विकास शर्मा, पिकेश वर्मा, सुनील और अंशुल वर्मा सहित अन्य उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया।

**कसौली क्षेत्र:** वार्ड 8-धर्मपुर से अजय कुमार, कृपाल सिंह और गोपाल दत्त ने नामांकन किया। वार्ड 9-टकसाल से पंकज कुमार और निखिल ठाकुर ने नामांकन प्रस्तुत किया।

**सोलन क्षेत्र:** वार्ड 6-डांगरी से वनिता ने नामांकन किया, जबकि वार्ड 7-चेवा से शारदा कश्यप और आरती ने पर्चा दाखिल किया।

**अर्की क्षेत्र:** वार्ड 1-दाड़ला से इन्दु शर्मा और मीनाक्षी ठाकुर, वार्ड 2-सूरजपुर से कपिल देव, रमेश चंद, मनोहर लाल, धर्मपाल, कृष्ण देव और संतोष सहित कई प्रत्याशियों ने नामांकन किया। वार्ड 3-डुमैहर से आशा परिहार ने नामांकन प्रस्तुत किया। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार नामांकन पत्रों की छंटनी 12 मई 2026 को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रत्याशी 14 और 15 मई 2026 को शाम 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 15 मई को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे और निर्वाचन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### जिला परिषद के दाड़वां, मंधाला वार्ड के लिए कुल 11 नामांकन प्राप्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** बद्दी उपमंडल में पंचायती राज संस्थाओं के अंतर्गत ज़िला परिषद वार्ड 10-दाड़वां और 11-मंधाला के लिए नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हो गई है। निर्वाचन अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी बद्दी डॉ. संजीव धीमान के अनुसार दोनों वार्डों के लिए कुल 11 नामांकन प्राप्त हुए हैं। अंतिम दिन दाड़वां वार्ड से स्नेह लता (गांव दावटा, डा. मलेरा, वार्ड नंबर-2, जिला सोलन) ने नामांकन दाखिल किया, जबकि मंधाला वार्ड से कुल चार उम्मीदवारों ने पर्चा भरा। इनमें अजय कुमार (गांव ततोआ, डा. साईं), अभिषेक कुमार (गांव कैंडोल, डाकघर बधोनीघाट), मान सिंह (गांव मंधाला) और सुनिधी (गांव ततोआ, डाकघर साईं) शामिल हैं। डॉ. धीमान ने बताया कि नामांकन पत्रों की छंटनी 12 मई 2026 को सुबह 10 बजे से होगी।

# एसवीएन स्कूल सराहां का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान

**सारहां।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित मार्च 2026 की दसवीं कक्षा की परीक्षा में शंकर विद्या निकेतन पब्लिक हाई स्कूल सराहां का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा निशिका पंवार ने 700 में से 679 अंक (97 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आकाशी भारद्वाज ने 663 अंक (94.71 प्रतिशत) लेकर दूसरा तथा आयुष ने 651 अंक (93 प्रतिशत) प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के सात विद्यार्थियों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

मृदुल तोमर ने अंग्रेजी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जबकि निशिका पंवार, आकाशी भारद्वाज, क्षितिज, कुलश्रेष्ठ, सानिध्य, उज्जवल और यश ने आईटी विषय में शत-प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष महेंद्र पाल नेहरू, सलाहकार सुनंदा आर्या, एमडी प्रिंस नेहरू, प्रधानाचार्या डॉ. रागिनी भटनागर, पीटीए अध्यक्ष सतेंद्र नेहरू, स्वास्थ्य शिक्षक अनन्या पाठक तथा उपप्रधानाचार्या संजना शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से जीवन में आगे बढ़ने का संदेश भी दिया।

### पुष्पित गौतम ने 10वीं कक्षा में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय



बखालग के छात्र पुष्पित गौतम पुत्र पंकज गौतम माता प्रियंका निवासी जाबलु ने दसवीं की कक्षा में 700 में से 651 (93 प्रतिशत) अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य ज्ञानचंद वर्मा ने पुष्पित गौतम की इस उपलब्धि पर उसके परिजनों व विद्यालय के अध्यापकों को शुभकामनाएं दी है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कल्होग का 10वीं कक्षा का शानदार परीक्षा परिणाम




अनंत ज्ञान

**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत शानदार रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो बड़े हर्ष की बात है।

विद्यालय में प्रथम स्थान रिदिमा ने प्राप्त किया, जिन्होंने 600/700 अंक (लगभग 85.71%) हासिल किए। द्वितीय स्थान पायल ने प्राप्त किया, जिन्होंने 595 अंक (लगभग 85%) अर्जित किए। तृतीय स्थान दविंद्र पुन्न ने प्राप्त किया, जिन्होंने 573 अंक (लगभग 81.86%) हासिल किए। विद्यालय के कुल 10 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की प्रधानाचार्या राधा कश्यप ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी निरंतर मेहनत करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता रहेगा।

# चंडी अर्की स्कूल में दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी अर्की का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष सराहनीय रहा। विद्यालय के कुल 37 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसके चलते विद्यालय का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत दर्ज किया गया। विद्यालय की छात्रा नैना ने 639 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रितेश शर्मा ने 636 अंक लेकर द्वितीय तथा गीतांजलि ने 617 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। परीक्षा परिणाम में 25 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य लच्छी राम ठाकुर तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टेक चंद शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## पांवटा साहिब में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष

# चले डंडे, ईंट-पत्थर व धारदार हथियार 15 हुए घायल, क्रॉस एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान



**नाहन।** पांवटा साहिब के संतोषगढ़ क्षेत्र में रविवार को शामलात भूमि को लेकर चल रहा विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। जानकारी के अनुसार एक पक्ष अपने पुश्तैनी कब्जे वाली बताई जा रही भूमि पर बुवाई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और बुवाई का विरोध किया। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के समय दोनों पक्षों के कई लोग मौके पर मौजूद थे। विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर डंडों, ईंट-पत्थरों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। झड़प में दोनों पक्षों के कुल 15 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पांवटा साहिब अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। आसपास के लोगों ने भी बीच-बचाव कर स्थिति शांत कराने का प्रयास किया।

**◆ शामलात भूमि पर बुवाई को लेकर शुरू हुआ विवाद**

दूसरे पक्ष का कहना है कि विवादित भूमि की अभी तक विधिवत तकसीम नहीं हुई है और प्रशासन की मौजूदगी में ही भूमि पर कार्य करने की सहमति बनी थी।

आरोप है कि बिना प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी किए बुवाई शुरू करने से विवाद उत्पन्न हुआ। दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायत दी है। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिलाता जंगल में खड्ड से घायल तेंदुए का रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल के शिलाता जंगल में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गुप्त सहस्त्रधारा के समीप खड्ड में एक घायल तेंदुआ पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने तेंदुए को देखा और तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि तेंदुआ गंभीर रूप से घायल था और काफी आक्रामक भी हो गया था, जिससे रेस्क्यू अभियान चुनौतीपूर्ण बन गया। वन विभाग की टीम ने पहले उसे जाल से काबू में करने की कोशिश की, लेकिन बाद में ट्रैंक्विलाइज कर सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू पूरा किया गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार तेंदुआ संभवत: किसी वाहन की टक्कर से घायल हुआ होगा, हालांकि इसकी जांच की जा रही है। रेस्क्यू के बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए वेटनरी अस्पताल भेजा गया है और आगे के इलाज की तैयारी की जा रही है।

**सोलन नगर निगम चुनाव** | प्रचार तेज, विकास और जनहित के मुद्दे चर्चा में

# कांग्रेस का रोड शो, प्रत्याशियों के समर्थन में जुटी भीड़

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव को लेकर कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 11 से कांग्रेस प्रत्याशी हेमा शर्मा और वार्ड नंबर 15 से पार्टी प्रत्याशी विनय भगनाल के समर्थन में भव्य रोड शो निकाला गया। रोड शो में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया।

रोड शो के दौरान पूरे क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में जोरदार नारेबाजी की गई और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार तथा सैनिक कल्याण विभाग के उपाध्यक्ष कर्नल संजय शांडिल विशेष रूप से मौजूद रहे।

नेताओं ने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरी है। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम में कांग्रेस की जीत से शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। रोड शो के दौरान स्थानीय लोगों ने भी कांग्रेस प्रत्याशियों का स्वागत किया और कई स्थानों पर समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ नेताओं का अभिनंदन किया।



सोलन में रोड शो निकालते कांग्रेसी। अनंत ज्ञान

# देश चलाना मोदी के बस का नहीं : राहुल

## कहा- सोना मत खरीदो; विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो जैसी अपीलें नाकामी के सबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी करार दिया। कहा कि अब देश चलाना प्रधानमंत्री के बस में नहीं रह गया है।



एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'कल मोदी जी ने जनता से त्याग मांगा। सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का उपयोग घटाओ, मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं। ये विफलता हैं।'

उन्होंने कहा, '12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं।' दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो सके और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

बता दें कि पीएम मोदी रविवार को कहा था, 'आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं।' पेट्रोल, गैस और डीजल बचाने के लिए हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है।

अनावश्यक वाहन उपयोग कम करें। मेट्रो में सफर और कारपूलिंग करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसमें बैठाकर ले जाएं। हर परिवार अगर खाने के तेल का इस्तेमाल थोड़ा कम करे तो इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और लोगों की सेहत भी बेहतर रहेगी। देश को रासायनिक उर्वरकों की खपत आधी करने का लक्ष्य रखना चाहिए और तेजी से प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए।

वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा,'आर्थिक स्थिति आधिकारिक आंकड़ों और प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों के अब तक किए जा रहे दावों से कहीं ज्यादा गंभीर है।

### भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था और विदेश नीति दोनों को संभालने में विफल: अखिलेश यादव



**समाजवादी** पार्टी प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, 'रही है। जैसे ही चुनाव खत्म हुए, सरकार को अचानक 'संकट' याद आ गया। असल में देश के लिए केवल एक ही संकट है और उसका नाम भाजपा है। 'वहीं, आप नेता संजय सिंह ने कहा, 'कल पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो महीनों से सरकार आपका बोझ उठा रही थी। अब जब चुनाव खत्म हो गए हैं, तो आपकी उपयोगिता भी खत्म हो गई। आपका बोझ तब तक उठाया, जब तक पांच राज्यों में चुनाव चल रहे थे। अब वे लोगों से कह रहे हैं कि तेल, पेट्रोल और गैस कम इस्तेमाल करें और सोना न खरीदें। क्या उन्हें चुनाव के दौरान यह सब याद नहीं था।'

### केरलम सीएम के लिए वेणुगोपाल हैं राहुल की पहली पसंद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की केरलम सीएम के लिए पहली पसंद केसी वेणुगोपाल हैं। सूत्रों के मुताबिक, राहुल ने दिल्ली में वेणुगोपाल से अकेले में मुलाकात की। ऐसे में पार्टी जल्द ही सीएम चेहरे का ऐलान कर सकती है। वेणुगोपाल फिलहाल अलाप्पुझा लोकसभा सीट से सांसद हैं। केरलम के अगले सीएम के चुनाव को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच कांग्रेस के सीनियर लीडर रमेश चेन्निथला ने भाजपा पर निशाना साधा। चेन्निथला ने कहा- कांग्रेस पार्टी में सीएम का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता है। हमारे यहां मोदी-शाह सारे फैसले लें, ऐसा सिस्टम नहीं है। केरलम में चुनावी नतीजे आए 6 दिन हो गए हैं। अभी तक सीएम का ऐलान नहीं हो पाया है। राज्य में 10 साल बाद कांग्रेस की वापसी हुई। कांग्रेस ने 140 में से 63 सीटें जीतीं। 26 सीटों के साथ दूसरे नंबर सीपीआई(एम) पर रही।

# सेंसेक्स 1,313 अंक गिरकर 76,015 पर पहुंचा, निफ्टी भी 360 अंक टूटा

## ऑटो, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स में रही सबसे ज्यादा गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**



शेयर बाजार में 11 मई को गिरावट रही। सेंसेक्स 1,313 अंक की गिरावट के साथ 76,015 पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी में भी 360 अंक की गिरावट रही, यह 23,815 पर बंद हुआ। आज ऑटो, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया।

### शेयर बाजार गिरने की 3 मुख्य वजहें

- **ईरान**-इसराइल युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ने का डर।
- **कच्चे** तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी।
- **एशियाई** बाजारों में गिरावट का असर भारत पर भी।

### सोना 801 और चांदी 300 रुपए सस्ती



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में 11 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 801 रुपए गिरकर 1,50,277 पर आ गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 300 रुपए कम होकर 2,55,300 रुपए पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि सालभर तक घर में कोई भी कार्यक्रम हो, हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। क्योंकि ऐसा करने से विदेशी मुद्रा बचेगी। दरअसल, हमें सोना डॉलर में दूसरे देशों से मंगवाना पड़ता है, डॉलर महंगा होने से इस पर खर्च बढ़ जाता है।

## एक जुलाई से लागू होगा 'वीबी-जी राम जी' एक्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास एवं रोजगार को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के क्रियान्वयन की अधिसूचना जारी कर दी। यह नया कानून एक जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)-2005 निरस्त माना जाएगा। सरकार के मुताबिक इस योजना के तहत एक जुलाई से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार चाहने वाले लोगों को अब साल में 100 नहीं बल्कि 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। इस बीच के समय में मनरेगा के सारे प्रावधान लागू रहेंगे और अधूरे काम एक जुलाई के पहले तक मनरेगा के अंतर्गत ही पूरे किए जाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बयान में कहा कि यह कानून ग्रामीण गरीब, श्रमिक परिवारों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और किसानों के जीवन में नई आशा, अधिक आय सुरक्षा और गांवों में बड़े पैमाने पर टिकाऊ विकास कार्यों का मार्ग खोलेगा।

# ईरान के नए सुप्रीम लीडर बंकर में छिपे: नेतन्याहू

## कहा-सत्ता पर पिता खामेनेई जैसी पकड़ नहीं, विद्रोह का सता रहा डर

**एजेंसी, तेल अवीव**



इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा हैं, लेकिन उनकी सत्ता पर पकड़ उनके पिता अली खामेनेई जैसी मजबूत नहीं है। सीबीएस न्यूज के शो '60 मिनट्स' को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि मुजतबा किसी बंकर या गुप्त जगह पर छिपे हुए हैं और वहीं से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इस समय 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे कमजोर दौर में है। उनके मुताबिक, शासन के भीतर दरारें बढ़ रही हैं और अलग-अलग गुटों में मतभेद सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग संघर्ष जारी रखना चाहते हैं, जबकि दूसरे लोगों को डर है कि इससे अर्थव्यवस्था टूट जाएगी और जनता सड़कों पर उतर सकती है।

नेतन्याहू ने कहा कि ईरानी शासन को सबसे ज्यादा डर अपनी ही जनता से है। उन्होंने दावा किया कि इजराइल और अमेरिका की कार्रवाई के बाद ईरान में विरोध प्रदर्शन बढ़े और लोगों ने शासन के खिलाफ आवाज उठाई। ईरान में इस साल जनवरी में लोगों ने महंगाई के विरोध में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे। इस दौरान हुई हिंसा में हजारों लोग मारे गए। ईरान में इस साल जनवरी में लोगों ने महंगाई के विरोध में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे। इस दौरान हुई हिंसा में हजारों लोग मारे गए।

### अमेरिका-इसराइल के हमले में घायल हो गए थे मुजबता

**ईरान** के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इसराइल के हमले में घायल हुए थे। इसके बाद से वह गुप्त ठिकाने पर रह रहे हैं और डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई के ठिकाने पर हमला किया था। दावा किया गया है कि उसी हमले में मुजतबा खामेनेई घायल हो गए थे।

## बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देगी पश्चिम बंगाल सरकार

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी। हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। सीएम अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य में पुराने आपराधिक कानूनों की जगह नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू नहीं किया था। राज्य में अब बीएनएस लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी।

# गुजरात के आणंद में ट्रक से टकराया टेंपो, चार की मौत

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात के आणंद जिले में सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। टेंपो के ट्रक से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। हादसा तारापुर-बगोदरा स्टेट हाईवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, टेंपो सड़क किनारे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। मृतकों में एक 5 साल का बच्चा, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। तारापुर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर मयूर शर्मा ने बताया कि चारों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, टेंपो में सवार लोग दाहोद से मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए तारापुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तेलंगाना में बाइक-कार में टक्कर, 5 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के महबूबनगर जिले में स्पोर्ट्स बाइक और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा रविवार देर रात महबूबनगर बाइपास रोड पर हुआ। बताया जा रहा है कि कार यू-टर्न ले रही थी, तभी तेज रफ्तार बाइक उससे टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार दो लोग और कार में मौजूद तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# पंजाब बोर्ड 10वीं के परीक्षा परिणाम में ग्रामीण छात्रों ने मारी बाजी, कुल पास प्रतिशत 94.52 रहा: बैंस

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा लागू किए गए शिक्षा सुधारों के चलते पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आज घोषित 10वीं कक्षा के परिणामों में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने शहरी स्कूलों के छात्रों को पीछे छोड़ दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पास प्रतिशत 95.35% दर्ज किया गया, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 92.98% रहा। आज यहां विवरण साझा करते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने इस परिणाम की सराहना करते हुए इसे जमीनी स्तर पर 'शिक्षा क्रांति' के प्रभावी रूप से लागू होने का प्रमाण बताया।

सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जैतो (फरीदकोट) की छात्रा हरलीन शर्मा ने 650 में से 646 अंक (99.38%) प्राप्त कर पूरे पंजाब में पहला स्थान हासिल किया। कड़े मुकाबले में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चनौली बसी (रूपनगर) के मनीमहेष शर्मा ने 650 में से 645 अंक (99.23%) हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। श्री गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, चीफ खालसा दीवान, मॉडल टाउन, होशियारपुर की रिया रानी ने 650 में से 645 अंक (99.23%) प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।

हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में 2,69,505 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 2,54,744 विद्यार्थी सफल घोषित हुए हैं। इस प्रकार कुल पास प्रतिशत 94.52% रहा। ग्रामीण विद्यार्थियों ने शहरी विद्यार्थियों को पीछे छोड़ते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों से 1,74,958 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 1,66,830 विद्यार्थी पास हुए और उनकी पास दर 95.35% रही। वहीं शहरी क्षेत्रों से 94,547 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 87,914 विद्यार्थी पास हुए, जिससे उनकी पास दर 92.98% दर्ज की गई।

सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए बैंस ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की पास दर में 2.3 प्रतिशत अंकों का अंतर पिछले वर्षों के रुझानों की तुलना में एक ऐतिहासिक बदलाव है, क्योंकि पहले अक्सर शहरी स्कूल ही आगे रहते थे। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय शिक्षा के बुनियादी ढांचे में किए गए निवेश और अध्यापकों को दी जा रही नियमित प्रशिक्षण व्यवस्था को दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल विद्यार्थियों का रिपोर्ट कार्ड नहीं है, बल्कि उस सरकार का भी रिपोर्ट कार्ड है जो विशेषाधिकार के बजाय समान अवसर प्रदान करने में विश्वास रखती है।

## आरबीयू ने आयोजित की पांच दिवसीय प्लेसमेंट तैयारी कार्यशाला

# छात्रों को मिला करियर मार्गदर्शन




अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड सोशल साइंसेज ने पंजाब के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग के सहयोग से 'ए रोडमैप टू प्लेसमेंट जर्नी' शीर्षक से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

यह कार्यशाला चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा के विज़न के तहत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आज के प्रतिस्पर्धी वैश्विक वातावरण में आवश्यक आधुनिक रोजगार योग्य कौशलों से सुसज्जित कर अकादमिक शिक्षा और पेशेवर अभ्यास के बीच की खाई को भरना था।

इस कार्यक्रम में सरकार, शिक्षा और उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा इंटरएक्टिव सत्र प्रस्तुत किए गए। प्रमुख विशेषज्ञों में सुखमन मान (पीसीएस), रोजगार अधिकारी सुखमन बाठ, डिप्टी सीईओ, डीबीईई; तथा विशाल केडिया, संयुक्त सचिव, टीआईई शामिल थे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल विजिबिलिटी, रिज्यूमे लेखन, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, उद्यमिता, सरकारी नौकरियों के अवसर और इंटरव्यू की तैयारी जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड सोशल साइंसेज की डीन इंदरप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को करियर के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने हेतु पेशेवर दक्षताओं और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने इंटरव्यू अनुभव और व्यावहारिक करियर मार्गदर्शन के लिए रोजगार कार्यालय का दौरा भी किया, जहां उन्होंने भर्ती प्रक्रियाओं और रोजगार के अवसरों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। यह कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और लाभकारी सिद्ध हुई।

# सीजीसी लांडरां के छात्र प्रमूर्ता सिन्हा को 1.14 करोड़ का पैकेज

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** सीजीसी लांडरां के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (सीएसई) के छात्र प्रमूर्ता सिन्हा ने अमेरिका स्थित एक टेक कंपनी में बैकएंड इंजीनियर कंसल्टेंट के रूप में 1.14 करोड़ रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल किया है। वे पश्चिम बंगाल के मिदनापुर के रहने वाले हैं। उनकी यह उपलब्धि संस्थान की शिक्षा प्रणाली और करियर अवसरों का परिणाम मानी जा रही है।



प्रमूर्ता सिन्हा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और संस्थान के सहायक शैक्षणिक वातावरण को दिया। उन्होंने कहा कि कैंपस में मिले अवसरों और प्रोत्साहन ने उनके व्यक्तित्व विकास और तकनीकी कौशल को मजबूत किया। कोडिंग में रुचि रखने वाले प्रमूर्ता ने रोबोटिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव मिला। संस्थान के चेयरमैन सतनाम सिंह संधू, प्रेसिडेंट रशपाल सिंह धालीवाल और वाइस चेयरमैन परमपाल सिंह ढिल्लों ने उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है और संस्थान की 25 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष सीजीसी लांडरां के छात्रों को 1,300 से अधिक कंपनियों से 10,000 से ज्यादा प्लेसमेंट ऑफर मिले हैं। कई बड़ी कंपनियों ने छात्रों को आकर्षक पैकेज दिए हैं, जिनमें एक्सेंचर, कॉग्निजेंट, आईबीएम, केपीएमजी, ईवाई, फिलिप्स और अन्य शामिल हैं। कई छात्रों को एक से अधिक जॉब ऑफर भी प्राप्त हुए हैं। संस्थान का कहना है कि इन उपलब्धियों के पीछे प्रशिक्षण कार्यक्रम, उद्योग से जुड़ाव और स्किल डेवलपमेंट पहल प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। सीजीसी लांडरां लगातार शिक्षा को उद्योग की जरूरतों के अनुसार ढालने और छात्रों को रोजगार योग्य बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## चंडीगढ़ के 24 वर्षीय उद्यमी ने एआई से रियल एस्टेट सेक्टर में नई क्रांति की शुरुआत की

# अब 10 मिनट में मिलेगी पूरी प्रॉपर्टी की जानकारी

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** जहां एक ओर वैश्विक रियल एस्टेट सेक्टर अभी भी ब्रोकर्स, बिचौलियों और बेचने के पारंपरिक तरीकों पर बहुत ज्यादा निर्भर है, वहीं चंडीगढ़ राजधानी क्षेत्र से जुड़े 24 साल के एक आंत्रप्रेन्योर, आगमन भाटिया ने अपने प्रॉपटेक स्टार्टअप डोरिट के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), वर्चुअल रियलिटी (वीआर), ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) और इमर्सिव टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके रियल एस्टेट को सीधे ग्राहकों के दरवाज़े तक पहुंचाने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

फिलहाल, दुनिया की सबसे बड़ी एआई कंपनियां - जैसे प्रॉपलेक्सिटी एआई, गूगल जैमिनी, ओपनएआई और एंथोरॉपिक- मुख्य रूप से आईटी, हेल्थकेयर और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में रेवोल्यूशन लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं; लेकिन आगमन दुनिया के सबसे ज़्यादा असंगठित सेक्टर्स में से एक -रियल एस्टेट- में समाधान पेश कर रहे हैं। इंडस्ट्री विशेषज्ञों का मानना है कि यह वैश्विक रियल एस्टेट के भविष्य को नए सिरे से नया आकार दे सकता है, ठीक वैसे ही जैसे फिनटेक ने बैंकिंग को और ई-कॉमर्स ने रिटेल बिज़नेस को बदल दिया था।

आगमन भाटिया, को-फाउंडर और चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर (सीपीओ), डोरिट और केएस भाटिया, को-फाउंडर और सीईओ, डोरिट ने चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने विस्तार के एक नए फेज और टेक्निकल डेवलपमेंट की घोषणा करने के साथ-साथ यह जानकारी भी साझा की कि डोरिट किस तरह रियल एस्टेट क्षेत्र में क्रांति ला रहा है। गौरतलब है कि आगमन भाटिया, के.एस. भाटिया के बेटे हैं। के.एस. भाटिया चंडीगढ़ कैपिटल रीजन के एक ऐसे सफल उद्यमी हैं, जिन्होंने एक दशक पहले 'पम्पकार्ट' के ज़रिए पम्प इंडस्ट्री में क्रांति ला दी थी। आगमन और के एस भाटिया ने डोरिट के एक्सपीरियंस सेंटर्स के विस्तार को लेकर भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की। डोरिट के इस नए इनोवेशन के बारे में बात करते हुए आगमन भाटिया ने कहा कि 'डोरिट का लक्ष्य ग्राहकों के दरवाज़े तक वर्चुअल अनुभव पहुंचाना है। कोई भी संभावित ग्राहक डोरिट ऐप के ज़रिए अपने घर बैठे ही, बिल्कुल मुफ़्त में, किसी भी प्रॉपर्टी की वर्चुअल बुकिंग कर सकता है। इसके बाद, कंपनी का एक प्रतिनिधि (पार्टनर) एक 'मेटा हेडसेट' लेकर ग्राहक के पास जाता है और उस हेडसेट के ज़रिए ग्राहक को उनकी पसंद के क्षेत्र या शहर में मौजूद कई प्रॉपर्टीज़ का वर्चुअल अनुभव कराता है।'

आगमन ने बताया कि 'ग्राहक एआई से बात कर सकते हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी कोई भी जानकारी पूछ सकते हैं, जैसे कमरों का साइज़, फ़्लैट की उपलब्धता, सुविधाएं, आस-पास के इलाके, प्रॉपर्टी की कीमत में बढ़ोतरी, एक्यूआई, आस-पास के स्कूल आदि के बारे में कुछ भी। संभावित ग्राहक ऐप में दिए गए तुलना चार्ट के ज़रिए वर्चुअल टूर करके प्रॉपर्टीज़ की तुलना कर सकते हैं। इसके बाद, एआई का ओओआरए (ऊरा) ग्राहक के लिए साइट विज़िट का प्लान बनाता है और गूगल मैप पर वह प्लान शेयर करता है। इस तरह, गूगल मैप की मदद से ग्राहक कुछ ही दिनों में 5-7 प्रॉपर्टीज़ देख लेते हैं और डील पक्की कर लेते हैं; ऐसा करने में आमतौर पर 2-3 महीने लग जाते थे। इस बीच, दोनों ने एआई की नई और बेहतर क्षमताओं को पेश किया और डोरिट के एक्सपीरियंस सेंटर्स के विस्तार का ऐलान किया। डोरिट का पहला एक्सपीरियंस सेंटर जून में नोएडा में शुरू होने वाला है, और उत्तरी भारत में विस्तार के पहले चरण में चंडीगढ़, शिमला और गुड़गांव शामिल हैं।

केएस भाटिया ने बताया कि 'ये सेंटरएआई, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) की मदद से प्रॉपर्टी को बड़े पैमाने पर और पूरी तरह से देखने का अनुभव देंगे।

# पंजाब में निकाय चुनाव का ऐलान, आठ निगमों, 76 परिषदों व 21 नगर पंचायतों में 26 मई को मतदान

अनंत ज्ञान

◆ **कल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, 16 मई अंतिम तिथि तय**

**चंडीगढ़।** पंजाब में स्थानीय निकाय चुनावों का ऐलान हो गया है। राज्य चुनाव आयोग ने राज्य में 8 नगर निगमों, 76 नगर परिषदों और 21 नगर पंचायतों (कुल 105) के सदस्यों के आम चुनाव करवाने के लिए सोमवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में चुनाव कार्यक्रम जारी किया। कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 13 मई (बुधवार) को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 16 मई (शनिवार) होगी। ये नामांकन नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालयों में दाखिल किए जाएंगे।

नामांकन पत्रों की जांच 18 मई (सोमवार) को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 19 मई (मंगलवार) दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है। सभी नामांकन पत्रों के साथ शपथ पत्र संलग्न होना अनिवार्य होगा तथा यदि किसी उम्मीदवार को किसी राजनीतिक दल ने प्रायोजित किया है, तो संबंधित राजनीतिक दल का प्राधिकरण पत्र भी साथ देना होगा। उम्मीदवारों के केवाईसी विवरण जिलों की वेबसाइटों पर अपलोड किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि चुनाव 26 मई (मंगलवार) को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक करवाए जाएंगे। मतदान के बाद मतों की गिनती 29 मई (शुक्रवार) को मतगणना केंद्रों में की जाएगी। पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या 36,72,932 है, जिनमें 18,98,990 पुरुष, 17,73,716 महिलाएं और 226 अन्य मतदाता शामिल हैं। इन चुनावों के लिए जिलों में 3977 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। नगर निगम के उम्मीदवार के लिए आयोग ने निर्धारित खर्च सीमा 4,00,000 रुपये रखी है, जबकि नगर परिषद वर्ग-I के लिए 3,60,000 रुपये, वर्ग-II के लिए 2,30,000 रुपये, वर्ग-III के लिए 2,00,000 रुपये तथा नगर पंचायत के लिए 1,40,000 रुपये निर्धारित किए गए हैं। चुनाव ड्यूटी पर लगभग 36,000 चुनाव कर्मचारी तथा 35,500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। प्रत्येक जिले में आईएएस/पीसीएस अधिकारियों को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाएगा ताकि निष्पक्ष निगरानी सुनिश्चित की जा सके। जिला मजिस्ट्रेट की समग्र निगरानी में जिला सुरक्षा योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि आयोग ने चुनावों को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सभी नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के उन क्षेत्रों में जहां चुनाव होने जा रहे हैं, आदर्श चुनाव आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। यह आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक लागू रहेगी।

# स्पोर्ट्स



## स्पोर्ट्स विंडो

### मैरी लुईस एटा बुंडेसलिगा मैच जीतने वाली पहली महिला मुख्य कोच बनीं

**एजेंसी, बर्लिन।** मैरी लुईस एटा जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा में यूनियन बर्लिन की मेंज के खिलाफ 3-1 की जीत के साथ यूरोपीय फुटबॉल की शीर्ष पांच पुरुष लीग में मैच जीतने वाली पहली महिला मुख्य कोच बन गईं। अंतरिम कोच के रूप में अपने पांच मैचों के कार्यकाल के चौथे मैच में एटा ने अपनी पहली जीत का जमकर जश्न मनाया। उन्होंने कहा, ''जीत से खुशी मिलती है। आप मैच जीतना चाहते हैं। आज की जीत से मैं बहुत खुश हूं। हमने जिस तरह से जीत हासिल की वह शानदार था।'' यह मार्च के बाद यूनियन की यह पहली जीत थी। पिछले महीने क्लब ने स्टेफेन बॉमगार्ट को बर्खास्त करके उनकी जगह एटा को मुख्य कोच नियुक्त किया था। उनके कोच बनने के बाद टीम ने एक मैच ड्रॉ खेला था जबकि दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

### गोंडा पहुंची पहलवान विनेश फोगाट डब्ल्यूएफआई ने जवाब को बताया अधूरा

**एजेंसी, गोंडा।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट सोमवार को गोंडा पहुंचीं और उन्होंने कहा कि वह संन्यास के बाद वापसी के नियमों के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्र हैं। उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए दावा किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संस्था को अपनी वापसी की जानकारी पहले ही दे दी थी, इसलिए नियमों की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। हालांकि भारतीय कुश्ती महासंघ ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि उनका जवाब अधूरा है। महासंघ के अनुसार विनेश ने केवल पात्रता से जुड़े मुद्दों पर जवाब दिया है, जबकि उन पर लगे अनुशासनहीनता और नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया है। डब्ल्यूएफआई ने दोहराया कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक उन्हें किसी भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
साइ ने बीएफआई की अनियमितताएं गिनाई, मूल्यांकन शिविर निलंबित किया

### साइ ने बीएफआई की अनियमितताएं गिनाई, मूल्यांकन शिविर निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने पटियाला में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) का मूल्यांकन शिविर 'अनियमितताओं' के कारण निलंबित कर दिया है, लेकिन अगर महासंघ अपनी 'अपारदर्शी' चयन प्रक्रिया में सुधार करता है और कोच के चयन के मानदंडों पर 'वैध सवालों' का जवाब देता है तो वह इसे फिर से शुरू करने की अनुमति देने के लिए तैयार है। साइ के एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बीएफआई से मुक्केबाजों और कोच की चयन नीति में अनियमितताओं के संबंध में कुछ सवाल किए गए थे लेकिन उसने इनका जवाब नहीं दिया। इसके बाद रविवार की शाम को निलंबन का आदेश जारी किया गया। साइ ने कहा कि जो मुक्केबाज और कोच बीएफआई की नीति से प्रभावित हुए हैं उन्होंने कई तरह की शिकायत की हैं तथा महासंघ ने इस पर कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया है। सूत्र ने कहा, ''हमारे पास कई शिकायतें आई हैं, जिनमें मुक्केबाजों ने बताया है कि इस मूल्यांकन शिविर में नतीजे तुरंत जारी नहीं किए जाएंगे। इसके बजाय बीएफआई की तथाकथित उच्च प्रदर्शन इकाई (एचपीयू) चयन समिति के साथ चर्चा करने के बाद खिलाड़ियों का चयन करेगी।

### स्टाइलिश फुटबॉलर जॉर्डिन पामेला

जॉर्डिन पामेला हुइटेमा एक कनाडाई पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हैं। हुइतेमा ने 15 साल की उम्र में सीनियर राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया और 16 साल की उम्र में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया, जिससे उन्हें भविष्य की संभावित स्टार के रूप में सुर्खियां मिलीं।



## आईपीएल सनराइजर्स हैदराबाद व गुजरात टाइटंस के बीच अहम मुकाबला आज

# जीत से प्लेऑफ की राह होगी आसान

**एजेंसी, अहमदाबाद**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अब जबकि अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है तब दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद और तीसरे स्थान की टीम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है जो प्लेऑफ की दौड़ को ध्यान में रखते हुए दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने सत्र की खराब शुरुआत से उबरते हुए कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की हैं। इनमें पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की जीत भी शामिल है, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत से गुजरात की स्थिति थोड़ी बेहतर नजर आ रही है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स और टाइटंस सभी के समान 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट प्लेऑफ की दौड़ में निर्णायक कारक बन सकता है।

सनराइजर्स ने सही समय पर अपनी लय हासिल कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में पर 33 रन की जीत में उसने अपनी बल्लेबाजी ताकत का शानदार नमूना पेश किया। उसने इस मैच में चार विकेट पर 235 रन बनाए लेकिन प्लेऑफ की दौड़ काफी कड़ी है और इसलिए वह किसी तरह के मुगालते में नहीं रह सकता। जहां तक टाइटंस का सवाल है तो उसकी टीम बेहद संतुलित है। उसकी बल्लेबाजी कप्तान गिल और साई सुदर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है। इन दोनों ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है और पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। जोस बटलर और वाशिंगटन सुंदर बीच के ओवरों में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। इससे उसकी टीम बड़ा स्कोर बनाने या बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफल रही है।

टाइटंस की गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है, जिसमें मोहम्मद सिराज और कैगिसो रबाडा की तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के साथ-साथ राशिद खान का नियंत्रण और बीच के ओवरों में मैच का रुख बदलने वाली गेंदबाजी का शानदार संयोजन है। सनराइजर्स ने एक बार फिर से अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उसके चोटी के चार बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन ने लगातार आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण उसने इस सत्र में लगातार 200 से अधिक रन बनाए हैं। टाइटंस के गेंदबाजों के लिए सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा।

सनराइजर्स का गेंदबाजी आक्रमण भी कप्तान पैट कमिंस के आक्रामक दृष्टिकोण पर केंद्रित है, जो चोट के कारण सत्र के शुरू में नहीं खेल पाए थे। उनकी वापसी से सनराइजर्स के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। लगभग हर मैच में उन्होंने महत्वपूर्ण विकेट लेकर या अनुशासित गेंदबाजी से रन प्रवाह रोककर अपना प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने अब तक 16 विकेट लिए हैं। सनराइजर्स की फील्डिंग भी बहुत अच्छी नहीं रही है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, अरशद खान, अशोक शर्मा, जोस बटलर, कॉनर एस्टरहुइज़न, गुरनूर बरार, जेसन होल्डर, कुलवंत खेजरोलिया, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, ग्लेन फिलिप्स, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, राशिद खान, साई किशोर, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, इशांत शर्मा, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, ल्यूक वुड, जयन्त यादव।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, आरएस अंबरीश, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, गेराल्ड कोएत्जी, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, कामिंडु मेंडिस, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, साकिब हुसैन, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरन, ओंकार तरमाले, जयदेव। उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

## धर्मशाला में दिल्ली के खिलाफ पंजाब की अक्रामक बल्लेबाजी



**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के धर्मशाला स्थित दुनिया के खूबसूरत क्रिकेट गाउंड में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।

दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया जो उसके लिए ज्यादा फायदेमंद साबित नहीं हुआ। पंजाब टीम ने अपने होम गाउंड पर बेहतरीन और सधी हुई आकर्षक बल्लेबाजी की। समाचार लिखे जाने तक पंजाब ने 14 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 140 रन बना लिए थे। दिल्ली के गेंदबाजों को जल्दी जल्दी विकेट नहीं मिले, जिसकी वजह से पंजाब की टीम बड़े स्कोर की ओर अग्रसर थी। माधव ने प्रियांश को 56 रन के स्कोर पर आउट किया। इससे पहले ओपनर प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली क्रीज पर डटे हुए थे। श्रेयस 42 रन पर खेल रहे थे, जबकि कूपर 33 रन पर डटे हुए थे।

रविवार रात हुई बारिश के बाद धर्मशाला की ठंडी वादियों में क्रिकेट प्रेमियों ने मैच का भरपूर लुत्फ उठाया। पंजाब पिछले तीन मैच लगातार हारा है। वहीं दिल्ली की टीम भी अपना पिछला मैच अपने ही घर पर कोलकाता से हार कर धर्मशाला पंहुची है। ऐसे में इस मैच में जीत हासिल करना दोनों टीमों के लिए अहम है। दिल्ली ने प्लेइंग-11 में पांच बदलाव किए हैं। वहीं, पंजाब के लिए बेन ड्वारशुइस डेब्यू किया।

## बहस करना पड़ा भारी, आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आचार संहिता उल्लंघन के चलते जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार एंडी फ्लावर ने खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनाई गई आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन किया। इस कारण उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। फ्लावर पर आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के उल्लंघन का आरोप लगा, जो मैच के दौरान आपत्तिजनक या अशोभनीय भाषा के इस्तेमाल से संबंधित है। यह घटना मैच के 17.2 ओवर के दौरान हुई, जब एंडी फ्लावर चौथे अंपायर के साथ आक्रामक अंदाज में बातचीत करते नजर आए। मैच रेफरी अमित शर्मा ने मामले की सुनवाई के बाद एंडी फ्लावर को दोषी पाया। आरसीबी के मुख्य कोच ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और उन पर लगाए गए जुर्माने को मान लिया।

गौरतलब है कि रायपुर में खेले गए इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आखिरी गेंद पर मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हराकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया था। मुकाबले का अंत बेहद तनावपूर्ण रहा, जिसके दौरान मैदान पर दबाव और भावनाएं साफ नजर आईं। (अनंत ज्ञान)

## पैरा आर्म रेसलिंग की पैरालंपिक में एंट्री की राह साफ

### ब्रिस्बेन 2032 के लिए पूरा हुआ अंतरराष्ट्रीय मानक, भारतीय पैरा खिलाड़ियों के लिए बढ़ीं उम्मीदें

**एजेंसी, मुंबई**



पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पाफी) और प्रो पंजा लीग ने सोमवार को बड़ी खुशी जताते हुए बताया कि पैरा आर्मरेसलिंग ने ब्रिस्बेन 2032 पैरालंपिक खेलों में शामिल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति द्वारा तय वैश्विक भागीदारी मानक को पूरा कर लिया है। विश्व आर्मरेसलिंग महासंघ की ओर से अतिरिक्त भागीदारी आंकड़े जमा किए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति ने पुष्टि की कि अब पैरा आर्मरेसलिंग में 32 से अधिक देशों की नियमित और व्यापक भागीदारी हो चुकी है। यह उपलब्धि इस खेल को भविष्य में पैरालंपिक में शामिल किए जाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

इस खबर को भारत के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि देश में पैरा आर्मरेसलिंग खिलाड़ियों की मजबूत और तेजी से उभरती प्रतिभा मौजूद है। पिछले कुछ वर्षों में पाफी और प्रो पंजा लीग ने पैरा खिलाड़ियों के लिए पेशेवर मंच तैयार करने की दिशा में लगातार काम किया है।

प्रो पंजा लीग के दोनों सत्रों और देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित मेगा मुकाबलों में पैरा आर्मरेसलिंग वर्ग को विशेष स्थान दिया गया। इसके जरिए चंदन कुमार बेहरा, बुट्टा सिंह, श्रीनिवास बीवी, मोहन शर्मा और अरविंद रजक जैसे कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला।

प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परवीन डबास ने कहा, 'यह केवल वैश्विक आर्मरेसलिंग ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी ऐतिहासिक क्षण है। हमने प्रो पंजा लीग और देशभर में आयोजित मेगा मुकाबलों के जरिए पैरा वर्ग में शानदार प्रतिभाएं देखी हैं। शुरू से ही हमारा मानना रहा कि पैरा आर्मरेसलिंग को समान पहचान और अवसर मिलना चाहिए, इसलिए हमने इसे हर सत्र में शामिल किया। यदि यह खेल ब्रिस्बेन 2032 पैरालंपिक का हिस्सा बनता है, तो भारत के पास कई पदक जीतने का मजबूत मौका होगा। पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष और एशियाई आर्मरेसलिंग महासंघ की उपाध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने कहा, 'भारत हमेशा से पैरा खेल प्रतिभाओं का केंद्र रहा है और आर्मरेसलिंग भी इससे अलग नहीं है। देशभर के पैरा खिलाड़ियों से हमें शानदार प्रतिक्रिया मिली है। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति की यह मान्यता खेल के वैश्विक विकास को दर्शाती है और हमें भारत में पैरा खिलाड़ियों के लिए और अवसर तैयार करने की प्रेरणा देती है। हमें विश्वास है कि सही समर्थन और मंच मिलने पर भारतीय खिलाड़ी विश्व चैंपियन बन सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड की नई टी20 लीग 'एनजेड20' की शुरुआत टली

### टेस्ट सीरीज के व्यस्त कार्यक्रम के चलते अब दिसंबर 2027 में होगा शुभारंभ

**एजेंसी, वेलिंगटन**




न्यूजीलैंड क्रिकेट की नई पुरुष और महिला टी20 लीग 'एनजेड20' की शुरुआत को आगे बढ़ा दिया गया है। पहले इस लीग की शुरुआत जनवरी 2027 में प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसके दिसंबर 2027 में शुरू होने की संभावना है।

सोमवार को जारी बयान में न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि लीग की स्थापना और लाइसेंस प्रक्रिया को लेकर सभी पक्षों के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही है। हालांकि, बोर्ड ने माना कि प्रतियोगिता को मजबूत और सफल बनाने के लिए अभी और समय की जरूरत है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड की अध्यक्ष डायना पुकेतापु-लिंडन ने कहा, 'हम चाहते हैं कि न्यूजीलैंड में घरेलू टी20 क्रिकेट का भविष्य टिकाऊ, प्रतिस्पर्धी और वैश्विक क्रिकेट के अनुरूप हो। एनजेड20 के साथ हमारी बातचीत सकारात्मक रही है, लेकिन लीग को दीर्घकालिक सफलता दिलाने के लिए अतिरिक्त समय जरूरी है। उन्होंने बताया कि जनवरी और फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ पहले से तय टेस्ट श्रृंखलाओं के कारण कार्यक्रम काफी व्यस्त है, जिससे लीग के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा था। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया कि 2026-27 सीजन में सुपर स्मैश प्रतियोगिता जारी रहेगी। साथ ही भारत और श्रीलंका की पुरुष टीमों तथा बांग्लादेश महिला टीम के न्यूजीलैंड दौरे भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे। एनजेड20 स्थापना समिति के अध्यक्ष डॉन मैकिनन ने कहा कि लीग को जल्दबाजी में शुरू करने के बजाय विश्वस्तरीय बनाना प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि एनजेड20 बिना किसी समझौते के शुरू हो और पहले दिन से ही दीर्घकालिक सफलता के लिए तैयार हो। यह भी जरूरी है कि यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ तालमेल में चले, न कि उसके खिलाफ।' मैकिनन ने बताया कि न्यूजीलैंड और विदेशों से निवेशकों की रुचि लगातार बढ़ रही है। इसी कारण अब लीग के प्रमुख निवेश साझेदार और विभिन्न फ्रेंचाइजी के मालिकों के चयन के लिए प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त समय मिलने से फ्रेंचाइजी के शहरों और क्षेत्रीय पहचान को अंतिम रूप देने में मदद मिलेगी, ताकि लीग पूरे देश में मजबूत आधार बना सके। (अनंत ज्ञान)

## बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर जीता ला लीगा खिताब

**एजेंसी, बार्सिलोना**



बार्सिलोना ने रविवार रात खेले गए एल क्लासिको मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर ला लीगा 2025-26 का खिताब अपने नाम कर लिया। कैंप नोउ में खेले गए इस मुकाबले में बार्सिलोना ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और जीत के साथ अपना 29वां ला लीगा खिताब सुनिश्चित कर लिया।

हांसी फ्लिक की टीम अब 91 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से 14 अंक आगे निकल चुकी है। सीजन में अब केवल तीन मुकाबले बचे हैं, ऐसे में रियल के लिए बार्सिलोना को पकड़ पाना असंभव हो गया है। वहीं विलारियल 69 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मुकाबले की शुरुआत से ही बार्सिलोना आक्रामक नजर आया। नौवें मिनट में मार्कस रैशफोर्ड ने शानदार फ्री-किक गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। एंटोनियो रुडिगर द्वारा फेरान टोरेस पर बॉक्स के बाहर फाउल करने के बाद मिले मौके को रैशफोर्ड ने बेहतरीन तरीके से गोल में बदल दिया। इसके नौ मिनट बाद बार्सिलोना ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। फर्मिन लोपेज के क्रॉस पर दानी ओल्मो ने शानदार बैकहील पास दिया, जिस पर फेरान टोरेस ने जोरदार शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचा दिया। इस जीत के साथ हांसी फ्लिक ने लगातार दूसरा ला लीगा खिताब जीता। पिछले सीजन में भी उन्होंने बार्सिलोना को ला लीगा और कोपा डेल रे का दोहरा खिताब दिलाया था। दोनों टीमें कई प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से जूझ रही थीं। बार्सिलोना की शुरुआती एकादश में लामिन यामाल, राफिन्हा और जूल्स कुंडे शामिल नहीं थे। वहीं रियल मैड्रिड के कई अहम खिलाड़ी चोट और अन्य कारणों से बाहर रहे। (अनंत ज्ञान)

## हमने नहीं किया अच्छा प्रदर्शन : जयवर्धने

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली हार पर बोले मुंबई इंडियंस के कोच

**एजेंसी, रायपुर**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली दो विकेट की हार के बाद मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2026 में प्लेऑफ का सपना पूरी तरह टूट गया। पांच बार की चैंपियन टीम अब इस सीजन ट्रॉफी नहीं जीत पाएगी और उसके सामने अब आखिरी स्थान से बचने की चुनौती है।



मैच के बाद मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने हार स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी टीम पूरे सीजन में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्होंने माना कि टीम गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही।

जयवर्धने ने कहा, 'यह सीजन निराशाजनक रहा। हमारे पास मौके थे, लेकिन हम अच्छे नहीं थे। गेंद और बल्ले दोनों से निरंतरता की कमी साफ दिखाई दी। हम प्लेऑफ की दौड़ में बने रह सकते थे, लेकिन दो-तीन जीत हमसे छूट गईं।' उन्होंने कहा कि अभी पूरे सीजन का विश्लेषण करना मुश्किल है क्योंकि हार की निराशा काफी ताजा है, लेकिन इतना तय है कि टीम अपने कौशल और योजनाओं को सही तरीके से लागू नहीं कर पाई। आरसीबी के खिलाफ मुंबई इंडियंस की हार का सबसे बड़ा कारण आखिरी ओवर माना जा रहा है, जिसमें युवा ऑलराउंडर राज अंगद बावा को गेंद सौंपी गई। बावा अपने चार साल के आईपीएल करियर में पहली बार आखिरी ओवर फेंक रहे थे।

उन्होंने ओवर की शुरुआत वाइड और नो-बॉल से की। हालांकि तीसरी गेंद पर रोमारियो शेफर्ड का विकेट लेकर मैच में रोमांच जरूर पैदा किया, लेकिन फिर एक और वाइड डाल दी। इसके बाद भुवनेश्वर कुमार ने छक्का लगाकर बेंगलुरु को जीत दिला दी। इस फैसले पर जयवर्धने ने कहा, 'उस समय हमारे सभी प्रमुख गेंदबाज अपने ओवर पूरे कर चुके थे। हमारे पास अनुभवी विकल्प नहीं बचे थे। हमारे पास कुछ स्पिनर थे, लेकिन हमने राज अंगद बावा पर भरोसा जताया। अभ्यास में वह अच्छी यॉर्कर डालते हैं और दबाव में गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

उन्होंने माना कि दबाव में बावा से कुछ गलतियां हुईं, लेकिन टीम ने आखिर तक संघर्ष किया। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 166 रन बनाए। जयवर्धने का मानना है कि टीम 170 से 180 रन तक पहुंच सकती थी, लेकिन बीच के ओवरों में जल्दी विकेट गिरने से टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। उन्होंने कहा कि नमन धीर और तिलक वर्मा अच्छी साझेदारी कर रहे थे, लेकिन 14-15वें ओवर में विकेट गिरने से हमें नुकसान हुआ। (अनंत ज्ञान)

## घोषणा पाकिस्तान और बांग्लादेश दौरे के लिए टीमों का किया ऐलान, नए खिलाड़ियों को मिला मौका

# ऑस्ट्रेलिया ने चुनी युवा ब्रिगेड, मार्श होंगे कप्तान

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया ने मई-जून 2026 में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला और बांग्लादेश दौरे के लिए अपनी सीमित ओवरों की टीमों का ऐलान कर दिया है। टीम की कप्तानी मिशेल मार्श करेंगे। इस दौरे के लिए कई नए खिलाड़ियों को मौका मिला है, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को सभी टीमों से बाहर रखा गया है।

तेज गेंदबाज बिली स्टैनलेक और राइली मेरेडिथ की एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है। वहीं युवा खिलाड़ियों ओलिवर पीक, लियाम स्कॉट और जोएल डेविस को पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। पीक को केवल पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चुना गया है, जबकि स्कॉट को बांग्लादेश दौरे की एकदिवसीय टीम में भी जगह मिली है। डेविस को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 टीम में मौका मिला है। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खेल रहे ट्रैविस हेड, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट पाकिस्तान श्रृंखला के बाद बांग्लादेश दौरे के लिए टीम से जुड़ेंगे। ये खिलाड़ी क्रमशः ओलिवर पीक, बिली स्टैनलेक, राइली मेरेडिथ और मैट शॉर्ट की जगह लेंगे। गौरतलब है कि एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके ग्लेन मैक्सवेल को टी20 टीम में भी जगह नहीं मिली है। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि नए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका मिलते देखना हमेशा उत्साहजनक होता है। अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का यह मिश्रण उपमहाद्वीप के इन दौरों में टीम को संतुलन देगा। (अनंत ज्ञान)

**बांग्लादेश के खिलाफ टी20 टीम**

**मिशेल** मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, जोएल डेविस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मैथ्यू कुह्नेमैन, राइली मेरेडिथ, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ और एडम जाम्पा।



**पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय टीम**

**मिशेल** मार्श (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नेमैन, मार्नस लाबुशेन, राइली मेरेडिथ, ओलिवर पीक, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, मैट शॉर्ट, बिली स्टैनलेक और एडम जाम्पा।

**बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय टीम**

**मिशेल** मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नेमैन, मार्नस लाबुशेन, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट और एडम जाम्पा।